CMYK

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 21°C
तापमान

सेंसेक्स 80,334.81
निफ्टी 24,273.80

सोना 1,00,000
चांदी 99,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, शुक्रवार 9 मई 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 269 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 10 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**संरा महासभा अध्यक्ष ने भारत-पाक के बीच बढ़ती शत्रुता पर जताई चिंता**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**वरुण चक्रवर्ती पर बीसीसीआई ने लगाया 25 प्रतिशत जुर्माना**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## भाजपा सांसद दुबे की टिप्पणी गैरजिम्मेदाराना: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बयान को बेहद गैरजिम्मेदाराना बताया। साथ ही कहा कि ये बयानबाजी अपनी तरफ ध्यान खींचने के लिए की गई। सुप्रीम कोर्ट ने सख्त लहजे में ये भी कहा अदालतें फूलों की तरह इतनी नाजुक नहीं हैं कि ऐसे हास्यास्पद बयानों के सामने मुरझा जाएं। सांप्रदायिक नफरत फैलाने की किसी भी कोशिश, हेट स्पीच से लोहे के हाथों से निपटेंगे। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने निशिकांत दुबे के खिलाफ अवमानना याचिका खारिज कर दी। शीर्ष कोर्ट ने 5 मई को निशिकांत दुबे के खिलाफ अवमानना याचिका पर सुनवाई की थी। कहा था कि हम ही थे, जिन्होंने वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई की थी।

## सीजेआई ने जस्टिस वर्मा मामले में राष्ट्रपति व पीएम को भेजी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक पत्र लिखा है, जिसके साथ न्यायाधीशों की तीन सदस्यीय समिति की जांच रिपोर्ट और न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा से प्राप्त पत्र/प्रतिक्रिया प्रति संलग्न की गई है। उच्चतम न्यायालय की ओर से गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करके यह जानकारी दी गई। विज्ञप्ति के अनुसार कहा गया है कि भारत के मुख्य न्यायाधीश ने इन-हाउस प्रक्रिया के संदर्भ में भारत के माननीय राष्ट्रपति और भारत के माननीय प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है, जिसमें तीन सदस्यीय समिति की दिनांक 3-5-2025 की रिपोर्ट की प्रति और न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा से प्राप्त दिनांक 6-5-2025 का पत्र/प्रतिक्रिया संलग्न है।

## मालेगांव विस्फोट मामले में फैसला 31 जुलाई को

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने महाराष्ट्र में नासिक जिले के मालेगांव में हुए विस्फोटों के करीब 17 साल बाद गुरुवार को अपना फैसला आगामी 31 जुलाई तक टाल दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एके लाहोटी ने पहले फैसले के लिए गुरुवार का दिन मुकर्रर किया था, लेकिन न्यायिक प्रक्रिया के कारण उन्होंने इसे 31 जुलाई तक टाल दिया। इस मौके पर अदालत के समक्ष भाजपा की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर, पूर्व सैन्य खुफिया अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित (सेवानिवृत्त), मेजर रमेश उपाध्याय (सेवानिवृत्त), अजय राहिरकर, समीर कुलकर्णी, सुधाकर चतुर्वेदी और सुधाकर धर द्विवेदी सहित मुकदमे में नामजद सभी सात आरोपी उपस्थित हुए।

## माओवादियों के विस्फोट में तीन सुरक्षाकर्मी मारे गए

**मुलुगु।** तेलंगाना में वीरभद्रपुरम-पेरुर के जंगलों में गुरुवार को माओवादियों की ओर से किए गए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट में तीन सुरक्षाकर्मी मारे गए।

**जय हिंद**

## पाकिस्तान ने फिर मुंह की खाई, भारत ने किए सभी हमले नाकाम

# F 16 समेत तीन पाक लड़ाकू विमान मार गिराए

## लाहौर पर जवाबी हमला



**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच, भारतीय सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा कदम उठाया है। पाकिस्तान के लाहौर शहर में भारतीय सेना द्वारा जवाबी हमला किया गया है। इस हमले के बाद लाहौर में अचानक ब्लैकआउट घोषित कर दिया गया है। भारत ने पाकिस्तान के दो जेएफ-17 और एक एफ-16 लड़ाकू विमान को मार गिराया है। हालात बेहद तनावपूर्ण हैं और पूरे क्षेत्र में सेना और सुरक्षाबलों की गश्त बढ़ा दी गई है।

पाकिस्तान ने हाल ही में कटरा स्थित तीर्थ स्थल पर ड्रोन हमला करने की कोशिश की थी, लेकिन भारतीय रक्षा तंत्र ने इस हमले को नाकाम कर दिया। यह घटनाक्रम जम्मू-कश्मीर में बढ़ते तनाव को दर्शाता है, जहां पहले से ही कई सुरक्षा अलर्ट जारी हैं। इन हमलों के बाद, जम्मू और कश्मीर के साथ-साथ लेह में भी ब्लैकआउट लागू कर दिया गया है। लोग अपने घरों में रहकर सुरक्षा की दिशा में कदम उठा रहे हैं। भारत के रक्षा मंत्री ने नियंत्रण रेखा और सीमावर्ती क्षेत्रों की स्थिति की गहरी समीक्षा की है, ताकि किसी भी प्रकार की उकसावे की कार्रवाई का प्रभावी जवाब दिया जा सके। भारत सरकार ने राजस्थान में सभी सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं और सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा किया गया है। राज्य में सभी आवश्यक प्रशासनिक और सुरक्षात्मक उपाय किए जा रहे हैं, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। इससे पूर्व पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। सूत्रों का दावा है कि राजस्थान व जम्मू में भी धमाके की आवाज सुनी गई। वहां भारत ने पाकिस्तान के एफ-16 जेट को मार गिराया है। वहीं एक बार फिर पाकिस्तान ने जम्मू में ड्रोन और मिसाइल से हमला करने की कोशिश की, भारत ने आठ मिसाइल मार गिराई हैं। जम्मू के साथ ही पाकिस्तान की ओर से पठानकोट एयरबेस पर हमले की कोशिश की गई, जिसे भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया है। आरएसपुरा सेक्टर में पाकिस्तान की तरफ से भारी शेलिंग की जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कई जगह धमाके की आवाज आई है। भारत ने 24 घंटे से कम समय में पाकिस्तान को दूसरा सबक सिखाया है। जम्मू में ड्रोन देखे जाने के बाद लोगों को घरों में रहने की हिदायत दी गई है। धमाके की आवाज के बाद पूरे शहर में ब्लैकआउट है। जम्मू के साथ ही सांबा, आरएसपुरा, अखनूर में भी ब्लैकआउट है। जम्मू में अलर्ट जारी किया गया है।जम्मू शहर के आसपास लोगों ने दो ड्रोन आकाश में उड़ते हुए देखे। इस बीच जम्मू- कश्मीर के पूर्व डीजीपी एसपी वैद ने एक पोस्ट में कहा है कि जम्मू में पूरी तरह से ब्लैकआउट। जोरदार धमाके-बमबारी, गोलाबारी या मिसाइल हमले की आशंका। चिंता न करें। बहादुर भारतीय सशस्त्र बल हमारे साथ हैं। वहीं राजस्थान के बॉर्डर वाले जिलों में भी ब्लैकआउट कर दिया गया है। सरहदी राज्य पंजाब, जम्मू-कश्मीर और राजस्थान हाई अलर्ट पर हैं। इससे पहले पंजाब के गुरुदासपुर, राजस्थान के बाड़मेर, जैसलमेर और जोधपुर में रोजाना रात 9 बजे सुबह 5 बजे तक ब्लैकआउट रखने के आदेश दिए गए थे। इन शहरों के लिए स्थानीय प्रशासन ने गाइडलाइन जारी कर दी गई हैं। श्रीगंगानगर, बीकानेर में प्रशासन ने ड्रोन उड़ाने व आतिशबाजी पर अगले आदेश तक रोक रहेगी।

**पठानकोट एयरबेस पर हमले की कोशिश की गई, जिसे भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया**

## लाहौर की वायु रक्षा प्रणाली की ध्वस्त

**सेना के ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान की भारत के 15 शहरों में सैन्य ठिकानों को मिसाइल और ड्रोन से निशाना बनाने की कोशिश की नाकाम**

**अवंतीपोरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा और चंडीगढ़ समेत 15 सैन्य ठिकाने थे निशाने पर**

**भारतीय सुरक्षा बलों ने समानुपातिक जवाबी कार्रवाई में पाक में कई जगह पर वायु रक्षा प्रणाली और रडारों को निशाना बनाकर किया हमला : रक्षा मंत्रालय**

**नई दिल्ली।** भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए और हताश पाकिस्तान ने बुधवार रात जम्मू-कश्मीर से लेकर गुजरात तक कम से कम 15 शहरों में सैन्य ठिकानों को मिसाइल और ड्रोन से निशाना बनाने की कोशिश की, जिसे भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने रूस से मिल एस-400 डिफेंस सिस्टम के जरिये इस हमले को नाकाम कर दिया और जवाबी कार्रवाई में लाहौर की वायु रक्षा प्रणाली (एयर डिफेंस सिस्टम) ध्वस्त कर दी।

इसके लिए इजरायल से मिले हार्पी ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को यहां एक वक्तव्य जारी कर कहा कि सात और आठ मई की दरमियानी रात में पाकिस्तानी सेना ने उत्तरी एवं पश्चिमी भारत के अनेक सैन्य ठिकानों को मिसाइलों और ड्रोन से निशाना बनाने की कोशिश की, जिनमें अवंतीपोरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ, नाल, फलोदी, उत्तरलाई और भुज शामिल हैं। पाकिस्तानी मिसाइल और ड्रोन को भारत की एकीकृत वायु रक्षा प्रणालियों ने नष्ट कर दिया। मंत्रालय ने बताया कि गुरुवार सुबह भारतीय सुरक्षा बलों ने समानुपातिक जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान में कई जगह पर वायु रक्षा प्रणाली और रडारों को निशाना बनाकर हमला किया। इन हमलों में लाहौर की वायु रक्षा प्रणाली पूरी तरह से नष्ट हो गई है। पाकिस्तान की नष्ट की गई मिसाइलों और ड्रोन के मलबे को बरामद किया जा रहा है, जो पाकिस्तानी हमलों का प्रमाण है।



## सीमाओं पर एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम तैनात



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने पहले ही सीमाओं पर रूस से मिले एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम को तैनात कर रखा है, जैसे ही पाकिस्तान ने मिसाइलों से हमला किया, इस सिस्टम को एक्टिव कर दिया गया।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि पाकिस्तान के हमलों के बाद गुरुवार सुबह भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में कई स्थानों पर हार्पी ड्रोन से वहां के एयर डिफेंस रडार और सिस्टम को निशाना बनाया। भारत की कार्रवाई उसी क्षेत्र में, तेजी के साथ की गई है जैसी पाकिस्तान ने की थी। एस-400 एक एयर डिफेंस सिस्टम है। ये हवा में हो रहे अटैक को रोकता है। ये दुश्मन देशों के मिसाइल, ड्रोन, रॉकेट लॉन्चर और फाइटर जेट्स के हमले को रोकने में कारगर है। यह 600 किमी दूर टारगेट को ट्रैक कर लेता है। इसकी टारगेट हिट करने की रेंज 400 किमी है।

**600 किमी दूर टारगेट ट्रैक कर लेता है एस-400 सिस्टम**

## पाकिस्तान की जम्मू-कश्मीर में फायरिंग, अब तक 16 की मौत

**जम्मू-कश्मीर।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने गुरुवार को लगातार दूसरे दिन भी देर रात जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामूला, उरी और अखनूर में सीजफायर का उल्लंघन किया और गोलाबारी की।

विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि पुंछ में तीन महिलाओं और पांच बच्चों सहित अब तक 16 लोगों की जान चली गई है। जबकि 59 लोग घायल हुए हैं। पुंछ में फायरिंग में लांस नायक दिनेश कुमार (32) शहीद हो गए। वे हरियाणा के पलवल के रहने वाले थे। सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने लांस नायक दिनेश कुमार को श्रद्धांजलि दी।

## जयशंकर ने की ईरान व सऊदी अरब के मंत्रियों से किया मशविरा





**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची और सऊदी अरब के विदेश राज्य मंत्री अदेल अलजुबेर के साथ गुरुवार को यहां मुलाकात की और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारत के दृष्टिकोण से परिचित कराया और कहा कि भारत इसे आगे नहीं बढ़ाना चाहता है, लेकिन यदि हम पर हमला हुआ, तो उसका बहुत सख्त जवाब दिया जाएगा।

ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची भी भारत आए हैं और गुरुवार दोपहर विदेश मंत्री डा. जयशंकर ने भारत-ईरान संयुक्त आयोग की 20वीं बैठक में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत का पक्ष रखा। डा. जयशंकर ने कहा कि आप ऐसे समय में भारत आ रहे हैं, जब हम 22 अप्रैल को भारतीय केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में एक विशेष रूप से बर्बर आतंकवादी हमले का जवाब दे रहे हैं। इस हमले ने हमें 7 मई को सीमा पार आतंकवादी ढांचे पर हमला करके जवाब देने के लिए मजबूर किया।

**अगर पाक ने भारत पर हमला किया, तो देंगे सख्त जवाब: जयशंकर**

## भारत-पाक के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के बीच हुई बातचीत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इशाक डार ने दावा किया है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान और भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के बीच बातचीत हुई है।

एक न्यूज एजेंसी के अनुसार श्री डार ने यहां कहा कि पाकिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार असीम मलिक और भारत में उनके समकक्ष अजीत डोभाल के बीच संपर्क हुआ है। उन्होंने हालांकि इस बाबत कोई ब्योरा नहीं दिया। पाकिस्तान ने हाल ही में खुफिया आईएसआई के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल असीम मलिक को नया राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया है। भारत ने हालांकि इस दावे की पुष्टि नहीं की है। इससे पहले श्री डार ने पाकिस्तान नेशनल असेंबली भवन में कहा कि पाकिस्तान ने स्पष्ट रूप से प्रतिबद्धता व्यक्त की है कि वह आक्रामकता शुरू नहीं करेगा। पाकिस्तान का यह बयान बुधवार की सुबह भारत द्वारा आतंकवादी शिविरों पर सीमा पार से किए गए हमलों के बाद आया है। यह हमला पहलगाम आतंकवादी हमले का बदला लेने के लिए किया गया था, जिसमें 26 पर्यटक मारे गए थे। इस बीच, श्री डार ने यह भी दावा किया कि भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तानी और भारतीय लड़ाकू विमानों के बीच 'एक घंटे का द्वंद्व' हुआ था, लेकिन इस दावे का भी भारत ने समर्थन नहीं किया है।

**भारत ने दावे की पुष्टि नहीं की**

## ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी: रक्षा मंत्री

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। यानी 7 मई को पाकिस्तान के 9 ठिकानों पर हुए एयर स्ट्राइक के बाद भी ऑपरेशन रोका नहीं गया है।

रक्षा मंत्री ने ये बातें दिल्ली के पार्लियामेंट एनेक्सी में बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में कहीं। करीब डेढ़ घंटे चली बैठक से बाहर आने के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने भी रक्षा मंत्री के बयान को दोहराया। ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देने के लिए बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल हुए। सूत्रों के मुताबिक बैठक में बताया गया कि ऑपरेशन सिंदूर में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं। ऑपरेशन जारी है, इसलिए सटीक संख्या बताना मुश्किल है। पाकिस्तान ने उकसाया तो फिर कार्रवाई करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने कहा कि संकट में हम देश और सरकार के साथ हैं। सरकार की कोई आलोचना नहीं करनी है। हमने सरकार को अपना पूरा समर्थन दिया है।

**सर्वदलीय बैठक में सरकार को मिला सभी दलों का साथ, राहुल ने कहा: सरकार को फुल सपोर्ट**

## 8 राज्यों के 28 एयरपोर्ट्स बंद, 430 फ्लाइट्स प्रभावित

### हरियाणा, पंजाब और राजस्थान में अलर्ट, स्कूल बंद, छुट्टियां रद्द

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक के बाद केंद्र ने 8 राज्यों के 28 एयरपोर्ट्स 9 मई (आज) तक बंद कर दिए हैं। ये राज्य- जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश हैं। बड़े एयरपोर्ट्स में श्रीनगर, जम्मू, लेह, चंडीगढ़, जोधपुर, राजकोट, धर्मशाला, अमृतसर, भुज और जामनगर शामिल हैं।

ये पाकिस्तान बॉर्डर से लगे हुए हैं। मप्र के ग्वालियर और उत्तर प्रदेश के हिंडन एयरपोर्ट के ऑपरेशन भी बंद हैं। एयर इंडिया, इंडिगो, एयर इंडिया एक्सप्रेस, स्पाइसजेट, अकासा एयर और कुछ विदेशी एयरलाइंस ने गुरुवार को 430 फ्लाइट्स कैंसिल कर दिए। ये देश की डेली फ्लाइट्स का 3 फीसदी है। पाकिस्तान में भी 147 फ्लाइट्स कैंसिल हैं, जो डेली फ्लाइट्स का



17 फीसदी है। जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान में हाई अलर्ट है। दोनों राज्यों के बॉर्डर इलाकों में स्कूल बंद कर दिए गए हैं। पुलिस, प्रशासनिक और हेल्थ विभाग के अधिकारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारत ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। इसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे।

## गलत, फर्जी सूचनाओं के प्रवाह को रोकने के लिए मोदी ने की सचिवों से चर्चा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने गुरुवार को राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित हाल के घटनाक्रमों के मद्देनजर राष्ट्रीय तैयारियों और अंतर-मंत्रालयी समन्वय मजबूत करने के लिए विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के सचिवों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की, जिसमें देश में गलत एवं फर्जी सूचनाओं के प्रवाह पर रोक लगाने को लेकर विशेष रूप से चर्चा हुई।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार श्री मोदी ने परिचालन निरंतरता और संस्थागत लचीलेपन को बनाए रखने के लिए मंत्रालयों और एजेंसियों के बीच निर्बाध समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने मौजूदा स्थिति में किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए मंत्रालयों द्वारा की गई योजना और तैयारी की समीक्षा की। बैठक के दौरान कई मुद्दों पर चर्चा की गई। इनमें नागरिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत करना, गलत सूचना और फर्जी खबरों का मुकाबला करने के प्रयास और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल है। मंत्रालयों को राज्य के अधिकारियों और जमीनी स्तर के संस्थानों के साथ घनिष्ठ समन्वय बनाए रखने की भी सलाह दी गई।

## उत्तरकाशी में हेलीकॉप्टर क्रैश, छह श्रद्धालुओं की मौत, एक घायल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून की सहस्त्रधारा हेलीपैड से हर्षिल-गंगोत्री जा रहा एक हेलीकॉप्टर गुरुवार की सुबह उत्तरकाशी जिले के गंगनानी क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हेलीकॉप्टर में सात लोग सवार थे, जिनमें से छह की मौके पर ही मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल है।

हादसे में सभी मृतक श्रद्धालुओं और घायल की पहचान हो गई है। मृतकों में तीन महाराष्ट्र के अलावा एक-एक गुजरात, आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश के श्रद्धालु हैं। जबकि आंध्र प्रदेश का एक श्रद्धालु घायल है। घटना सुबह करीब 8:30 बजे की है। हेलीकॉप्टर ने सहस्त्रधारा से खरसाली हेलीपैड के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन उत्तरकाशी के गंगनानी क्षेत्र में 200 से 250 मीटर गहरी खाई में गिरकर क्रैश हो गया। बताया जा रहा है कि -शेष पृष्ठ दो पर



### हादसे पर धामी ने जताया शोक, जांच के आदेश

**देहरादून।** उत्तरकाशी के गंगनानी के समीप हेलीकॉप्टर क्रैश में कुछ लोगों की मृत्यु पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने प्रशासन को घायलों को हर संभव सहायता पहुंचाने और हादसे की जांच के निर्देश दिए हैं। राहत एवं बचाव कार्य के लिए एसडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीमें तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गई हैं।

# डीएम ने किया औचक निरीक्षण

## लाइब्रेरी में अध्ययन करते मिले पांच युवा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** डीएम श्रीमती जसजीत कौर ने आज दोपहर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, पॉलिटेक्निक, सीतापुर नेत्र चिकित्सालय तथा दुष्यंत पुस्तकाल का औचक निरीक्षण किया।





प्राप्त समाचार के अनुसार डीएम श्रीमती जसजीत कौर द्वारा आज दोपहर औचक रूप से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, पॉलिटेक्निक, सीतापुर नेत्र चिकित्सालय तथा दुष्यंत पुस्तकालय का निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम डीएम द्वारा बीएसए कार्यालय परिसर में स्थित पुस्तकालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय पांच युवा लाइब्रेरी में अध्यन करते हुए पाए गए। पुस्तकालय में बैठने की अपेक्षित जगह न होने के कारण उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि अनावश्यक अलमारी और अनावश्यक पुस्तकों को वहां से हटाए तथा उसके स्थान पर बैठने की व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उन्होंने लाइब्रेरी में पुस्तकों की जानकारी भी प्राप्त की और कंपटीशन आधारित पुस्तकों को भी पुस्तकालय में उपलब्ध करने के निर्देश दिए। डीएम द्वारा जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कमरों में मकड़ी के जाले, जर्जर फर्श और भारी गंदगी पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि तत्काल सफाई की व्यवस्था दुरुस्त कराते उसे नियमित रखें और साथ ही जर्जर फर्श की मरम्मत और सफाई करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि बेसिक शिक्षा कार्यालय में खाली कमरे को अतिरिक्त लाइब्रेरी कक्ष के रूप में नियोजित करें ताकि उसका सदुपयोग हो सके।

पॉलिटेक्निक कॉलेज का निरीक्षण के दौरान सत्र पूरा होने के कारण कॉलेज में बच्चे नहीं पाए गए। परंतु सभी व्यवस्थाएं कंप्यूटर कक्ष, कार्यशाला आदि सुव्यवस्थित पाए जाने पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। खाली कक्षाओं में एलईडी पाए जाने पर उन्होंने अपने सामने एलईडी संचालन कराया, जो सुचारू रूप से क्रियाशील पाई गई। उन्होंने कॉलेज के प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ करें और नियमित रूप से कॉलेज एवं परिसर को स्वच्छ रखें। डीएम श्रीमती जसजीत कौर ने दुष्यंत लाइब्रेरी का निरीक्षण करते हुए वहां अध्ययन कर रहे बच्चों से बातचीत की और किताबों की उपलब्धता के बारे में पूछा। पुस्तकालय में पुरानी किताबें पाए जाने पर उन्होंने निर्देश दिए कि उनके स्थान पर नई पुस्तक जिनमें कंपटीशन से संबंधित पुस्तक भी शामिल हों, उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान पुस्तकालय के तीनों कक्षों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त पाई गई।


डीएम ने सीतापुर नेत्र चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान वहां मौजूद चिकित्सक एवं कर्मचारियों से मरीज को दवाइयां की उपलब्धता एवं अन्य संबंधित जानकारी प्राप्त की और ओपीडी रजिस्टर आदि को भी चेक किया गया। सभी अभिलेख अद्यतन पाए गए। सीतापुर नेत्र चिकित्सालय परिसर में होम्योपैथिक डिस्पेंसरी के निरीक्षण के दौरान भी सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गईं। जिलाधिकारी द्वारा इससे पूर्व इंदिरा बल भवन में रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान आयोजित दिव्यांगजनों को नि:शुल्क उपकरण वितरित करने के लिए आयोजित पंजीकरण कैंप का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि पात्रता के आधार पर सभी दिव्यांगजनों को नि:शुल्क उपकरण उपलब्ध कराने के लिए अधिक से अधिक पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी योगेंद्र सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव, नायब तहसीलदार मौहम्मद फैसल आदि मौजूद थे।

## जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने मांगे आवेदन

**बिजनौर।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कुंवर सेन ने मुख्य कार्यपालक अधिकारी लखनऊ के पत्र के हवाले से जानकारी देते हुए बताया कि उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ती बेरोजगारी का समाधान करने के लिए खादी नीति के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जनपद को दस दोना पत्तल मेकिंग मशीन वितरण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसके सापेक्ष जनपद में दोना पत्तल कार्य में लगे परम्परागत आवेदक आवश्यक प्रपत्रों के साथ विभागीय वेवसाईट upkvib.gov.in की ऑनलाईन सेवाओं के अन्तर्गत ऑनलाईन टूलकिट्स पंजीकरण एवं आवंटन में आवेदन कर सकते हैं। आवेदक 15 मई, 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन करने के लिए आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, फोटो, राशन कार्ड, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र आदि आवश्यक प्रपत्र: हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अधिक जानकारी के लिए जिला ग्रामोद्योग कार्यालय बिजनौर के संपर्क सूत्र 9412657090, 9411044303, 7408410821 पर संपर्क कर सकते हैं। आवेदन विभागीय वेवसाईट की ऑनलाईन सेवाओं के अन्तर्गत कर सकते हैं।

## एक नजर

### दिशा में अलीशा रही प्रथम स्थान पर



**धामपुर।** दिशा ग्रुप आफॅ इंस्टीटयूशन्स् के बीसीए तृतीय सेमेस्टर (द्वितीय वर्ष) का परीक्षाफल रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा घोषित किया गया। जिसमें छात्रा अलीशा रानी पुत्री सलीम अहमद को 78 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए और इंस्टीट्यूट में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इलमा अल्फरीन पुत्री मौ. शहजाद 77 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान पर रहीं एवं हंशिका रूहेला पुत्री सुरेश कुमार 74 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहीं। संस्थान के महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल, रजिस्ट्रार राजीव कुमार, अकेडमिक इंचार्ज अमित विश्नोई परीक्षा नियंत्रक एवं विभागाध्यक्ष गौरव सिंह, मधुलिका राजपूत, डा. एकता मलिक, परमजीत कौर, रश्मि शर्मा, नीशू सिंह, अनमोल कुमार आदि ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### पत्रकार की माता के निधन पर दुख

**स्योहारा।** पत्रकार चमन भारद्वाज की माता 72 वर्षीय उर्मिला देवी का बुधवार को बीमारी के चलते निधन हो गया। गुरुवार को उर्मिला देवी का हजारों नम आंखों के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। नगर के वरिष्ठ पत्रकार चमन भारद्वाज निवासी ग्राम निचलपुर उनकी माता उर्मिला देवी ग्राम में ही अपने दादइलाही घर पर रहती थी। बुधवार को उनको सीने में दिक्कत हुई। जिनको मुरादाबाद के एक प्राइवेट अस्पताल में उपचार के लिए गए। जहां पर डॉक्टर द्वारा उनके दिल के वाल डाले गए और अचानक उनकी मृत्यु हो गई। उनकी मौत की खबर सुनते ही उनके घर पर आने-जाने वालों का तांता लगना शुरू हो गया। ग्राम की तमाम महिलाओं का कहना था कि माता उर्मिला देवी अपने ग्राम और अपने परिवार के साथ-साथ आसपास के ग्रामों के लोगों के लिए आर्दश थी और हमेशा सब को सच्चाई और इमानदारी का ज्ञान देती थी। उनके निधन पर मिल अध्याशी अध्यक्ष सुखवीर सिंह, पूर्व विधायक नईमुलहसन, थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार, समाजसेवी डॉ. मनोज कुमार वर्मा, लक्ष्य कालेज प्रबधक अनुराग चौहान, बीडीओ राम कुमार, मुजीबुलहसन, सीएचसी प्रभारी अधीक्षक डॉ.बीके स्नेही, डॉ. सुआलेह अहमद, आबिद हुसैन, समीर रस्तौगी, कपिल शर्मा, अनिल कुशवाह, रोहित भारद्वाज, अंकुर जैन, नीरज अग्रवाल, आशीष माहेश्वरी, डॉ. अंकित गौड़, अमित शर्मा, धर्मेंद्र भुईयार अध्यक्ष प्रेस क्लब स्योहारा, रियाजुलहक उर्फ प्रिंस, जमाल इकबाल अंसारी, फजल अंसारी, गय्यूर चौधरी, राशिद, पीटर, अंकुल प्रजापति, शोभित गुप्ता, आकाश तोमर आदि ने शोक व्यक्त किया। उधर प्रेस क्लब स्योहारा ने मृतक की आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए शोक जताया।

### छात्र-छात्राओं से आवेदन मांगे

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत जनपद में सिविल सेवा परीक्षा, पीसीएस परीक्षा, जेईई, नीट एवं एनडीएस व सीडीएस तथा अन्य एक दिवसीय परीक्षाओं की तैयारी नि:शुल्क करायी जाती हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए इच्छुक छात्र व छात्राएं आनलाइन https://abhyuday.one साईट पर अपना आवेदन/पंजीकरण कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कोचिंग का संचालन राजकीय अम्बेडकर छात्रावास निकट रोडवेज बस स्टेण्ड बिजनौर तथा दुष्यन्त कुमार पुस्तकालय शक्ति चौक बिजनौर में नवीन सत्र एक जुलाई, 2025 से प्रारम्भ किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी राजकीय अम्बेडकर छात्रावास निकट रोडवेज सब स्टेण्ड बिजनौर में भी आफलाइन फोटो, आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र की छायाप्रति लेकर आवेदन कर सकते हैं। कोचिंग में पुस्तकालय की भी सुविधा उपलब्ध रहेगी।

## संविलियन विद्यालय में इको क्लब का गठन



**कासमपुर गढ़ी।** संविलियन विद्यालय आसफाबाद चमन में इको क्लब का गठन किया गया। प्रधानाध्यापक अनिल कुमार ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, जल संरक्षण आदि विषयों पर चर्चा करना व उसके लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से इको क्लब का गठन किया जा रहा है। शिक्षक सुरेन्द्र सिंह ने इको क्लब के गठन पर वृक्षों के उपयोग प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्ष जीवन के लिए उपयोगी है। वृक्ष पानी को संरक्षित करते है तथा धरती को उर्वरा शक्ति बनाये रखते है। इस अवसर पर बच्चों द्वारा पर्यावरण सम्बन्धी वाचन किया गया। बच्चों ने पोधा रोपण किया तथा प्रत्येक पौधे के पीछे क्यूआर कोड लगाया गया। इस मौके पर पारूल रानी, गौतम, पंकज, रेनू, गिरीराज सिंह, अनिकेत, अभय कुमार, मोहनी, नैना, जैद, शौर्य कुमार, अब्दुल साजिद व नौशाद अहमद आदि भी उपस्थित रहे।

# गायब युवक का शव बरामद

## शक के आधार पर दो गिरफ्तार, एक फरार

शाह टाइम्स संवाददाता

**सहसपुर।** स्थानीय मौहल्ला अफगानान निवासी सहसपुर वार्ड नम्बर नौ नईमुद्दीन पुत्र फखरुद्दीन बीती रात से गायब थे। उनका शव रामगंगा से बरामद हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंची और शक के आधार पर पड़ोसी और उसके दो अन्य साथियों को गिरफ्तार कर लिया तथा एक फरार हो गया। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।




प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला अफगानान निवासी शब्बू इलेक्ट्रिक ने बताया कि कल सुबह उसका पड़ोसी उनके चाचा को घर से बुलाकर ले कर ले गया। उसके बाद उनका देर रात तक कुछ पता नहीं चला। जब उनके चाचा घर नहीं गए, तो उन्होंने पड़ोसी से पूछा तो वो कहने लगा कि वो तो मेरे साथ आ गए थे। कही होंगे आ जाएंगे। फिर भी देर रात तक जब नहीं आए, तो दोबारा उसको पूछा तो वो राजीपुर राम गंगा के पास ले गया। घर वालों को जब शक हुआ। उन्होंने सहसपुर चौकी पर इसकी जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन मामला कांठ थाने के क्षेत्र का हैं, तो कांठ थाने को भी जानकारी दी गई। तो ढूंढने पर नईमुद्दीन की घड़ी मिली और ढूंढने पर पानी के अंदर से नईमुद्दीन का शव मिला। दोनों थानों की पुलिस मौके पर जानकारी जुटाने में जुटी थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी चल रही थी।

# कुँवर सत्यवीरा में धूमधाम से मनाया 'यादें-2025'

## नृत्य, गायन, नाट्य प्रस्तुति, ड्रामा, ओर्केस्ट्रा व फैशन शो रहे मुख्य आकर्षण का केन्द्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** कुँवर सत्यवीरा इंजीनियरिंग कॉलेज मे अंतिम वर्ष के बी.टेक एवं एमबीए के छात्र/छात्राओं का विदाई समारोह 'यादें 2025' का आयोजन किया गया। जिसमें बीटेक तृतीय वर्ष वाले छात्र /छात्राओं ने अंतिम वर्ष के छात्रों को एवं एमबीए प्रथम वर्ष के छात्रों ने द्वितीय वर्ष के छात्रों को विदाई दी।







कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो.(डा.) नीलेन्द्र बादल जी (निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज चांदपुर) व विशिष्ठ अतिथि डॉ. एन.के. सिंह (रजिस्ट्रार, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज चांदपुर) व संस्था निदेशक प्रो. (डा.) अमित कुमार बंसल, डॉ महेंद्र सिंह कोरव (प्राचार्य वीरा डिग्री कॉलेज), मनोज पांडा (प्रधानाचार्य डीडीपीएस), गिरिराज सिंह (प्रधानाचार्य), वाजिद हुसैन (प्रधानाचार्य वीआईसी धर्मनगरी), डीन एकडेमिक्स मनोज कुशवाहा और कार्यक्र्म इंचार्ज व डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लोकेश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रजजवलित करके किया।

संस्था निदेशक प्रो.(डॉ.) अमित कुमार बंसल ने अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया एवं अपने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों का परिचय कराया और आभार व्यक्त किया। इसके उपरान्त छात्र/छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुतियों प्रस्तुत की गई जिसमे नृत्य, गायन, नाट्य प्रस्तुति, ड्रामा, ओर्केस्ट्रा, फैशन शो मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहे ग्रुप डांस मे जिया, पंकज ने भाग लिया। सोलो डांस फैज, तपस्या, जुबैर, अंकुश ने प्रस्तुत किया। डुएट डांस मे सत्यम, हिमांशी जिया, अवनीश व दीक्षा ने प्रतिभाग किया। सोलो सिंगिंग मे गिजाल व उज्जवल ने और डुएट सिंगिंग मे अंकुश और दर्शिका ने प्रतिभाग कर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया।

अंत मे अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा रैम्प वॉक किया गया, जिसमें मिस्टर फेयरवेल बी.टेक जुबैर अहमद, मिस फेयरवेल बी.टेक सदफ खान एवं एमबीए मे मिस्टर फेयरवेल निखिल चौधरी, मिस फेयरवेल वर्णिका चौधरी, मिस्टर डैशिंग बी.टेक फैज और मिस गॉर्जियस अंशिका चौधरी रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. (डा.) नीलेन्द्र बादल ने कहा कि आज के बच्चे बहुप्रतिभा के धनी है, उनको अपनी प्रतिभा को पहचान कर आगे बढ़ना चाहिए और जीवन मे समयबद्ध तरीके से कार्य योजना बनाकर लक्ष्य की ओर अग्रसर होना चाहिए। विशिष्ठ अतिथि डॉ. एन.के. सिंह ने अपने सम्बोधन में इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए संस्था निदेशक, आयोजकों एवं छात्र छात्राओं को बधाई दी और उन्होंने कहा कि छात्रों को जीवन में सफल होने के लिए अपनी क्षमताओं का आंकलन करके जीवन में आगे बढ़ना चाहिए और परिश्रम ही सफलता की कुंजी है, मिशन लेकर जीवन मे आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर संस्था सचिव कु. उदयन वीरा, कु. रुचिवीरा (सांसद मुरादाबाद) व कॉलेज कोषाध्यक्ष/सचिव रेडियो सन्देश बिजनौर 89.6 श्रीमति स्वाति वीरा ने सभी छात्र/छात्राओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन छात्र/छात्राओं के ग्रुप से अनिका शर्मा, शिवम शर्मा और रीतिका देशवाल ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे कार्यक्र्म इंचार्ज डॉ. लोकेश अग्रवाल, डॉ. शुएब अली खान, सुनील भारद्वाज (मीडिया प्रभारी), सुधीर लांबा, अजना खान, सोनम यादव, विमल कश्यप, अमन शर्मा, राकेश कुमार पाल व शिखा उपाध्याय आदि का विशेष सहयोग रहा। कॉलेज की ओर कार्यक्रम का सफल संचालन नाइला नईम एवं श्वेता गौड़ ने संयुक्त रूप से किया। निर्णायक मण्डल में डॉ. मीनू सिरोही, डॉ. दीपा और प्रो.सरफराज (आरबीडी कॉलेज) रहे। संस्था निदेशक प्रो. (डॉ.) अमित कुमार बंसल ने सभी शिक्षकगणों एवं छात्र छात्राओं को कार्यक्रम के सफलतम आयोजन के लिए हार्दिक बधाई दी तथा अंतिम वर्ष के छात्र /छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाए दी। इस अवसर पर अवनीश गौड़, समस्त विभागो के विभागाध्यक्ष अंकित राजन अग्रवाल, विभोर राजवंशी, गौरव गुप्ता, अजय उपाध्याय, डॉ. शुभम कुमार, उज्जवल कुमार, डॉ. मो.फैसल अंसारी, आंचल भारद्वाज, ललित कुमार, डॉ. अभिषेक चौधरी, विनीत कुमार, एनपीएस भण्डारी आदि समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

# किशोरी को बरामद कर ले गई जम्मू पुलिस

## आरोपी युवक मौके से फरार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नांगल सोती।** जम्मू - कश्मीर पुलिस ने नांगल थाना क्षेत्र के ग्राम पूंडरी कलां से अपने क्षेत्र की 16 वर्षीय किशोरी को बरामद किया है, जबकि आरोपी युवक फरार मिला। किशोरी पर प्रेम का रंग ऐसा चढ़ा हुआ था कि वो युवक के साथ ही रहने की जिद पर अड़ी हुई थी। कश्मीर पुलिस किशोरी को अपने साथ ले गई।

जम्मू-कश्मीर पुलिस एएसआई शकील अहमद के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को सुबह सवेरे नांगल थाने पहुंची। पुलिस टीम में एक महिला आरक्षी भी शामिल थी। जम्मू - कश्मीर के थाना खीव से आई पुलिस टीम ने बताया कि उनके क्षेत्र से 16 वर्षीय किशोरी गायब है, जिसके सम्बन्ध में किशोरी के पिता ने मुकदमा दर्ज कराया है। कश्मीर पुलिस टीम ने स्थानीय पुलिस की मदद से किशोरी को स्थानीय क्षेत्र के ग्राम पूंडरी कलां से एक घर से बरामद का लिया। जबकि आरोपी युवक घर से फरार मिला। किशोरी और युवक एक ही सम्प्रदाय के हैं।

किशोरी को बरामद कर पुलिस थाने ले आई। युवक पेशे से नाई है। पहले वह कश्मीर में ही काम करता था। वहीं पर उसने किशोरी को अपने प्रेमजाल में फांस लिया था। युवक के परिजन कह रहे थे कि किशोरी पहले भी दो बार युवक के साथ आ चुकी है। उन्होने ही उसे समझा-बुझाकर वापस भेजा था। इस बार भी उन्होंने ही किशोरी के पिता को सूचना दी थी। किशोरी के पिता ने बताया कि उसकी पुत्री एक माह से घर से गायब थी। जबकि किशोरी पर प्रेम का ऐसा भूत सवार था कि वो प्रेमी के साथ रहने की जिद पर ही अड़ी हुई थी। कश्मीर पुलिस किशोरी को समझा - बुझाकर अपने साथ ले गई।

नांगल थाना प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार सैनी ने बताया कि जम्मू - कश्मीर पुलिस किशोरी को बरामद कर अपने साथ ले गई है। आरोपी युवक घर से फरार मिला था।

## लोकतंत्र अभिव्यक्ति व संवाद में निहितः धनखड़

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को कहा कि लोकतंत्र मूल रूप से अभिव्यक्ति और संवाद में निहित है और लोकतंत्र तब पोषित होता है, जब सत्ता की सीमाओं के प्रति सचेत रहा जाए। धनखड़ ने यहां इंडिया फाउंडेशन के एक कार्यक्रम में कहा कि एक राष्ट्र की पहचान शिष्टाचार और अनुशासन से होती है। समकालीन शासन में लोकाचार का महत्व है। देश में लोक के अनुसार बदलाव हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश में कुछ जिले पिछड़े थे और नौकरशाह उन क्षेत्रों में नहीं जाते थे। अब वे 'आकांक्षी जिले' विकास में अग्रणी जिले बन गए हैं। सरकार ने द्वितीय और तृतीय श्रेणी के शहरों को भी आर्थिक गतिविधि का केंद्र बनाया है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तरकाशी में...**

हेलीकॉप्टर काफी नीचे उड़ रहा था, जिससे यह हादसा हुआ। उत्तरकाशी के जिलाधिकारी डा. मेहरबान सिंह बिष्ट ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम मौके पर भेजी गई। टीम ने घायल को ऋषिकेश स्थित एम्स भेजा और मृतकों की शिनाख्त की। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। इधर घटना की सूचना पर पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ , पैरामिलिट्री, फायर, राजस्व, मेडिकल व अन्य आपदा राहत दल तत्काल मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू/सर्च अभियान चलाते हुए घायल व्यक्ति को एयर एम्बुलेंस के माध्यम से हायर सेन्टर भेजा गया। चारधाम यात्रा स्मार्ट कंट्रोल रूम से उपजिलाधिकारी डुंडा देवानंद शर्मा, आपदा प्रबंधन अधिकारी शार्दुल सिंह गुसांई व घटना स्थल पर पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी श्रीमती सरिता डोबाल,अपर जिलाधिकारी उत्तरकाशी पीएल शाह, उपजिलाधिकारी भटवाड़ी शालीन नेगी ने पूरे रेस्क्यू अभियान को लीड किया है।

**घायल का विवरण-**

- मकतूर भास्कर (51 वर्ष), निवासी 19/295 मो. मिनबाद गुंटकल, अनंतपुर-आंध्र प्रदेश।

मृतकों का विवरण

1- विजयलक्ष्मी रेड्डी सी. (57 वर्ष) पत्नी चिरा सुब्बा, निवासी गैलेरिया सेंट्रल एवेन्यू सोसाइटी लिमिटेड, पावई मुंबई-महाराष्ट्र।

2 रॉबिन सिंह (60 वर्ष) पुत्र रामकरण सिंह, निवासी 201 सरनम विला प्रताप गंज विक्रमभोग, बड़ोदरा, फतेहगंज-गुजरात, (पायलट)।

3- राधा अग्रवाल (79 वर्ष) पत्नी रामचंद्र अग्रवाल, निवासी आलमगीरी गंज, बरेली-उत्तर प्रदेश।

4- रुचि अग्रवाल (56 वर्ष) निवासी 2504 ओडेसी 2, हीरानंदानी गार्डेंस पावई मुंबई-महाराष्ट्र।

5 - कला चंद्रकांत सोनी (61 वर्ष) पुत्री चंद्रकांत सोनी, ए-103 गोल्डन ओक हाइस्ट्रीट डी मार्ट समोर, हीरानंदानी गार्डेंस पावई, मुंबई-महाराष्ट्र।

6 - वेदांती (48 वर्ष) पत्नी एम. भास्कर, निवासी 19/295 मोमिनबाद गुंटकल अनंतपुर-आंध्र प्रदेश।

# इस बार पाकिस्तान को मिटा दोः सोफिया की बहन

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाक पर फूटा गुस्सा

**झांसी।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश की हीरो के रूप में उभरकर आईं कर्नल सोफिया की वीरता और पराक्रम के चर्चे हर तरफ हैं। झांसी में सोफिया की चचेरी बहन शबाना कुरैशी और उनके परिवार में भी खुशी का माहौल है। मीडिया से बातचीत में सोफिया की बहन शबाना कहती हैं कि इस बार पाकिस्तान को मिटा देना चाहिए, उसका यही इलाज है, ताकि वह कभी दोबारा ऐसी हिमाकत न कर सके।

वैसे तो कर्नल सोफिया का परिवार छतरपुर मध्यप्रदेश के नौगांव का रहने वाला है। कर्नल सोफिया के पिता ताज मुहम्मद के बड़े भाई इस्माईल कुरैशी का परिवार झांसी के भट्टा गांव सदर बाजार में रहता है। दोनों ही परिवारों के कई लोग फौज में हैं। कर्नल सोफिया की चचेरी बहन शबाना कहती हैं कि उन्हें अपनी बहन पर फक्र है। बचपन में वह लोग साथ में खेली हैं। जब से सोफिया की खबर मिली है, तभी से वह लोग बेहद खुश हैं और लोग उन्हें बधाइयां दें रहे हैं। साथ ही परिवार की लड़कियों ने कहा कि वह भी अपनी बुआ कि तरह देश की सेवा करना चाहती हैं। 6/7 मई की रात भारतीय सेना ने पहलगाम हमले का बदला लेने के उद्देश्य से ऑपरेशन सिन्दूर को अंजाम दिया था, जिसमें सेना ने पाक अधिकृत कश्मीर और पकिस्तान में 9 आतंकी ठिकानो को निशाना बनाया था। बुधवार को सेना की तरफ से पैनल में कर्नल सोफिया कुरैशी ने मीडिया को ब्रीफ किया था और पूरे ऑपरेशन की जानकारी दी थी। जिसके बाद हर किसी की जुबान पर सोफिया कुरैशी का नाम है। सोफिया के पिता भी बीएसएफ में सूबेदार हैं और उनके पति भी सेना में अधिकारी हैं। यही नहीं उनके दो चाचा इस्माइल कुरैशी और वली मुहम्मद भी बीएसएफ में सूबेदार हैं। फिलहाल इस समय सोफिया का परिवार गुजरात के बड़ोदरा में रह रहा है।

### हम सरकार और सेना के साथः प्रमोद तिवारी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पाकिस्तान में आतंकी शिविरों को निशाना बनाकर भारतीय सेना द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई को लेकर गुरुवार को सुबह सर्वदलीय बैठक बुलाई गई बैठक में विपक्ष को जानकारी देने के बाद कांग्रेस पार्टी के सांसद प्रमोद तिवारी की प्रतिक्रिया सामने आई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि आतंकवाद को नेस्तनाबूद करने के लिए हमारा समर्थन सरकार और भारतीय सेना के साथ है।

## आतंकी हमले में जान गंवाने वालों को दी श्रद्धांजलि

**नोएडा।** सेक्टर - 122 स्थित कम्युनिटी सेंटर में गुरुवार को सॉलिट्री दिवस का आयोजन किया गया। इसमें पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राघव स्कूल के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक एवं नृत्य प्रस्तुती के माध्यम से अपनी श्रद्धांजलि दी।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2013 अनुक्रमांक 0924841 व इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2015, अनुक्रमांक 0646369 की मार्कशीट व प्रमाण पत्र वास्तव में खो गये है, जो काफी तलाश के बाद भी नहीं मिले हैं जो किसी अन्य के प्रयोग के लिए अवैध होंगे।

**मेघा रानी पुत्री सुशील कुमार**
**मूल निवासी- ग्राम बरूकी**
**जिला बिजनौर**
**हाल निवासी-शिवनगर**
**गली नं. 2. कूकडा,**
**मुजफ्फरनगर।**




**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कार की टक्कर से बाइक सवार तीन की मौत

## बाइक पर सवार होकर मजदूरी करने जा रहे थे दो राजमिस्त्री व एक मजदूर









**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** कोतवाली देहात मार्ग पर गांव फुलसंदा में ईको कार व बाइक की टक्कर में बाइक सवार दो राजमिस्त्री व एक मजदूर की मौत हो गई। ईको कार भी पलट गई। तीन बाईक सवारों की मौत पर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने तीनों के शवों को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ईको कार चालक के खिलाफ एक मृतक के पुत्र ने पुलिस को तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार नहटौर क्षेत्र के गांव फरीदाबाद उर्फ फरीदपुर निवासी नूर शाह (55 वर्ष) पुत्र वजीर शाह व गांव महमूदपुर कामिल उर्फ नरगदी नवादा निवासी शाहिद (50 वर्ष) पुत्र शफीक अहमद और गांव काजीपुरा निवासी नूरआलम (48 वर्ष) पुत्र इकबाल एक बाइक पर सवार होकर गुरुवार की सुबह करीब 8:00 बजे कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव स्यालु नंगला में मकान की चिनाई करने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान नहटौर कोतवाली देहात मार्ग पर गांव फुलसंदा में कोतवाली देहात की ओर से आ रही ईको कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। नूर शाह व शाहिद अहमद की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि नूर आलम की जिला अस्पताल में ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

नूर शाह व सईद राजमिस्त्री थे और नूर आलम मजदूर था। तीनों बाइक से मजदूरी करने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया। बताया जाता है कि बाईक सवार चालक ने हेलमेट नहीं लगा रखा था। उधर ईको कार टक्कर लगने के दौरान पलट गई। उसमें बैठी सवारियां व चालक मौके से फरार हो गए। ईको कार में बैठे चार लोग मामूली रूप से चोटिल हुए हैं। इको कार चालक कोतवाली देहात में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद फीना जा रहे थे। पुलिस ने तीनों के शवों को सीलकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक नूर शाह के पुत्र नावेद शाहिद ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया गया है और इको कार चालक का पता लगाया जा रहा है। दोनों वाहनों को कब्जे में लिया गया है।

# हिस्ट्रीशीटर मनोज व ओमकार सहित रोहित को उम्र कैद

## हत्या के मामले में सुनाई गई सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय एडीजे तृतीय ने हिस्ट्रीशीटर बदमाश मनोज उर्फ नेवला व ओमकार एवं स्वाहेड़ी के रोहित को हत्या के मामले में उम्र कैद एवं 79 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार श्रीमती बलविन्दर कौर पत्नी गुनमीत सिंह निवासी सुभाष नगर थाना नजीबाबाद ने 31 जनवरी 2016 को थाना नहटौर में तहरीर दी थी कि 30 जनवरी को अभियुक्तगण मनोज उर्फ नेवला पुत्र लुधियान सिंह निवासी ग्राम अंगाखेड़ी, थाना मण्डावर ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उसके पुत्र का अपहरण कर लिया और सन्देह है कि अभियुक्तों के द्वारा उनकी पुत्र की हत्या कर दी गई है। नहटौर पुलिस ने धारा 302 में अभियोग पंजीकृत किया था। विवेचना के दौरान अभियोग में हिस्ट्रीशीटर मनोज उर्फ नेवला पुत्र ध्यान सिंह निवासी ग्राम आंगाखेड़ी, थाना मण्डावर हिस्ट्रीशीटर बदमाश ओमकार पुत्र दयाराम निवासी ग्राम पहाड़पुर चतर, थाना नहटौर एवं रोहित पुत्र योगेन्द्र निवासी ग्राम स्वाहेड़ी, थाना कोतवाली शहर का नाम प्रकाश में आया था। पुलिस ने धारा 302, 149, 201 व 120 बी में आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया था। अभियुक्तों को सजा दिलाने के लिए पुलिस ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की थी।

हिस्ट्रीशीटर बदमाश मनोज व ओमकार के खिलाफ लूट, डकैती, गैंगस्टर, हत्या व चोरी सहित कई दर्जन अभियोग पंजीकृत है।


## एक नजर

### पूर्व सैनिकों ने दी बचाव की जानकारी



**बिजनौर।** पहलगाम में हुए पर्यटकों के नरसंहार और भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में आतंकवादियों पर की गई सर्जिकल स्ट्राइक और प्रदेश में रेड अलर्ट जारी होने से आयोजित की जा रही मॉक ड्रिल रिहर्सल और ब्लैक आउट प्रक्रिया को जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर के आदेश अनुसार कि पूर्व सैनिकों द्वारा स्कूल कॉलेज में जाकर छात्र छात्राओं को जागरूक करने के उपलक्ष्य में आज जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन अनिल कुमार गुप्ता, पूर्व सैनिक केशव सिंह एवं यशपाल सिंह द्वारा बिजनौर पब्लिक स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल तथा सेंट मैरी स्कूल बिजनौर में जाकर सामूहिक रूप से बच्चों को उपरोक्त के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही डेमो देते हुए बच्चों को सायरन ध्वनि के पश्चात बचाव के उपाय, ब्लैक आउट होने की स्थिति में सभी लाइट बन्द करने, कोई दुर्घटना होने पर घायलों को प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने और शीघ्र ही नजदीक अस्पताल पहुंचाया जाने के बारे में डेमो देकर विस्तृत जानकारी दी। उपस्थित छात्र छात्राओं ने बड़े ही तन्मयता से सारी बातों को समझा। काफी छात्र छात्राओं ने अपने अपने स्तर से विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछे जिनका कैप्टन अनिल कुमार गुप्ता ने विस्तार उनके प्रश्नों का उत्तर दिया। तीनों ही स्कूलों के प्रिंसिपल और अन्य स्टाफ ने इस अवसर पर धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

### बीएएलएलबी में फरहीन प्रथम



**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज आर्फ लॉ, बिजनौर के बीएएलएलबी पंचम सेमेस्टर का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। लॉ विभाग के विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार राठौर ने बताया कि बीएएलएलबी पंचम सेमेस्टर में फरहीन ने प्रथम, नमीरा मलिक ने द्वितीय तथा कृष्ण प्रताप सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविश्य की कामना करता हैं। प्राचार्य डा. परवेज अहमद खाँ ने सभी उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अति उत्तम रहा है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्र/छात्राओं को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले, जिससे कि वह प्रोफेशनल एजुकेशन को बेहतर रुप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें। कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबन्धक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, विभागाध्यक्ष प्रदीप राठौर व सहायक प्रवक्ता विशाल विक्रम सिंह, डॉ. एमए खान, शिवकुमार सिंह, श्रीमति पूजा ठाकुर, श्रीमति कंचन चौहान, मौ. आफाक ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# एक बुलेट बाइक सीज दो का चलान

## तेज आवाज का साइलेंसर लगाने पर हुई कार्रवाई

**नगीना।** यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले बुलेट मोटर साइकिल चालकों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर पटाखा फोड़कर आम जनता को परेशान करने वाली एक बुलेट मोटर साइकिलों को सीज कर दिया, जबकि दो अन्य बाइकों का चालान किया गया।

यह कार्रवाई नगीना थाना प्रभारी तेजपाल सिंह के नेतृत्व में की गई। इस कड़ी कार्रवाई से क्षेत्र के अन्य बुलेट चालकों में हड़कंप मच गया है। पुलिस का कहना है कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्यवाही में दिलशाद की बुलेट बाइक को सीज कर थाने में खड़ा करा दिया गया जबकि कनव शर्मा और शहबाज की बुलेट बाईकों का दस दस हजार का चालान किया गया।

# स्कूली वैन से टकराकर बाइक सवार की मौत



## वाहन चालक मौके से फरार






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र में उस समय एक बड़ा सड़क हादसा हो गया जब एक बाइक सवार को स्कूली वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सीएचसी स्याऊ भिजवाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के गांव धीवरपुरा में एक बाइक यूपी 20 सीएस 9550 सवार युवक को स्कूली बस एचआर 62 (0861) ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना किरतपुर क्षेत्र के गांव मुंढाला निवासी नजाकत (उम्र 30) पुत्र लियाकत के रूप में हुई जो अपने गांव से एक बारात में गांव पाड़ला में अपनी बाइक से अकेला आ रहा था। बताया जाता है कि जैसे ही नजाकत हीमपुर दीपा क्षेत्र के गांव धीवरपुरा के समीप पहुंचा तो स्कूल की बस ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार नजाकत गंभीर रूप से घायल हो गया था। राहगीरों की मदद से नजाकत को गंभीर हालत में 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्याऊ लाया गया, जहां चिकित्सक ने नजाकत को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही नजाकत के परिजन सीएचसी स्याऊ पहुंचे। नजाकत की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष योगेश कुमार मावी ने बताया कि मृतक नजाकत के परिजनो की ओर से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जायेगी। वहीं स्कूली वाहन चालक मौके से फरार हो गया था जबकि वाहन को कब्जे में ले लिया गया है।

उधर थाने पहुंचे मृतक के परिजनों ने बताया कि नजाकत अपने दस भाई बहनों में से एक था जो स्वयं अपने पूरे घर की जिम्मेदारी संभाले हुए था। उन्होंने बताया कि मृतक नजाकत दिल्ली में सैलून का काम करता था। बताया जाता है कि मृतक का परिवार बेहद गरीब है और मृतक की मां बेहद बीमार है।

# मुगलवाला में पीडीए चर्चा कार्यक्रम

## ग्रामीणों की समस्याएं सुनी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पीडीए के जनक अखिलेश यादव के निर्देशानुसार पीडीए चर्चा का कार्यक्रम गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र नगीना के ग्राम मुगलवाला में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में विधायक नगीना मनोज पारस ने सभी ग्रामवासियों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना एवं गांव की समस्याओं को सुना। कार्यक्रम में कई वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम में मनोज पारस ने सभा को संबोधित करते हुए सभी ग्राम वासियों से कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पीडीए के तहत सर्व समाज को उसका हक दिलाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने सभी सम्मानित ग्राम वासियों से 2027 में एकजुट होकर समाजवादी सरकार बनवाने एवं अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने की अपील की। इस मौके पर उनके साथ जयप्रकाश चंदेल प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी, कैलाश सिंह, भूरे सिंह प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी एससी एसटी प्रकोष्ठ, सुहैल अंसारी ब्लॉक अध्यक्ष कोतवाली समाजवादी पार्टी, मौहम्मद हबीब अहमद, दीपक चौधरी, उधम सिंह, नीरज कुमार, जयप्रकाश सिंह, सुरेश कुमार आदि समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

# सहानपुर नवादा के युवक की पुणे में मौत

## परिजनों में मचा कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** बेकरी में काम करने गए ग्राम सहानपुर नवादा के एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में पुणे में मौत हो गई। पता चलने पर परिवार में कोहराम मच गया। उनका रो-रो कर बुरा हाल बना है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर क्षेत्र के ग्राम सहानपुर नवादा निवासी 20 वर्षीय प्रतीक पुत्र गजराज सिंह करीब एक माह पूर्व पुणे में एक बेकरी में काम करने के लिए गया था। बताया जाता है कि पुणे के कोरागांव भीम क्षेत्र में वह बेकरी में काम कर रहा था। उसे एक माह पूर्व काम करने के लिए बुलाया गया था।

गुरुवार की सुबह करीब सात बजे उसकी मौत होने का पता चला। परिजनों का कहना है कि सड़क दुर्घटना में प्रतीक की मौत बताई जा रही है। लेकिन उसके साथ मारपीट की गई है। जिससे उसकी मौत हुई है। युवक की मौत होने पर परिवार में कोहराम मचा है। उनका रो-रो कर बुरा हाल बना है। पुणे में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिवार के लोग नहटौर थाने भी पहुंचे है।

# बहुचर्चित महेन्द्र व राधा रानी बसपा से बेदखल

## पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बसपा जिला अध्यक्ष दलिप कुमार पिंटू ने पूर्व मंडल अध्यक्ष महेन्द्र कुमार एवं पूर्व सैक्टर अध्यक्ष कुमारी राधा रानी को अनुशासनहीनता करने के कारण पार्टी से बाहर कर दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार पार्टी के द्वारा जारी प्रेस नोट में कहा गया है कि पूर्व मंडल प्रभारी महेन्द्र कुमार पुत्र नौबत सिंह निवासी चांदपुर एवं सैक्टर अध्यक्ष स्याऊ कुमार राधा रानी पुत्री बलवंत सिंह पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त थे। इन्हें कई बार चेतावनी भी दी गई। लेकिन इसके बावजूद इनकी गतिविधियों व कार्यशैली में कोई सुधार नहीं आया। इसकी वजह से इन्हें पार्टी से बाहर कर दिया गया है।

गौरतलब है कि महेन्द्र कुमार व राधा रानी लगातार पार्टी विरोधी गतिविधिया कर रहे थे। राधा रानी के द्वारा पिछले दिनों स्योहारा में आयोजित एक कार्यक्रम में हंगामा किया गया था। जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल की हुई थी। जिससे पार्टी की फजीहत हुई थी। कुमारी राधा रानी को पार्टी के कार्यक्रमों में अक्सर महेन्द्र के साथ देखा जाता रहा है।

# सड़क हादसे में छह साल की बच्ची की मौत

**नगीना।** बुंदकी शुगर मिल के पास एक डंपर ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी जिससे ई-रिक्शा पलट गई। ई-रिक्शा में सवार 6 वर्षीय छवि और उसके पिता मुकेश घायल हो गए। घायलों को सीएचसी नगीना में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान छवि की मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुकेश अपनी पुत्री छवि के साथ नजीबाबाद से गांव अवधिपुर जा रहा था। रास्ते में सरियों से भरे डंपर से टक्कर होने से ई-रिक्शा पलट गई। सूचना मिलते ही नगीना देहात थाना प्रभारी संजय कुमार मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। डंपर चालक को भी वाहन सहित गिरफ्तार कर लिया गया है।

# सड़क हादसे में उजड़ गए तीन घरों के आशियाने

## तीनों की मौत से परिवार में कोहराम





**मुनीश राणा**

**नहटौर।** दूसरों का आशियाना बनाने जा रहे दो राज मिस्त्री व एक मजदूर की सड़क दुर्घटना में मौत होने पर उनके घरों के आशियाने उजड़ गए। तीनों मृतक अपने परिवारों के मुखिया थे और मेहनत मजदूरी करके परिवार चला रहे थे। तीनों की मौत से परिवारों को गहरा सदमा लगा है। तीनों अलग-अलग गांव के थे और रोजाना एक साथ मजदूरी के लिए जाते थे।

जानकारी के अनुसार नहटौर के कोतवाली देहात मार्ग पर गांव फुलसंदा में गुरुवार की सुबह करीब 8:00 बजे दर्दनाक हादसा हो गया। ईको कार की टक्कर से तीन परिवारों के मुखियाओं की मौत हो गई। क्षेत्र के गांव फरीदाबाद उर्फ फरीदपुर निवासी नूरशाह के 6 बेटियां व एक बेटा है। एक बेटा और एक बेटी की शादी हो चुकी है और उसके पास करीब ढाई बीघा कृषि भूमि है। वह राजमिस्त्री का काम करके अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था। इसके अलावा गांव महमूदपुर कामिल उर्फ नरगदी नवादा के सईद शाह की छह बेटियां हैं और वह भी राजमिस्त्री का काम करते हुए अपना परिवार चल रहा था। इसके अलावा काजीपुरा का नूर आलम मजदूर था। नूर आलम अपनी बाइक से दोनों राजमिस्त्रियों को लेकर रोजाना काम पर जाता था। तीनों एक साथ चिनाई का काम करते थे और दूसरों के आशियाना बनाने का काम करते थे। सड़क दुर्घटना में तीनों की मौत होने पर उनके खुद के आशियाने उजड़ गए। तीनों की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। गांव में शोक छा गया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# डॉक्टर पर युवती से बेड टच का आरोप, पुलिस से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एक चिकित्सक पर महिला मरीज ने बेड टच कर अशोभनीय हरकत करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली धामपुर में शिकायती पत्र देकर उचित कार्रवाई की मांग की है। मामला अब शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार युवती 26 अप्रैल को संबंधित चिकित्सक के क्लिनिक पर दवा लेने गई थी। पुलिस को दिए शिकायती पत्र में पीड़िता ने बताया कि डॉक्टर ने इलाज के बहाने उसे अनुचित ढंग से छूने की कोशिश की। युवती इस घटना से घबरा गई और पहले तो डर के मारे किसी को कुछ नहीं बताया।

हाल ही में जब परिवारजनों ने उसकी मानसिक परेशानी को समझा और वजह जाननी चाही, तो उसने

## समझौता कराने को नगर के तथाकथित दलाल सक्रिय

रोते हुए पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजनों के साथ युवती ने पुलिस से संपर्क कर लिखित शिकायत दी। बताया जाता है कि मामले को भुनाने के लिए नगर के तथाकथित दलाल सक्रिय हो गए हैं तथा वह पीड़िता तथा आरोपी पक्ष के लगातार संपर्क में है।

उधर चिकित्सक ने लगाये जा रहे आरोपों को बेबुनियाद बताया है। उन्होंने कहा कि राजनीति के तहत उन्हें फसाने का प्रयास किया जा रहा है। उनके क्लीनिक में सीसीटीवी कैमरा लगा है, फिलहाल यह मामला चर्चा का विषय बना है।

# गौशाला की स्थिति में सुधार को भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की बैठक में गोशाला में संरक्षित पशुओं की दयनीय स्थिति पर दुख व्यक्त किया गया। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन देकर गोशाला में स्थिति सुधार करने की मांग की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए तहसील अध्यक्ष नमेंद्र सिंह ने कहा कि कोतवाली देहात विकास खंड में बनी गोशालाओं में संरक्षित पशुओं की स्थिति खराब है। पशु चारे और पानी के अभाव में दम तोड़ रहे है। गोशाला में स्थिति खराब होने के चलते गायों की असमय मृत्यु हो रही है। उन्होंने गोशालाओं में चारे,पानी तथा चिकित्सा की व्यवस्था करने की मांग की। इससे संबंधित एक ज्ञापन खंड विकास अधिकारी कोतवाली देहात को तथा एक ज्ञापन कोतवाली देहात के इंस्पेक्टर क्राइम को सौंपा गया। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह ने तथा संचालन विकास तोमर ने किया। बैठक में समरपाल सिंह, वीर सिंह डबास, बेगराज सिंह, मेहर सिंह, निरंजन राठी, सुनील कुमार, मुकुल आदि मौजूद रहे।

# नगर भर में ब्लैक आउट हर जगह छाया अंधेरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर सेना की एयर स्ट्राइक के बाद नगीना में भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। इसी के मद्देनजर बुधवार को व्यापक स्तर पर आपदा प्रबंधन से जुड़ी मॉक ड्रिल और रात को ब्लैक आउट अभ्यास कराया गया। दिनभर चली तैयारियों के बाद रात ठीक आठ बजे पूरे नगर में ब्लैक आउट किया गया।

प्रशासन की योजना के तहत रात ठीक आठ बजे नगीना नगर में ब्लैक आउट कराया गया। सभी घरों, मकानों, गली - मोहल्लों, कॉलोनियों, सरकारी भवनों, दुकानों, बाजारों, वाहनों और सड़कों की लाइटें बंद कर दी गईं। लोगों को पहले ही सूचित किया गया था कि वह तय समय पर बिजली बंद रखें और आपात स्थिति में अपनाए जाने वाले उपायों का पालन करें।

ब्लैक आउट का उद्देश्य यह था कि यदि किसी भी स्थिति में हवाई हमला या कोई अन्य बड़ा खतरा उत्पन्न हो, तो प्रशासन और आमजन किस प्रकार से मिलकर स्थिति को संभाल सकते हैं। इस दौरान पुलिस और सिविल डिफेंस की टीमें गश्त पर रहीं और सभी क्षेत्रों में स्थिति पर नजर बनाए रखी गई। प्रशासन ने लोगों से अपील की कि किसी भी आपदा या आपात स्थिति में घबराएं नहीं। बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित स्थान पर रखें, आवश्यक दवाएं व प्राथमिक चिकित्सा किट साथ रखें और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें।

# स्वामी ओमवेश के आपत्तिजनक बयान पर भड़के अनिल यादव

## नईमुल हसन पार्टी के वफादार व सबसे पुराने नेता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने चांदपुर के पार्टी विधायक स्वामी ओमवेश के द्वारा कल मंच से दिए गए भाषण को बेहूदा और पार्टी में गुटबाजी पैदा करने वाला बताते हुए कहा कि उनकी औकात क्या है, जो वह टिकट बांट रहे है।

गौरतलब है कि कल सपा के जिला कार्यालय में मासिक बैठक एवं पूर्व मंत्री मूलचंद चौहान व उनकी टीम तथा बिजनौर के पूर्व चेयरपर्सन पति शमशाद अंसारी का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें चांदपुर के विधायक स्वामी ओमवेश ने आपत्तिजनक भाषण दिया था। उन्होंने पूर्व मंत्री व नूरपुर के पूर्व विधायक नईमुल हसन का नाम लिए बिना उन पर हमला बौला था। उन्होंने कहा था कि मूलचंद चौहान के पार्टी में आने से हमारे चेहरे खिले हुए है और कुछ लोगों की चूल्हे हिल गई होंगी। यही से नहीं, आगे तक हिल गई होगी। क्योंकि धामपुर से हमारे



मूलचंद चौहान विधायक बनने जा रहे है। अब देखों किस की चूल्हे हिली होगी। पिछले विधानसभा चुनाव में नईमुल हसन ने धामपुर से चुनाव लड़ा था और रिकार्ड वोट हासिल करने के बावजूद व चंद वोटों से हार गए थे।

पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि विधायक स्वामी ओमवेश को गुटबाजी को बढ़ावा देने वाला इतना गंदा भाषण नहीं देना चाहिए था। उनकी हैसियत क्या है कि वह पार्टी नेतृत्व से ऊपर जाकर यह कह रहे थे कि मूलचंद चौहान धामपुर से पार्टी के विधायक बनने जा रहे है। टिकट देने या न देने का फैसला पार्टी नेतृत्व का होता है। पार्टी नेतृत्व किसी को भी टिकट दे सकता है और किसी का भी टिकट काट सकता है। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक व पूर्व मंत्री नईमुल हसन पार्टी के सबसे पुराने व वफादार नेता है। उनका जीवन पूरी तरह से पार्टी को समर्पित है। जो लोग मतलब निकलने पर पार्टी से गद्दारी कर लेते है और दूसरी जगह दाल न गलने पर वापस पार्टी में आने के लिए खुशामद करते है, उन्हें पार्टी के पुराने व वफादार नेताओं की सार्वजनिक मंच से नाम लिए बिना भी आलोचना करने का अधिकार नहीं है। इससे पार्टी के बफादार कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरता है और जज्बातों को ठेस पहुंचती है। उन्होंने कहा कि पार्टी का फायदा उठाने वाले नेता तो आते-जाते रहते है। उन्होंने कहा कि स्वामी ओमवेश के बयान से पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं में गुस्सा है।

## समस्याओं के समाधान की मांग

**धामपुर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में किसानों की खेती से सम्बन्धित समस्याओं का समाधान किये जाने की मांग उठाई।

अल्हैपुर ब्लॉक के ग्राम दौलतपुर सुखा में ब्लाक महासचिव अरविंद राजपूत के निवास स्थान पर की गई। बैठक में दो मुद्दों पर वार्ता एवं चर्चा हुई। सर्वप्रथम भारतीय किसान यूनियन राजनीतिक का प्रत्येक कार्यकर्ता तन, मन, धन, बल से भारत सरकार के साथ है। पाकिस्तान से आतंकवाद समाप्त करने में किसान आपके साथ पूर्ण सहयोग करेंगे। धामपुर तहसील में भ्रष्टाचार प्रत्येक कार्यालय में चरम सीमा पर है। अधिकारी एवं कर्मचारी किसानों का शोषण बंद करें। अन्यथा भारतीय किसान यूनियन अराजनी. तिक आंदोलन करने को बाध्य होगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। पंचायत में सभी किसान कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें से जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत राणा, ब्लॉक अध्यक्ष अजय राजपूत, मीडिया प्रभारी दिनेश चौहान, कपिल कुमार, दिनेश प्रधान, वीरेंद्र कुमार, अरविंद राजपूत, भानु प्रताप, हरि ओम, आनंद कुमार, सुरेश, उत्तम, कपिल कुमार आदि कार्यकर्ताओं ने बैठक में भाग लिया।

# कोतवाली देहात के जुनैद व विशाल को रेप में आजीवन कारावास

## एक लाख रुपए का अर्थदण्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय एडीजे स्पेशल पॉक्सो एक्ट ने कोतवाली देहात के जुनैद व विशाल को नाबालिग से रेप के मामले में आजीवन कारावास व एक लाख रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार सात नवम्बर 2024 को वादिया ने थाना कोतवाली देहात पर तहरीर दी कि वह अपनी नाबालिग पुत्री के साथ कोतवाली मंडी में भैंस चरा रही थी तथा अपनी पुत्री को वहीं पर छोड़कर किसी काम के लिए ग्राम झलरी चली गई। इसी बीच तीन लड़कों द्वारा लोहा आदि कबाड़ दिलाने के बहाने से वादिया की पुत्री के साथ यौन उत्पीड़न की घटना कारित की गई एवं वादिया की पुत्री के शोर मचाने पर तीनों लड़के वहां से भाग गए। तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली देहात पर मुकदमा अपराध संख्या 247/2024 धारा 70 (2) बीएनएस व धारा 5एम/6 पॉक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया है। थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग में प्रकाश में आये दो अभियुक्तगण जुनैद पुत्र अबरार निवासी मौहल्ला कुरैशीयान थाना कोतवाली देहात व विशाल पुत्र अंजार निवासी रहमुल्ला कॉलोनी, थाना कोतवाली देहात को गिरफ्तार किया गया तथा विवेचनात्मक कार्यवाही पूर्ण करने के उपरान्त आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। प्रभावी पैरवी की गई एवं अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न कराई गई। जिसके परिणामस्वरूप आज न्यायालय एडीजे स्पेशल पॉक्सो एक्ट ने दोनों को धारा 70 (2) बीएनएस व धारा 06 पॉक्सो एक्ट में आजीवन कारावास व प्रत्येक को 50-50 हजार रुपए (कुल एक लाख रुपए) के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# युद्ध जैसी स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** भारत द्वारा पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई के बाद संभावित पलटवार की आशंका को देखते हुए मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इन अभ्यासों में आग लगने पर नियंत्रण, घायलों को निकालना और प्रतिक्रिया का प्रदर्शन किया गया। यह अभ्यास नागरिकों को आपातकालीन स्थितियों के लिए तैयार करने तथा देश की सुरक्षा में उनकी भूमिका को स्पष्ट करने का एक प्रयास है।

बुधवार को नगर के चित्तौड़गढ़ पुलिस चौकी चौक पर एक व्यापक मॉक ड्रिल आयोजित किया गया। इस दौरान सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन भी किया गया। मामले में नगीना




सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि यह अभ्यास युद्ध जैसी स्थिति में लोगों को सही तरीके से प्रतिक्रिया देना सिखाने के लिए किया गया। उन्होंने कहा कि इस समय हालात युद्ध की ओर इशारा कर रहे हैं, ऐसे में जरूरी है कि लोग घबराएं नहीं और अफवाहों पर ध्यान न दें। साथ ही उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे भीड़भाड़ वाली जगहों से बचें, घरों के परदे खींचे रखें, लाइटें बंद रखें और अपने आस-पास के लोगों की खैरियत पूछते रहें।

इस मौके पर एडीएम प्रशासन विनय कुमार, एएसपी देहात विनय कुमार, एसडीएम आशुतोष जयसवाल, सीओ अंजनी कुमार, थाना प्रभारी तेजपाल सिंह, फायर सर्विस से प्रदीप शर्मा, जयप्रकश शर्मा, एम्बुलेंस ड्राइवर, डॉ.आशीष अहलावत आदि उपस्थित रहे। उधर नगर के गणमान्य लोगों में प्रमोद चौहान, सचिन शर्मा, अरविंद गहलौत, राजू ब्रेड वाले, डॉ. भूपेश कुमार, कय्यूम राइन, सुनील विश्नोई, प्रदीप कुमार गर्ग आदि बड़ी संख्या में सभासद व आम नागरिक मौजूद रहे।

## एक नजर

### तालाब में लगी आग

**स्योहारा।** नगर से मुरादाबाद मार्ग स्थित हाजी इलियास पेट्रोल पंप के पीछे सरकारी तालाब में तमाम पूराना कचरा है। अचानक उस कूड़े-कचरे में आग लग गई। आग इतनी भयंकर हो गई कि तालाब में खड़े हुए पेड़ों में भी आग लगना शुरू हो गई। आसपास के रहने वाले लोगों के घरों में धुआ ही धुआ हो गया और लोग दहशत में हो गए।



मौहल्लेवासियों ने मिलकर आग को बुझाने का प्रयास किया तथा दमकल विभाग की गाड़ी भी मौके पर पहुंच गई थी। काफी देर के बाद आग बुझ गई और लोगों ने राहत की सांस ली। बताते चले कि इस तालाब में पिछले वर्ष भी आग लग गई थी। आग इतनी भयंकर थी कि दमकल की गाड़ी को बुलाना पड़ा था। जिसने आग पर काबू पाया था। यदि समय रहते इस तालाब की सफाई व्यवस्था नहीं की गई, तो किसी दिन यह आग एक भयंकर रूप ले लेगी और लोगों को जान माल का नुकसान होने की भी संभावना बन जाएगी।

### चोरी के खुलासे की मांग



**हल्दौर।** नगर व्यापारियों में सपा नगर अध्यक्ष की दुकान में पुलिस द्वारा चोरी का खुलासा नहीं किए जाने पर थाने में मांग पत्र सौंपा। नगर के मौहल्ला टाटमोहरा पर सपा नगर अध्यक्ष प्रमोद कुमार उर्फ भोले की लोहे की दुकान है। करीब चार दिन पूर्व उनकी दुकान का शटर का ताला तोड़कर करीब तीन हजार रुपए की नकदी, बैटरा आदि सामान चोरी हो गया था। गुरुवार को प्रमोद कुमार उर्फ भोले, खुर्शीद, खिलेंद्र, गौरव अग्रवाल, महीपाल सिंह, नरेश कुमार, महेश कुमार, मनोज सिसौदिया आदि थाने पहुंचे। उन्होंने सपा नगर अध्यक्ष की दुकान की चोरी का शीघ्र खुलासा कराएं जाने की मांग को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार बैंसला को मांग सौंपा। थाना प्रभारी निरीक्षक ने चोरी का शीघ्र खुलासा कराएं जाने का आश्वासन दिया।

### खनन सामग्री से भरे डम्पर सीज

**नगीना।** तहसील क्षेत्र के थाना रायपुर देहात थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम फजलपुर पहाड़ा में अनियमितताओं के चलते खनन का पट्टा निरस्त होने के बाद कोटद्वार उत्तराखंड से आ रहे खनन सामग्री से भरे डंपरों को पुलिस प्रशासन ने चैकिंग के दौरान जरूरी कागजात न होने पर सीज कर दिया। नजीबाबाद एसडीएम विजय शंकर द्वारा तीन डंपरों को पकड़कर नगीना देहात पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने डंपरों को सीज कर दिया। थाना नगीना देहात क्षेत्र में सतीश सैनी का खनन का पट्टा जो फजलपुर पहाड़ा में स्थित था, उसे अनियमितताओं के कारण प्रशासन द्वारा निरस्त कर दिया गया था। उसके बाद उत्तराखंड कोटद्वार से खनन सामग्री भरकर डंपर नगीना देहात के रास्ते आने लगे। पुलिस प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन से अधिक खनन सामग्री के डंपरों को बिना प्रपत्रों के पकड़ कर सीज कर दिया।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मैंने अपने पुत्र सरफराज व पुत्रवधु हीना के अनैतिक कार्यों के कारण अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं तथा मैं अपने तीनों पुत्र शाहनबाज, सानिब, साहिल व अपनी पत्नी व पुत्री अनजाना व साइन के साथ रहता हूं और वहीं मेरी सेवा व देखभाल करते है। भविष्य में मेरे पुत्र सरफराज व पुत्रवधु हीना द्वारा किए गए किसी भी अनैतिक कृत्य या लेन-देन में मैं या मेरा परिवार उत्तरदायी नहीं रहेगा। **सत्तार पुत्र हफीज निवासी ग्राम पनियाला, थाना नूरपुर, तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर।**

# दुल्हा और दुल्हन पक्ष में मारपीट, कई घायल

## विवाद के कारण नहीं हुए फेरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** ग्राम मायापुरी में आई बारात में चढ़त के बाद दूल्हे को बग्घी से उतारते समय घरातियों तथा बारातियों में विवाद हो गया। दूल्हे के भाई ने सिर में कड़ा मारकर दुल्हन के भाई को घायल कर दिया। घटना के बाद मौके से दूल्हा भी कहीं चला गया, जबकि दुल्हन पक्ष के लोग थाने पहुंच गये।

बृहस्पतिवार को नांगल थानांतर्गत ग्राम मायापुरी में देवेन्द्र सिंह की पुत्री की बारात चमरिया, भागूवाला से आई थी। शाम लगभग 6 बजे बारात की चढ़त पूरी होने के बाद दुल्हन का भाई दूल्हे को बग्घी से उतारने के लिये गया था। दुल्हन पक्ष अगली रस्म को पूरी करने के लिये कह रहा था। जबकि दूल्हे का भाई और उसके दोस्त वहां डीजे पर डांस कर रहे थे और हटने को तैयार ही नहीं थे। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि दूल्हे के भाई ने दुल्हन के भाई रोहित के सिर में कड़ा मारकर उसे घायल कर दिया। सिर में कड़ा लगने से रोहित लहूलुहान हो गया।

किसी ने 112 पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस बल पहुंचा और झगड़े को शांत कराया। मौके से मारपीट करने वाले दूल्हे पक्ष के कई व्यक्ति तो फरार हो ही गये, खुद दूल्हा भी कहीं चला गया। उधर दुल्हन का घायल भाई रोहित तथा कई परिजन थाने पहुंचे और उन्होने पुलिस से शिकायत की। दुल्हन के पिता देवेन्द्र सिंह ने बताया कि विवाद के दौरान खुद दूल्हे ने उसका गिरेबान पकड़ लिया था। पुलिस ने घायल रोहित को मेडिकल परीक्षण के लिये समीपुर ( नजीबा. बाद ) भेज दिया था। झगड़े के कारण देर शाम तक फेरे नहीं हो सके थे। गांव के कुछ सम्भ्रांत व्यक्ति दोनों पक्षों में समझौता कराने के प्रयास कर रहे थे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद नहटौर, जनपद-बिजनौर**

पत्रांक:- 434/निविदा/न.पा.परि.नह./2025-26 दिनांक:- 07.05.2025

**अल्पकालीन निविदा आमन्त्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद नहटौर द्वारा राज्य वित्त आयोग/ बोर्ड फण्ड से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत वर्षा ऋतु में जल भराव की समस्या से बचाव हेतु बोर्ड की स्वीकृति की प्रत्याशा में नाला सफाई के कार्यों की निविदा आमंत्रित करना चाहती है। कार्यों का विवरण निम्नवत है:-

**वित्तीय वर्ष** 2025-26 **में राज्य वित्त आयोग/ पालिका निधि के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वीकृत कार्य**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मद का नाम | प्राकलन धनराशि | धरोहर धनराशि | निविदा शुल्क | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तलीझाड़ नाला सफाई का कार्य पुष्पेन्द्र मेडिकल स्टोर (हल्दौर चौराहा) से मुस्लिम फण्ड स्कूल (धामपुर रोड) तक तथा उससे लिंक नाले। | राज्य वित्त आयोग/ पालिका निधि | 498457.00 | 49845.00 | 587.00 | 15 दिवस |
| 2 | तलीझाड़ नाला सफाई का कार्य हैदर पान शॉप से श्री अनिल शर्मा की दुकान झालू रोड तथा उससे लिंक नाले। | राज्य वित्त आयोग/ पालिका निधि | 159523.00 | 15952.00 | 187.00 | 15 दिवस |
| 3 | तलीझाड़ नाला सफाई का कार्य पुलिस चौकी से सलेमपुर रोड तक एवं कोतवाली रोड तथा उससे लिंक नाले। | राज्य वित्त आयोग/ पालिका निधि | 225391.00 | 22539.00 | 265.00 | 15 दिवस |
| 4 | तलीझाड़ नाला सफाई का कार्य चांदपुर चुंगी से रामलीला ग्राउण्ड तक तथा उससे लिंक नाले। | राज्य वित्त आयोग/ पालिका निधि | 315312.00 | 31531.00 | 371.00 | 15 दिवस |
| 5 | तलीझाड़ नाला सफाई का कार्य धामपुर बाईपास रोड से नूरपुर बाईपास रोड तक तथा उससे लिंक नाले। | राज्य वित्त आयोग/ पालिका निधि | 490880.00 | 49088.00 | 578.00 | 15 दिवस |
| 6 | तलीझाड़ नाला सफाई का कार्य वार्ड नं.-01/08 मौ. तकियागढ़ी/ ईदगाह में एजेन्सी चौक से दुर्गा मन्दिर तक तथा उससे लिंक नाले। | राज्य वित्त आयोग/ पालिका निधि | 357797.00 | 35779.00 | 421.00 | 15 दिवस |
| 7 | तलीझाड़ नाला सफाई का कार्य श्री राजवीर की दुकान (हल्दौर चौराहा) से चांदपुर चुंगी तक तथा उससे लिंक नाले। | राज्य वित्त आयोग/ पालिका निधि | 381916.00 | 38191.00 | 449.00 | 15 दिवस |

निविदा प्रपत्र की बिक्री की अवधि दिनांक 09.05.2025 को प्रात: 11:00 बजे से दिनांक 16.05.2025 को दोपहर 02:00 बजे तक रहेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री एवं निविदा से संबंधित शर्तें दिनांक 09.05.2025 से दिनांक 16.05.2025 को दोपहर 02:00 बजे तक किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती हैं। उपरोक्त निविदाओं को दिनांक 16.05.2025 की सायं 04:00 बजे अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष महोदय के समक्ष खोला जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, नहटौर**
**जनपद-बिजनौर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, नहटौर**
**जनपद-बिजनौर**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद नहटौर, जनपद-बिजनौर**

पत्रांक: 424/न.पा.परि.नह./2025-26 दिनांक:- 05.05.2025

**अति अल्पकालीन कुटेशन/निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रीष्म ऋतु में जलापूर्ति सुचारू बनाये रखने हेतु बोर्ड स्वीकृति की प्रत्याशा में नगर पालिका परिषद नहटौर क्षेत्रान्तर्गत शुद्ध पेयजल व्यवस्था हेतु लिकेज मरम्मत में प्रयुक्त निम्नलिखित सामग्री क्रय करने हेतु वर्ष 2025-26 में लिकेज मरम्मत में प्रयुक्त निम्नलिखित सामग्री की दरें आमन्त्रित करना चाहती है। इच्छुक ठेकेदार/ सप्लायर अपनी कुटेशन (प्रति नग) की दर दिनांक 21.05.2025 को समय 02:00 बजे तक पालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त कुटेशन उसी दिन अध्यक्ष/ अधिशासी अधिकारी द्वारा खोली जायेंगी। कुटेशनदाताओं को अपनी कुटेशन के साथ 20,000.00 रु. की अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद नहटौर के नाम एफ.डी.आर. बंधक लगाना अनिवार्य होगा। निश्चित दिनांक एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाली कुटेशन/ निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम |
|---|---|
| 1 | डी ज्वाईन्ट 63 एम.एम. सी.आई. (रबड़ काबले सहित) |
| 2 | डी ज्वाईन्ट 90 एम.एम. सी.आई. (रबड़ काबले सहित) |
| 3 | डी ज्वाईन्ट 110 एम.एम. सी.आई. (रबड़ काबले सहित) |
| 4 | डी ज्वाईन्ट 140 एम.एम. सी.आई. (रबड़ काबले सहित) |
| 5 | डी ज्वाईन्ट 160 एम.एम. सी.आई. (रबड़ काबले सहित) |
| 6 | डी ज्वाईन्ट 200 एम.एम. सी.आई. (रबड़ काबले सहित) |
| 7 | डी ज्वाईन्ट 300 एम.एम. सी.आई. (रबड़ काबले सहित) |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद नहटौर**
**जनपद-बिजनौर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद नहटौर**
**जनपद-बिजनौर**

# गोकशी की बड़ी साजिश नाकाम

## मुठभेड़ में छह आरोपी गिरफ्तार, एक गोली लगने से घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए गौकशी की साजिश को नाकाम कर दिया। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनमें से एक आरोपी को गोली लगी है और उसका इलाज जारी है। मौके से अवैध असलहे, गौवध के उपकरण, वाहन और अन्य सामग्री भी बरामद की गई है।

यह कार्रवाई 7 मई की रात को की गई, जब थाना धामपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि 1 मई को ग्राम सेढी में हुई गौकशी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी दोबारा किसी बड़ी घटना की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने मंजपुरा क्षेत्र में घेराबंदी की। इसी दौरान एक वाहन आते हुए दिखाई दिया, जिसे रोकने पर उसमें सवार बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में एक आरोपी नौशाद शेख उर्फ अब्दुल रऊफ घायल हो गया। अन्य पांच अभियुक्तों को पुलिस ने घेराबंदी कर मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान नोशाद शेख, मोइन, जितेंद्र चौहान, इरफान, आसिफ, साजिद और इकबाल अहमद के रूप में हुई है। सभी अभियुक्त जनपद बिजनौर के निवासी हैं। फरार मुख्य आरोपी सोहेल उर्फ सोल्जर की तलाश की जा रही है, जिसके खिलाफ पहले से ही गौकशी व अन्य आपराधिक मामलों में कई मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस ने इनके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, दो खोखा कारतूस, दो जिंदा कारतूस, गौवध के उपकरण और एक वाहन (टाटा पिकअप) बरामद किया है। पुलिस मुठभेड़ के बाद दर्ज किए गए मुकदमे में अभियुक्तों पर गोवध अधिनियम, पशु क्रूरता अधिनियम व 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी धर्म सिंह के निर्देशन में इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना धामपुर राज. ेश चौहान, स्वाट टीम, सर्विलांस टीम सहित कुल 13 पुलिसकर्मी शामिल थे, जिन्हें विभाग द्वारा पुरस्कृत किए जाने की संभावना है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि 30 अप्रैल को यह गिरोह गौवध की एक अन्य घटना में भी शामिल था। पुलिस अब इनके आपराधिक नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है।

अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हमारी टीम ने बड़ी सतर्कता से गौकशी जैसे संवेदनशील अपराध को रोका है। फरार आरोपी की तलाश जारी है, जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## शेरकोट में ब्लैक आउट सफल

**शेरकोट।** जिला प्रशासन के आह्वान पर शेरकोट में रात्रि 8 बजे से 8:30 बजे तक ब्लैक आउट लगभग सफल रहा।

पहलगाम में आतंकियों द्वारा किये गए कायरतापूर्ण हमला कर धर्म पूछकर की गई हत्याओं के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच उत्पन तनाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए ब्लैक आउट का आह्वान किया था। जिसके चलते लोगो ने अपने घरों की लाइटे तथा दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दी थीं और दुकानों के बाहर लगी लाइटें बंद कर दी थीं। जिससे पूरे क्षेत्र में अंधेरा ही अंधेरा नजर आ रहा था। हालांकि कुछ लोगो ने प्रशासन के आह्वान की परवाह नहीं करते हुए अपने घरों की लाइटें जला कर रखी थीं और कुछ वाहन चालक भी अपने वाहनों की लाइटें जला कर घूमते नजर आए। इसके बावजूद ब्लैक आउट लगभग सफल रहा और पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूब गया। प्रशासन ने आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए अपनी तैयारी दिखाई और ब्लैक आउट का आह्वान किया।

## कोतवाली स्टार ने जीता बेसिक टीचर प्रीमियर लीग सीजन-4



### बॉलर ऑफ द टूर्नामेंट रहे सौरभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बेसिक टीचर प्रीमियर लीग सीजन 4 का फाइनल मैच नूरपुर और कोतवाली के बीच किरतपुर में कैप अकादमी में खेला गया।

कोतवाली स्टार टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 171 रन बनाए, जिसमें सौरभ ने 28 गेंदों में 3 छक्कों और 4 चौकों की मदद से 51 रन और प्रिंस राठी ने 17 गेंद में 2 छक्कों और 3 चौकों की मदद से 31 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। जवाब में नूरपुर की टीम 18.3 ओवर में 139 रन पर ऑल आउट हो गई। मैन ऑफ मैच प्रिंस राठी रहे, जिन्होंने 31 रन बना कर 4 विकेट भी लिए बॉलर ऑफ द टूर्नामेंट सौरभ रहे। कोतवाली के कप्तान मुकुल ने जीत का श्रेय टीम के सभी खिलाड़ियों को दिया। कोतवाली की टीम में कप्तान मुकुल, नितिन चौधरी, पारस मलिक, प्राशु चौधरी, सौरभ, नितिन काकरान, मंजीत ठाकरान, चांद, अरुणेश उज्जवल, वीर, राहुल शामिल रहे।

## चांदपुर में बिक रहा मिलावटी सरसों का तेल

### स्वास्थ्य से खुलेआम हो रहा खिलवाड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** पिछले काफी समय से नगर में सरसों के असली तेल के नाम पर कैमिकल युक्त सरसों के तेल की बिक्री शहर की अनेक परचूनों की दुकानों पर थोक व फुटकर में और कुछ तेल कोल्हुओं पर की जा रही है।

इस बारे में पिछले दिनों साप्ताहिक बाजारों में कुछ गली मोहल्ले में चल रही छोटी बड़ी दुक. ानों पर अरंडी का तेल केमिकल युक्त नकली सरसों के तेल की चर्चा के चलते मिलावटी तेल बाजारों से गायब हो गया था, लेकिन एक बार इसकी पुन: खासी चर्चा हो रही है। खाद्य विभाग चौकन्ना हो जाये और शहर की थोक और फुटकर परचून विक्रेताओं की दुकानों के साथ ही कुछ तेल कोल्हुओं पर छापेमारी करे तो नकली तेल का बड़ा व्यापार जग जाहिर हो सकता है। शहर के बाजारों में चाट, पकौड़ी, समोसा, सेल एवं ब्रेड पकोड़ा आदि इसी नकली तेल में तल कर बेचा जा रहा है जो किसी से छुपा नहीं रहा है। नकली मिलावटी केमिकल युक्त सरसों तेल की आड़ में ही अरंडी के तेल को केमिकल युक्त तेलों से मिक्स कर खुले में बेचा जा रहा है। इस बारे में कई तेल कोल्हू पर जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि हम तो सिर्फ पिलाई का काम करते हैं। अब सवाल यह है कि यह नकली और मिलावटी केमिकल युक्त सरसों का बना हुआ तेल कहां से और कौन ला रहा है। इस बारे संबंधित विभाग को खोज करने की जरूरत है। यह तेल बाजारों से ही परचून की दुकानों से अथवा कुछ तेल पावर कोल्हुओं से 100 रुपए प्रति लीटर मिल जाता है जबकि सरसों का तेल रूपए 180 से 200 तक मिल रहा है। इस तरह कम दर से अच्छा मुनाफा कमाने वाले कुछ लोग लोगों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं।

इस बारे में हमने नगर के वरिष्ठ समाजसेवी आजाद समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता जिला प्रभारी मोहम्मद ताहिर से बात की तो उनका कहना था कि अगर चांदपुर शहर और ग्रामीण इलाकों में या बाजारों में सरसों के असली तेल की जगह नकली व मिलावटी केमिकल युक्त तेल बेचा जा रहा है तो यह लोगों के जीवन से खिलवाड़ है, इसे तुरंत बंद करना चाहिए। ऐसे मुनाफाखोर लोगों के खिलाफ विभाग से अनुरोध करते हुए कहा कि वह ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें ताकि भविष्य में कोई लोगों के जीवन से खिलवाड़ ना कर सके।

## आरा मशीन में आग लगने से लाखों का नुकसान

### मशीनें व माल जलकर राख





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** एक आरा मशीन में बुधवार देर रात लगी आग से लाखों रुपयों का माल व मशीनें जलकर स्वाहा हो गई।अग्निशमन की तीन गाड़ियों ने तीन घण्टे की कड़ी मशक्कत के बाद बामुश्किल आग पर काबू पाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला नौधना निवासी शाकिब का मोहल्ले में ही ब्रश का हैंडल बनाने का काम है, जिसमे लगभग 40 कारीगर काम करते है। शाकिब ने बताया कि उसके यहां प्रतिदिन रात को ११ बजे तक कार्य होता है। लेकिन बुधवार को जिला प्रशासन के ब्लैक आउट के आह्वान पर आरा मशीन को रात 8 बजे बन्द करा दिया गया था। रात लगभग तीन बजे पड़ोसियों से आरा मशीन में आग लगने की सूचना पर जब वह मौके पर पहुँचा तो आग की बड़ी बड़ी लपटे उठ रही थी। जिसकी सूचना अग्निशमन विभाग व स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर पहुँची अग्निशमन की तीन गाड़ियों ने लगभग तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन पीड़ित ने अज्ञात द्वारा आग लगाने की आशंका व्यक्त की है। आरा मशीन स्वामी मोहम्मद शाकिब ने पुलिस को घटना की तहरीर दी है और आरोप लगाया है कि किसी ने रंजिशन आग लगाई है। पीड़ित के अनुसार आग से लगभग 25 से 30 लाख का नुकसान हुआ है।

पीड़ित ने बताया कि उसकी आरा मशीन पर सुआवाला निवासी मुकीम काम करता है। जो रात की भी चौकीदारी करता है। लेकिन दो दिन से छुट्टी पर था। यदि शायद कोई चोकीदार रहा होता तो शायद यह घटना घटित न होती। आग लगने की घटना की सूचना पर सपा नेता और पूर्व पालिकाध्यक्ष शेख कमरुल इस्लाम मौके पर पहुंचे और जिला प्रशासन से उचित मुआवजा दिलाए जाने की मांग की।

## शिक्षक संघ पदाधिकरियों का दौरा जारी

### शिक्षकों से मिलकर समस्याओं पर की चर्चा, निस्तारण का आश्वासन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने बुधवार को दयानंद जनता इंटर कॉलेज हीमपुर दीपा में पहुंचकर विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेशपाल सिंह तथा स्टाफ के सदस्यों से मुलाकात की। इस दौरान जिला अध्यक्ष गय्यूर आसिफ जिला मंत्री विनोद कुमार ने शिक्षकों से उनकी एनपीएस तथा अवशेष भुगतान से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की। साथ ही संगठन को मजबूत करने का आह्वान भी किया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेशपाल ने कहा कि ग्रामीण अंचल होने के कारण विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भी वह और उनका स्टाफ क्षेत्र के छात्रों को गुणवत्तापरक शिक्षा के प्रदान करने के लिए भरसक प्रयास कर रहे हैं। यही कारण है कि सत्र के आरंभ में भी विद्यालय में 60 से 70% तक छात्र उपस्थित हैं। विद्यालय में छात्रों की अच्छी उपस्थिति तथा कक्षाओं में शिक्षकों के नियमित पठन पाठन को देखकर जिला अध्यक्ष गय्यूर आसिफ ने विद्यालय के प्रधानाचार्य के प्रशासन की प्रशंसा करते हुए उनके उत्कृष्ट विद्यालय संचालन के लिए सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं। जिला मंत्री विनोद कुमार ने कहा की शिक्षक साथियों ने जो भी समस्याएं बताई है, उन सब पर शीघ्र ही जिला विद्यालय निरीक्षक से मिलकर बात की जाएगी और उनका समाधान निश्चित रूप से कराया जाएगा। इस दौरान प्रधानाचार्य योगेश पाल सिंह के अतिरिक्त विजयपाल सिंह, दीपक कुमार शर्मा, तेज प्रताप सिंह, विजेंद्र सिंह, जयकरण सिंह, विपिन कुमार, अरविंद कुमार तथा राजवंश सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## हमें अपने देश के फौजियों पर गर्व: हाजी लईक अहमद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** समाजसेवी वरिष्ठ कांग्रेस नेता हाजी लईक अहमद फरीदी ने वार्ता करते हुए कहा है कि भारत ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देकर पाकिस्तान को उसकी औकात दिखा दी है। उन्होंने कहा है कि हमें अपने देश के फौजियों पर गर्व है, जिन्होंने पाकिस्तान में घुस कर पहलगाम आतंकवादी हमले का बदला लिया है।

श्री फरीदी ने कहा कि हमारे देश की जांबाज महिला सैनिकों कर्नल सोफिया कुरैशी व कर्नल वयामिक सिंह, कर्नल अमरदीप सिंह ने अपनी जान पर खेलकर पाकिस्तान में घुसकर खूंखार आंतकवादी हाफिज सईद के परिवार को मिट्टी में मिलाकर आतंकवादियों को ईंट का जवाब पत्थर से देने का काम किया है। उनके ठिकानों को तबाह बर्बाद कर दिया, वह सराहनीय है। देश की जनता को अपने देश की बहादुर सैनिक महिला व सैनिकों पर गर्व है। जिन्होंने सिंदुर का बदला लेकर परिवार को सच्ची खिराजे अकीदत पेश की है। उन्होंने कहा है कि सेना ने आतंकवादियों व संरक्षण देने वाले पाकिस्तान पर की गई कार्यवाही से पूरे देश की जनता में उत्साह है। उन्होंने कहा है कि यदि सरकार का आदेश होगा तो हर एक मुसलमान अपने वतन के लिए मर मिटने को तैयार हैं। उसके लिए अपनी जान की कुर्बानियां देने को तैयार हैं। भारत का मुसलमान पाकिस्तान की हर एक नापाक हरकत से मुकाबला करने को तैयार है। जब देश को कोई मुसीबत आई है उस वक्त मुसलमानों ने हर एक परेशानी का डटकर मुकाबला किया है। देश का मुसलमान अपने देश के साथ खड़ा है।

## एक नजर

### पेंशनर जमा करें जीवित प्रमाण पत्र

**बिजनौर।** वरिष्ठ कोषाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि कोषागार बिजनौर से पेंशन प्राप्त करने वाले समस्त पेशनरों /पारिवारिक पेंशनरों को सूचित किया जाता है कि प्रतिमाह नियमित रूप से पेंशन का आहरण हेतु अपना जीवित प्रमाण पत्र वर्ष में एक बार निर्धारित समय पर जीवन प्रमाण पोर्टल सम्बंधित बैंक शाखा अथवा कोषागार कार्यालय में प्रस्तुत करने का कष्ट करें। अन्यथा की स्थिति में जीवन प्रमाण पत्र के अभाव में पेंशन का भुगतान स्वत: बाधित हो जाता है। कोषागार कार्यालय द्वारा पेंशनरों से निजि सूचनाएं, आधार नम्बर, पैन, ओटीपी आदि मोबाइल फोन पर किसी भी दशा में नहीं मांगी जाती है।

### शिविर में 30 यूनिट रक्तदान



**बिजनौर।** सारथी हम संस्था ने जिला अस्पताल में बुधवार को रक्तदान शिविर लगाकर 30 यूनिट रक्त दान किया है। संस्था साल भर में दो बार कैंप लगाकर रक्तदान करती है। शिविर का उद्घाटन एडीएम एफआर अरविंद कुमार ने फीता काटकर किया। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष डॉ. दीपेंद्र सिंह, उप प्रबंधक डॉ. निरुपमा चौधरी, महासचिव आशीष तोमर, डॉ. आशुतोष चौधरी, कानूनी सलाहकार, मोहित चौधरी, बल्ड संचालक विशाल चौधरी, कोषाध्यक्ष सचिन अग्रवाल, प्रशांत कुमार आदि मौजूद रहे।

### अशोक अध्यक्ष व सुहेल मंत्री चुने गए



**बिजनौर।** नरसिंह बार हॉल कलेक्ट्रेट में चकबन्दी कर्ता संघ का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें संघ के सभी सम्मानित सदस्यों द्वारा आम सहमति से अशोक कुमार, चकबन्दी कर्ता को संघ का अध्यक्ष एवं सुहेल अख्तर चकबन्दी कर्ता को मंत्री पद चुना गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद महेश पाल सिंह, कोषाध्यक्ष पद पर ओमकार सिंह, सम्प्रेषक जितेन्द्र कुमार, संगठन मंत्री रूपबसन्त को निर्विरोध चुना गया। इस चुनाव में सुमित बालियान, अध्यक्ष चकबन्दी लेखपाल संघ बिजनौर एवं देवानन्द श्रीवास्तव चकबन्दी कर्ता, शशिमोहन शर्मा एवं समस्त चकबन्दी कर्ता बिजनौर उपस्थित रहे। सचिन कुमार, चकबन्दी लेखपाल, तनिष्क कुमार, चकबन्दी लेखपाल का विशेष सहयोग रहा।

### कोतवाली देहात में मॉक ड्रिल

**कोतवाली देहात।** थाना पुलिस द्वारा कस्बे में मॉक ड्रिल की गई तथा लोगों को जागरूक किया गया। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सोलंकी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा कस्बे में नहटौर तिराहे पर मॉक ड्रिल की गई। इस दौरान पुलिस ने आपातकाल सायरन बजाया और लोगों को आपदा में होने पर बचाव के प्रति जागरूक किया। पुलिस द्वारा लोगों को आपदा में बचाव के तरीके बताए गए। इस दौरान काफी लोग एकत्र हो गए और मॉक ड्रिल को देखा। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

## आंगनबाड़ी सहायिका को सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कासमपुर गढ़ी।** प्राथमिक विद्यालय कासमपुर गढ़ी मे आंगनबाड़ी सहायिका नसीम जहां के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी।

बाल विकास अधिकारी परियोजना अधिकारी रीता देवी, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं व स्कूल स्टाफ ने उन्हें सम्मान स्वरूप उपहार भेंट किये। नसीम जहां एक गरीब विधवा महिला है जो कम उम्र में ही विधवा हो गई थी और उन्होंने सहायिका के पद पर रह कर अपने बच्चों को पालन पोषण किया। नसीम जहां ने उनका विदाई समारोह करने पर बाल विकास परियोजना अधिकारी रीता देवी, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं तथा अध्यापकों का शुक्रिया अदा किया।

इस अवसर पर शिखा चौहान, आदेश, मंजू देवी, शमा परवीन, अनीता देवी, सुमन, सरोज, ज्ञानवती, निखिल सैनी, निखत परवीन, सुधीर कुमार आदि उपस्थित रहे।

## 220 मरीजों का नेत्र परीक्षण

**नगीना।** निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश द्वारा सिटी डिग्री कॉलेज नगीना में नि:शुल्क आँखों के कैम्प का आयोजन किया गया। आयोजकों ने बताया कि कैम्प में 220 मरीजों की आंखों की जाँच की गई। जाँच उपरान्त ऐसे 34 मरीज जिनको मोतियाबिंद था, उनको लेंस डालने के लिए निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश के लिए डॉक्टरों की टीम के साथ रवाना कर दिया।

## अज्ञात वाहन से टकराकर साइकिल सवार की मौत

**नूरपुर।** क्षेत्र के गांव सुनगढ़ निवासी सुखदेव सिंह पचास वर्ष अपनी साइकिल से चांदपुर क्षेत्र की सरिया फेक्ट्री में रात्रि ड्यूटी करने जा रहा था। जब वह क्षेत्र के गांव तंगरौली आजमपुर धूंधली के पास पहुंचा तो किसी अज्ञात गाड़ी ने उसकी साइकिल में पीछे से जोरदार टक्कर मारी दी। वह अज्ञात गाड़ी वाला टक्कर मार कर मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने टक्कर लगने से घायल हुए साइकिल सवार को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए सरकारी एम्बुलेंस से सीएचसी अस्पताल नूरपुर पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सुखदेव सिंह के परिवार को सड़क दुर्घटना में हुई मौत की खबर दी तो परिवार वालों की पैरों की जमीन खिसक गई। वह परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई हैं।

## नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** ग्राम शेर नगर नारायणी में चल रहे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन होने पर खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। टूर्नामेंट में फाइनल मैच मिलक जहांगीराबाद और सेढ़ा की टीम के बीच खेला गया, जिसे सेढ़ा की टीम ने जीत कर ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमा लिया।

गांव के ही मैदान में नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। इस टूर्नामेंट में जिले बिजनौर की क्रिकेट टीमों ने हिस्सा लिया था। टूर्नामेंट के फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे आजाद समाज पार्टी नेता आरिफ मलिक ने रनर टीम और विजय टीम को ट्रॉफी देकर उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही विजेता टीम को 16000 रुपए की धनराशि बतौर पुरस्कार दिए। इस अवसर पर आसपा के उत्तर प्रदेश के प्रदेश सचिव आरिफ मालिक ने कहा कि खेलकूद जीवन में अनेक उत्तम गुणों का विकास करता है। खेलों से शरीर चुस्त, फुर्तीला एवं बलिष्ठ होता है। उन्होंने कहा हार जीत की परवाह किए बगैर खेलना चाहिए। हार-जीत कोई मायने नहीं रखती है, बल्कि हारने वाले को भविष्य में जीतने की प्रेरणा मिलती है। हार जीत की परवाह किए बगैर खेलना चाहिए। खेलकूद के जरिये खिलाड़ियों में सामूहिक खेलकूद की भावना का विकास होता है।

इस मौके पर मरगूब मुल्तानी, फरहान अंसारी, इस्लाम अल्वी, इकरार मलिक, नदीम मलिक, खालिक मलिक, राशिद मलिक, रिजवान मलिक, सादिक मलिक, रेहान मलिक, आकिब मलिक, सद्दाम मलिक, अरबाज मलिक आदि मौजूद रहे। आजाद समाज पार्टी के प्रदेश सचिव आरिफ मालिक ने गांव के लोगों का शुक्रिया अदा करते हुए आगे भी इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित कराते रहने का आह्वान किया।



सम्भल। हिंसा मामले में दूसरी बार अपने बयान दर्ज कराने जाते सदर विधायक पुत्र सुहैल इकबाल।

# हादसे में पांच माह के मासूम संग मां की मौत

**ममेरे भाई की शादी में शामिल होकर लौट रहे थे बाइक सवार, तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर, पुलिस ने लाश को कब्ज़े में लेकर पीएम को भेजी**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** ममेरे भाई के विवाह से लौटते बाइक सवार को सीमेंट से भरे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में पांच माह के बेटे और माँ की दर्दनाक मौत हो गयी जबकि बाइक चालक घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। चिकित्सक ने मासूम और उसकी मां को मृत घोषित कर दिया।

गुरूवार को असमोली थाना क्षेत्र के ग्राम मदाला निवासी प्रशांत कुमार अपनी बहन ललिता व पत्नी पारूल और पाँच माह के बेटे को लेकर बाइक से ममेरे भाई की शादी में शामिल होने कसेरूआ गया था। शादी कार्यक्रम में शामिल होकर वह गुरूवार को बाइक से अपने घर लौट रहा था। बाइक सवार आमसेली मार्ग स्थित नखासा थाना क्षेत्र की भोलेश्वर पुलिस चौकी के निकट पहुंचे तभी तेज गति में सीमेंट से भरे आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में पारुल और निशांत की मौके पर ही मौत हो गई। प्रशांत और उनकी बहन ललिता घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घायलों को जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने मां और बेटे को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



बबराला। आपरेशन सिंदूर की पेंटिंग के साथ सेल्यूट करती मिस्टी।

**6 मई को कोतवाली में पांच घंटे तक की गई थी पूछताछ, दो दिन बाद फिर पूछताछ करने को कोतवाली बुलाया**

# सदर विधायक पुत्र से दूसरी बार एसआईटी ने की पूछताछ

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** शाही जामा मस्जिद में दूसरी बार सर्वे के दौरान हुई हिंसा के मामले मे सपा के सदर विधायक पुत्र दूसरी बार वकीलों के साथ एसआईटी के समक्ष अपने बयान दर्ज कराने के लिए कोतवाली पहुंचे।

विगत 24 नवम्बर 24 को शाही जामा मस्जिद में दूसरी बार सर्वे कराने के दौरान हिंसा भड़क गयी थी। पथराव आगजनी में कई वाहनों को फूंका गया था जबकि पांच की मौत हुई थी और दर्जनों पुलिस कर्मी व अधिकारी के साथ प्रशासनिक अधिकारी भी घायल हुए थे। हिंसा की न्यायिक आयोग के साथ एसआईटी की टीम जांच कर रही है। सपा के क्षेत्रीय सांसद जियाउर्रहमान बर्क के साथ सदर विधायक इकबाल महमूद के पुत्र सुहैल इकबाल अपराध संख्या 335/24 में नामज़द आरोपी बनाया गया हैं। सांसद जियाउर्रहमान बर्क विगत माह 8 अप्रैल को एसआईटी के समक्ष नखासा थाने में अपने बयान दर्ज करा चुके हैं। जबकि 23 मार्च को 4 घंटे की पूछताछ के बाद शाही जामा मस्जिद इंतजामियां कमेटी के सदर जफर अली को जेल भेजा जा चुका है। सांसद और विधायक पुत्र सुहैल इकबाल पर हिंसा के लिए भीड़ को उकसाने व साजिश रचने का आरोप है। जांच कर रही एसआईटी ने विधायक पुत्र सुहैल इकबाल को पूछताछ के लिए धारा 35 का नोटिस तामील कराया था। 6 मई मंगलवार को सदर विधायक इकबाल महमूद के पुत्र सुहैल इकबाल को एसआईटी ने बयान दिलाने के लिए कोतवाली में बुलाया था। करीब पाँच घंटे तक चली पूछताछ के विधायक पुत्र से हिंसा को लेकर काफी सवाल किए थे। गुरूवार को विधायक पुत्र को दोबारा पूछताछ के लिए कोतवाली बुलाया गया। वकीलों के विधायक पुत्र सुहैल इकबाल सदर कोतवाली पहुंचे। दोपहर करीब एक बजे सुहैल इकबाल को एसआईटी की टीम ने कोतवाली प्रभारी के केबिन में बुला लिया। उनके अंदर जाते ही साथ आई वकीलों की टीम कोतवाली परिसर में ही डट गई। करीब डेढ़ घण्टे तक एसआईटी ने सुहैल इकबाल से पूछताछ की। एसआईटी की पूछताछ के दौरान साथ गए सभी अधिवक्ताओं को बाहर रोक दिया गया था। बयान देकर बाहर आए विधायक पुत्र सुहैल इकबाल ने कहा कि एसआईटी ने मुझसे जो सवाल किए उसके मैने जवाब दे दिए है। उन्होने जांच में पूछे गए सवालों की जानकारी देने से इंकार कर दिया। बोले कि विवेचना का हिस्सा है इसलिए किसी सवाल की कोई जानकारी नहीं दी जा सकती। साथ ही कहा कि वह जांच में पूरा सहयोग करेंगे। उन्हे जब-जब बुलाया जायेगा वह बयान देने आते रहेंगे। उन्होने कहा कि एसआइटी हिंसा की जांच कर रही है। जांच में वह पूरी तरह से सहयोग कर रहे है। पूर्व में भी जब उन्हे बुलाया गया था वह आये थे और एसआइटी की टीम ने उनसे जो भी सवाल किए थे उसके उन्होने जवाब दे दिये थे। गुरूवार को फिर उन्हे दूसरी बार बुलाया गया वह पहुंचे और अपने बयान दर्ज कराये। बता दें कि 24 नवम्बर को शाही जामा मस्जिद में दूसरी बार सर्वे कराये जाने से हिंसा भड़की थी। हिंसा की जांच को नियुक्त एसआईटी की टीम शाही ने जामा मस्जिद इंतेजामिया कमेटी के सदर जफर अली को पूछताछ के लिए बुलाया था। जिन्हे जेल भेज दिया गया था। हिंसा में जेल गए आरोपियों की अभी जमानत नही हो चुकी है। जबकि निचली अदालत से आरोपियों की जमानत अर्जी को खारिज किया जा चुका है।

# कक्षा सात की मिस्टी ने ऑपरेशन सिंदूर पर बनाई पेंटिंग

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** नगर के लेखपाल कालोनी निवासी योगेन्द्र राजपूत की बेटी मिस्टी राजपूत ने चित्रकारी से आपरेशन सिंदूर की पेंटिंग बनाई है। इसमें पहलगांव की घटना को दिखाने की कोशिश की है। मिस्टी राजपूत यारा फर्टिलाइजर डीएवी स्कूल बबराला में कक्षा सात की छात्रा है। उसने बताया कि मिनी स्विट्जरलैंड कहे जाने वाले पहलगांव में कैसे आतंकवादियों ने पर्यटकों के साथ नव विवाहित जोड़ों के जिनके हाथों की मेहंदी भी नहीं छूटी थी। इस पूरी दुर्घटना ने पूरे भारत हमारे देश के हिन्दू दुर्व्यवहार किया। जिसमें सिंदूर को मिटाया। की जनता को झकझोर दिया। मैने इसको चित्र के माध्यम से पेंटिग बनाई। इस दुर्घटना से सभी दुखी तो हुए लेकिन हमारे भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा जो दिल में ठानी गई बात को आज मुमकिन कर दिखाया कि भारत से जो कोई भी टकराएगा उसका यही हश्र होगा। 14वें दिन पाकिस्तानियों पर हमला कर आतंकियों को मार गिराया। हमारे उन वीर जवानों को बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार कि उन्होंने अपनी जान की बाजी लगाकर हमारे देश का नाम फिर से रोशन किया।वह चित्रकला में चित्र भूषण का डिप्लोमा चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी से भी कर रही है।

**तस्वीर में पाक पर हमला और सेना के जवानों का आभार**

## बबराला में रहा ब्लैक आउट

**बबराला।** नगर में उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देशों के अनुसार बाजार जल्द बन्द हो गया और लोगों ने अपने घरों की लाइट बन्द की।

नगर में ब्लैकआउट रखने के निर्देशों के पालन के तहत बाजार बंद कर दिया गया और नगर में पुलिस घूमती रही।नगर में ब्लैकआउट को लेकर ईओ अमरेश तिवारी ने नगर लोगों के साथ ब्लैक आउट पर लेकर बैठक की थी।जिसमें ब्लैक आउट रखने को लोगों से कहा था।लोगों ने इसमें सहभागिता करने के उद्देश्य से शाम सात बजे अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए और अपने घरों को चले गए। पुलिस भी नगर में पहुंच गई और उसने लोगों से ब्लैक आउट रखने में सहयोग की बात कही।



सम्भल। पाकिस्तान का ध्वज जलाकर खुशियां मनाते इतिहास संकलन समिति के कार्यकर्ता।

# वीडियो बनाने वाले व मौके के गवाहों के बयान लेंगे जांच अधिकारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** पुलिस उपाधीक्षक की वर्दी व सेवा नियमावली के उल्लंघन की शिकायत की दूसरी बार की जा रही जाँच की अनतरिम रिपोर्ट जाँचाधिकारी ने सौंप दी है। जाँचाधिकारी अब डिप्टी एसपी अनुज चौधरी मामले में वीडियो बनाने वाले व मौके के गवाहों के बयान लेंगे।

आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व आईपीएम अमिताभ ठाकुर ने डिप्टी एसपी अनुज चौधरी के खिलाफ सेवा नियमावली व वर्दी के उल्लंघन की शिकायत की थी। शिकायत की जांच में निर्वतमान पुलिस उपाधीक्षक अनुज चौधरी को क्लीन चिट दे दी थी। क्लीन चिट पर शिकायत कर्ता पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने आपत्ति दर्ज की थ। जिस पर दूसरी बार जांच सौंपे जाने पर शिकायत कर्ता को बयान देने के लिए बुलाया गया था। पांच मई को शिकायत कर्ता पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने सम्भल पहुंचकर अपने आरोपों के संबंध में 18 संलग्नक सहित 33 पृष्ठ में अपना बयान और सबूत प्रस्तुत करते हुए अनुज चौधरी पर 6 आरोप लगाए थे। इनमें सरकारी कार्य के दौरान अवांछनीय रूप से स्वयं को एक धार्म विशेष के अतिशय समर्थन क रूप म प्रस्तुत करना, अपने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से जानबूझकर धर्म विशेष के समर्थन के रूप में प्रस्तुत करना, अपनी टिप्पणियों के माध्यम से एक दूसरे धर्मिक समुदाय की आलोचना और निंदा करना तथा यूपी पुलिस की सोशल मीडिया पॉलिसी, यूपी सरकार के मीडिया उपयोग व वर्दी के उपयोग के संबंध में डीजीपी के सर्कुलर का उल्लंघन किए जाने के आरोप शामिल हैं। सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने बताया कि शिकायत में जांच अधिकारी एएसपी श्रीश्रीश चंद्र ने अपनी अंतरिम रिपोर्ट में बताया है कि वे इस मामले से संबंधित वीडियो बनाने वालों और मौके पर मौजूद गवाहों के बयान लेंगे। इससे पूर्व अमिताभ ठाकुर ने 5 मई को इस संबंध में श्रीश चंद्र ने 7 पृष्ठों के अपने अंतरिम आख्या में कहा है कि अमिताभ ठाकुर द्वारा जो साक्ष्य प्रस्तुत किए गए हैं, उनमें वीडियो क्लिप के लिंक अंकित हैं. इसलिए इस मामले में वीडियो बनाने वालों व मौके पर मौजूद अन्य गवाहों के बयान लिए जाने ज़रूरी हैं, जिससे गहराई से साक्ष्य संकलित करके वास्तविक तथ्य प्राप्त किया जा सकें। श्री श्रीश चंद्र ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि इसके लिए अन्य गवाहों को बयान के लिए अलग से अवगत कराया जा रहा है। बता दें कि पुलिस उपाधीक्षक अनुज चौधरी का तबादला चन्दौसी सी ओ के पद पर किया जा चुका है।

**पूर्व आईपीएस की आपत्ति पर दोबारा शुरू हुई जांच**

## सड़क हादसे में बाइक सवार दम्पति घायल

**बबराला।** बाइक सवार दम्पत्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों घायल हो गए।

जिला बुलंदशहर थाना व नगर नरौरा खादर निवासी सौरभ पुत्र मनवीर सिंह अपनी पत्नी सोनम के साथ जिला बरेली के बहेड़ी रिश्तेदारी में जा रहे थे जैसे वह गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के नगर बबराला इंद्रा चौंक के नजदीक पहुंचे तो अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक पर सवार दंपती सौरभ व सोनम घायल हो गई। जिनको एंबुलेंस से राहगीरों की मदद से गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां उनका उपचार चल रहा था।

# आपरेशन सिंदूर से पीएम ने चुकाया मां बहनों का कर्ज़: अजय

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** भारतीय फौज द्वारा पाकिस्तान में आतंकी अडडों को ध्वस्त करने की कार्यवाही पर प्रसन्नता जताते हुए इतिहास संकलन समिति के सदस्यों ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर भारत माता की जय जयकार की। एक दूसरे को मिठाई वितरित की और पाकिस्तानी झंडे को आग के हवाले करके आतंकवाद हाय हाय, पाकिस्तान मुर्दाबाद की आवाज बुलंद की।

जनता पेट्रोल पंप के पास नगर के मुख्य मार्ग पर इतिहास संकलन समिति के सदस्यों ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराकर भारत माता की जय जयकार की। आने जाने वालों को मिठाइयां वितरित की और सेना द्वारा पाकिस्तान के आतंकी अडडों को नेस्तानाबूद करने की सफल कार्यवाही पर गर्व किया।पाकिस्तानी झंडों को आग के हवाले करते हुए पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद हाय हाय की आवाज बुलंद की। समिति के जिला अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि पाकिस्तान ने कायरों की तरह छुपकर मारा है और भारत ने ऐलान करके मासूमों के हत्यारो को घर में घुसकर परिवार सहित मौत के घाट उतारा है। उन्होंने मां बहनों की मांग का सिंदूर उजाड़ने वालों को सेना द्वारा मौत के घाट उतारने पर खुशी व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री को धन्यवाद देकर कहा कि वास्तव में प्रधानमंत्री ने मां बहनों के सिंदूर का कर्ज उतार दिया है। जिला महामंत्री सुबोध कुमार गुप्ता, पंकज सांख्यधर, अतुल कुमार शर्मा, प्रिंस शर्मा एडवोकेट, कशिश कौशल एडवोकेट, उमेश सैनी, अतुल कुमार शर्मा, सुभाष चंद्र शर्मा, शलभ रस्तोगी, वीकेश शर्मा, विनोद कुमार अग्रवाल, अरुण कुमार अग्रवाल, सरदार रंजीत सिंह, विशेष कुमार शर्मा, रोहित वाल्मीकि, हीरालाल शर्मा, शोभित गुप्ता आदि अनेक समिति कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाये।

**इतिहास संकलन समिति ने जलाए पाक के ध्वज**



सम्भल। एक दूसरे को सिंदूर लगाती नारी उत्थान समिति की महिलाएं।

इश्तहार मजरिया

**न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) गुन्नौर सम्भल**

**प्रकीर्ण वाद सं. 32 सन् 2024**

पुष्पेन्द्र कुमार आ. 39 वर्ष, देवेश आ. 37 वर्ष, मनोज आ. 32 वर्ष पुत्रगण वीरेन्द्र सिंह , स्वेच्छा आ. 30 वर्ष पुत्री वीरेन्द्र सिंह नि. रजपुरा परगना रजपुरा तह. गुन्नौर जिला सम्भल।

बनाम

1.शशिबाला आ. 32 वर्ष पत्नी पुष्पेन्द्र,2. प्रज्ञा ना.बा. 7 वर्ष पुत्री पुष्पेन्द, 3. हर खासोआम ग्राम रजपुरा परगना रजपुरा तह. गुन्नौर जिला सम्भल।

प्रार्थना पत्र द्वारा पुष्पेन्द्र कुमार ऐलान उपरोक्त बाबत हासिल करने सक्सेशन सर्टीफिकेट तेजवती मूरिस अपने अन्तर्गत धारा 372 भारतीय सक्सेशन एक्ट 39 सन् 1925 ई.। विदित हो कि पुष्पेन्द्र कुमार उपरोक्त साऐलान ने प्रार्थना पत्र वास्ते हासिल करने सक्सेशन सर्टीफिकेट इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जो दर्ज रजिस्टर हुआ और सुनवाई हेतु तिथि 14.05.2025 नियुक्त की गयी है। सो यह इश्तिहार जारी किया जाता है कि यदि आपको या किसी को निस्बे दरख्वास्त मजकूर की कोई उज्र हो तो तिथि नियत पर न्यायालय में 10 बजे दिन उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रमाण पत्र की सुनवायी की जायेगी ओर आपत्ति नहीं सुनी जायेगी।

**प्रबंधक**
**सिविल जज (जू.डि.) गुन्नौर,सम्भल**

## चोरी से बिजली जलाने वाले पांच पर एफआईआर दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** नगर की लोहिया कॉलोनी व सर्राफा बाजार में 5 लोगों के विरुद्व एफआईआर दर्ज की गई है। जबकि 18 कनेक्शन काटने के बाद 50 हजार बिजली का बिल वसूल किया गया।

गर्मी का मौसम चल रहा है ।बिजली की खपत काफी है। घरों में एसी, कूलर, पंखे, फ्रिज आदि उपकरण चल रहे हैं। ऐसे में नगर के कुछ इलाकों में लोग बिजली चोरी से जलाते हुए पकड़े गए हैं। जिसमें 5 लोगों के विरुद्ध बिजली चोरी की एफआईआर दर्ज कराई गई है। बिजली का बिल जमा नहीं करने पर 18 कनेक्शन काट दिए गए हैं।वहीं 50 हजार रुपये बिजली का बिल वसूल किया गया है। अवर अभियंता दिनेश कुमार ने बताया कि 5 लोगों द्वारा चोरी की बिजली जलाने पर एफआईआर दर्ज कराई गई है। वहीं बिजली का बिल जमा नहीं करने पर 18 कनेक्शन काट दिये गए हैं। जबकि 50 हजार रुपए बिजली का बिल बसूल किया गया है। इस दौरान विजिलेंस टीम एसडीओ सूर्यकांत शर्मा व कर्मी मौजूद रहे।

# प्रतियोगी परीक्षाओं में निःशुल्क कोचिंग पाने को करें आवेदन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सिविल सेवा एवं नीट और एस एस सी व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को निःशुल्क शैक्षणिक सत्र की शुरुआत 1 जुलाई से होगी। इच्छुक छात्र-छात्रायें निःशुल्क कोचिंग पाने को अपने आवेदन 22 मई तक दिये जा सकते है।

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत मेधावी छात्र-छात्राओं को जिला समाज कल्याण विभाग की और से नीट, सिविल सेवा और जेईई व एसएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग कराया जाता है। निःशुल्क कोचिंग पाने के लिए 7 मई तक आवेदन मांगे गए थे लेकिन अब यह तिथि को बढ़ाकर 22 मई कर दिया गया है। कोचिंग निःशुल्क पाने के लिए इच्छुक मेधावी छात्र-छात्रायें अपने आवेदन 22 मई अन्तिम तिथि तक भेज सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को कोचिंग राजकीय पॉलिटेक्निक चन्दौसी और एम जी एम पी जी कॉलेज सम्भल में दिया जायेगा।

## तिरंगा मार्केट पर फहराया झंडा

**सम्भल।** तिरंगा मार्केट में सभी दुकानदारों ने आपरेशन सिंदूर के सफल होने, रावलपिंडी में स्टेडियम ध्वस्त होने, लाहौर में ड्रोन आक्रमण करने तथा पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम तबाह करने पर आतिशबाजी छोड़कर खुशी मनाई। भारतीय सेना जिंदाबाद कहकर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। दुकानदारों ने भारतीय सेना के साहस, पराक्रम और शौर्य का अभिनंदन करते हुए आतिशबाजी छोड़ी।

# पांच माह पूर्व हिंसा के तीन आरोपियों को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से जमानत मंजूर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** हिंसा के मामले में जेल में निरूद्ध तीन आरोपियों की इलाहाबाद उच्च न्यायालय से जमानत आवेदन मंजूर कर ली गई है। विगत वर्ष 24 नवम्बर 24 को हुई हिंसा के बाद से गिरफ्तार आरोपियों में तीनों को पांच माह 13 दिन बाद जमानत मंजूर की गई है।

शाही जामा मस्जिद में दूसरी बार वकील कमिशनर के मुआयने के दौरान हिंसा भड़क गयी थी। हिंसा में पांच की मौत हुई थी। जबकि दर्जनों पुलिस कर्मी और प्रशासनिक अधिकारी घायल हुए थे। इनमें से एक मृतक के परिजनों की और से कोई कार्रवाई नहीं करने पर मौतों की संख्या चार मानी जाती है। हिंसा में पुलिस की और से 83 को जेल भेजा गया है। पांच माह पूर्व हिंसा में गिरफ्तार किए गए आरोपी मुरादाबाद कारागार में बंद हैं। आरोपियों के जमानत आवेदन को जिला सत्र अदालत में नामंजूर कर दिया गया था, लेकिन अब इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सदर कोतवाली में दर्ज अ.सं. 334/24 एवं 337/24 में रेहान की जमानत मंजूर की गयी है, जबकि शहर कोतवाली में दर्ज अ. संख्या 337/24 में शाने आलम व फैजान का जमानत आवेदन भी मंजूर किया गया है। अधिवक्ता इरशाद अहमद ने बताया ने कि इलाहबाद हाईकोर्ट में कोर्ट नं 86 के न्यायामूर्ति गौतम चौधरी ने रेहान, फैजान एवं शाने आलम की जमानत याचिका को मंजूर किया है। उन्होंने बताया कि तीनों कई-कई मुकदमों में आरोपी हैं, अभी तीनों को एक-एक मुक़दमे में जमानत मिली है।

# वेतन न मिलने से आहत विद्युतकर्मी बैठे धरने पर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** वेतन न मिलने से आहत संविदा विद्युत कर्मचारियों का रोष फूट पड़ा। गुस्साय कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार किया और वेतन नहीं मिलने पर पूरे जिले में भूख हड़ताल की चेतावनी दी।

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन निविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले संविदा कर्मचारी धरने पर बैठ गए। गुस्साय कर्मचारियों ने वेतन न मिलने पर रोष प्रकट करते हुए बताया कि पूरे जिले में लगभग 800 कर्मचारियों का जनवरी माह का वेतन का कुछ अंश लगभग 3500 रूपया मई माह का वेतन लगभग 25 लाख रूपया है। इससे आहत होकर कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार कर दिया। कर्मचारियों ने धरने पर बैठकर नारेबाज़ी की और माह जनवरी का रूका हुआ वेतन का भुगतान नहीं करने पर तीनों डिवीजन में भूख हड़ताल करने की चेतावनी दी है।

**भुगतान न करने पर भूख हड़ताल की चेतावनी**

# एक दूसरे को सिंदूर लगाकर नारी शक्ति को भेजा सलाम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** नारी उत्थान समिति की महिलाओं ने सिंदूर एक दूसरे को लगाकर सेना को नारी शक्ति को सलाम भेजा। कहा कि सिंदूर और हमारी सेना दोनों अमर है, यह हमारी शक्ति-विश्वास और भारतीयता का प्रतीक है। महिलाओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी की इजहार किया। एक सुर में भारत माता की जय, हिन्दुस्तान जिंदाबाद और वंदे मातरम् के नारे लगाए।

उप नगरी सराय तरीन के मौहल्ला पीला खदाना स्थित कार्यालय पर एकत्रित हुई नारी उत्थान समिति की महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर और मिठाई खिलाकर भारतीय सेना की सफलता पर जश्न मनाया। इस दौरान समिति की अध्यक्ष सीमा आर्य ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत ने जो कार्रवाई की, वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आतंकियों ने हमारे सिंदूर को मिटाने की कोशिश की थी, लेकिन सेना के जवानों ने 'सिंदूर का बदला सिंदूर से' लिया। उन्होंने कहा कि सिंदूर अमर है और भारतीय सेना की ताकत से अब कोई इसे मिटा नहीं सकता। आपरेशन सिंदूर से हर भारतीय गर्व महसूस कर रहा है। मिथलेश ने बताया कि महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर यह संदेश दिया कि सिंदूर सिर्फ श्रृंगार नहीं, बल्कि आत्म-सम्मान, बलिदान और देश-प्रेम का प्रतीक है। इस मौके पर रेखा, बबीता, जावित्री, कुसुम, प्रेमवती, प्रेमलता आदि मौजूद रही।

## गाय के साथ युवक ने किया कुकर्म

**सम्भल।** नखासा थाना क्षेत्र के गांव के एक व्यक्ति ने चार माह की बछिया के साथ किया कुकर्म आनन फानन में सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी मौके से फरार हो गया। इसी बीच मौका पाकर युवक बछिया खोलकर निर्माणाधीन मकान के कमरे के अंदर ले गया। और युवक ने बछिया के साथ कुकर्म किया खेत से घर लौटे ग्रामीण ने देखा कमरे की दीवार पर खून और बछिया से ठीक से खड़ा भी नहीं हुए जा रहा था। इस बात की शिकायत करने व्यक्ति युवक के घर पहुंचा आरोप है कि युवक अपने परिजनों के साथ मिलकर गाली-गलौज करने लगा सूचना मिलने पर डायल 112 और देहपा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मनीषा उर्फ नेनसी पुत्री राजेश प्रसाद नि. शाहजीपुरा सराय तरीन थाना हयात नगर दि. 20.02.2025 को घर से बिना बताये चली गयी है। जिसके सम्बंध में आज तक कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी है। उक्त सम्बंध में थाना हयात नगर पर मु. अ. सं.48/25, धारा 87 बीएनएस पंजीकृत है। यदि किसी को जानकारी हो तो कृप्या मो. नं. 8273737338 व 9454404040 पर सूचना देने की कृपा करें।

सुधीर कुमार (उपनिरीक्षक)
पुलिस चौकी सराय तरीन थाना हयात नगर
जनपद सम्भल

**खोया-पाया**

मेरी हाईस्कूल माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश वर्ष 2019 की अंकतालिका अनुक्रमांक 753584 वास्तव में कहीं गुम हो गयी है।

**आशुतोष पुत्र श्री देवेन्द्र सिंह निवासी शहबाजपुर सूरा नगला थाना व जनपद सम्भल।**

# टीएमयू में पूज्य संतों को कराई जैन स्टुडेंट्स ने आहारचर्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के संत भवन में परम पूज्य आचार्य श्री प्रसन्नसागर महाराज जी के संघस्थ प्रवर्तक श्री 108 सहज सागर जी मुनिराज एवं निर्यापक मुनि 108 श्री नवपदमसागर जी मुनिराज को पड़गाहन करके आहार कराने का सौभाग्य श्रावक-श्राविकाओं को मिला। टीएमयू के करीब सौ विद्यार्थियों ने नवधा भक्तिपूर्वक मुनिश्री एवम् संघ के समस्त साधुओं को आहार दिया। श्रावक- श्राविकाओं ने मुनिश्री की मौजूदगी में नियम भी लिए। दूसरी ओर व्रत प्रभा माता जी का भी टीएमयू कैंपस में मंगल प्रवेश हो गया है। जिनालय में प्रवर्तक मुनिश्री 108 सहज सागर जी के दिव्य सानिध्य में विधि-विधान से अभिषेक और शांतिधारा हुई। संत भवन में शाम को आरती और भक्ति में टीएमयू की फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन ने भजन की प्रस्तुति देकर सभी का मन हर्षित कर दिया। इस अवसर पर श्रीमती ऋचा जैन, वीसी प्रो. वीके जैन आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। संत भवन में मुनिश्री सहज सागर ने अपने सारगर्भित संबोधन में कहा, श्रावक-श्राविकाओं को अपनी आहारचर्या का मुख्य उद्देश्य अहिंसा को बनाए रखना है। जैन साधु-संत किसी भी जीव को नुकसान नहीं पहुंचाते, इसीलिए वे केवल एक बार भोजन करते हैं। साथ ही दिन के कुछ घंटों में ही भोजन और पानी की अनुमति है। जैन साधु-संतों की आहारचर्या बहुत कठोर होती है।

वे सूर्योदय के पांच से छह घंटे के अंदर एक बार भोजन और पानी लेते हैं। वे किसी भी जगह भोजन नहीं करते हैं, बल्कि एक विशेष स्थान पर खड़े होकर अंजुली में भोजन लेते हैं। जैन धर्म में गुरु के बिना जीवन अधूरा है। गुरु का सम्मान करना हरेक का कर्तव्य है। व्रत प्रभा माता जी बोलीं, जो भी विद्यार्थी टीएमयू में पढ़ रहे हैं, उनका पुण्य का उदय है, क्योंकि वे लौकिक शिक्षा के साथ साथ संस्कारों और धर्म की शिक्षा भी यहां ले रहे हैं। आस्थमयी इन कार्यक्रमों में प्रो. विपिन जैन, डॉ. रवि जैन, प्रो. एसके जैन, डॉ. विनोद जैन, डॉ. रत्नेश जैन, डॉ. अक्षय जैन, डॉ. अर्चना जैन, डॉ. नीलिमा जैन, श्रीमती अहिंसा जैन, श्रीमती निकिता जैन आदि की मौजूदगी रही।



## पैदल आ रहे अधेड़ को बाइक ने मारी टक्कर, मौत

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** थाना क्षेत्र के गांव काजी खेड़ा निवासी ममता देवी पत्नी मानसिह का कहना था कि 05 मई को उसके पति मानसिह पुत्र खचेडू आदित्य फार्म से घर को पैदल आ रहे थे। जेसे ही वह काजीखेडा अड्डे से थोडा पहले पहुँचे तो पीछे से आ रही स्पेन्डर प्लस मोटर साईकिल न0 UP21CF4557 के चालक विपिन पुत्र सोमपाल निवासी मधुआ मिलक थाना नौगावा सादात ने तेजी व लापरवाही से मोटर साईकिल से टक्कर मार दी। जिससे मानसिंह गम्भीर रुप से घायल हो गए।

एम्बुलेंस द्वारा उन्है सरकारी अस्पताल अमरोहा ले जाया गया। जहाँ उन्हे मृत घोषित कर दिया गया मृतक की पत्नी थाना कांठ पहुँची और बाइक सवार के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

## एक नजर

### उच्च प्राथमिक विद्यालय राजीपुर खादर में समस्त बच्चों का टीकाकरण पूर्ण

**कांठ।** स्कूल आधारित टी डी टीकाकरण अभियान में उच्च प्रा० वि० राजीपुर खद्दर कम्पोजिट में टिटनेस डिप्थीरिया का टीकाकरण कु० किरन ए एन एम, अनीता सतरूपा सी एच ओ/ सुपरवाइजर टीम द्वारा




कराया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक बृजेन्द्र कुमार विश्नोई ने छात्र/ छात्राओं को टीकाकरण का महत्व बताते हुए कहा कि यह टीका व्यक्तिगत सुरक्षा प्रदान करता है और बीमारियों से बचाव में और प्रसार को रोकने में मदद करता है। टी डी टीकाकरण एक महत्वपूर्ण टीका है जो टिटनेस और डिप्थीरिया जैसी जानलेवा बीमारियों से बचाव में मदद करता है टीकाकरण अभियान सफल बनाने में समस्त स्टॉफ का सहयोग रहा।

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर गो रक्षा प्रकोष्ठ ने प्रधानमंत्री को प्रेषित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**कांठ।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर आज गौ रक्षा प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश संगठन के कार्यकर्ता तहसील पहुंचे और प्रधानमंत्री को प्रेषित ज्ञापन एसडीएम संत दास पवार को सोपा ज्ञापन में कहा गया कि पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा भारतीय नागरिकों की हत्या की गई थी जिसके जवाब



में भारत ने जो ऑपरेशन सिंदूर चलाया उसे भारतीय जनता पार्टी एवं समस्त हिंदुस्तानी खुश हैं उन्होंने कहा कि आतंकवाद का खात्मा करने के लिए प्रधानमंत्री जी द्वारा जो भी कदम उठाए जाएंगे भारत की जनता इसका स्वागत करेगी उन्होंने प्रधानमंत्री की कार्य शैली का समर्थन किया और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए पहलगांव में शहीद हुए भारतीयों को श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर प्रदेश मंत्री मोहित कुमार दिनेश कुमार रविंद्र सिंह भूदेव सिंह सैनी आशु चौधरी सचिन कुमार प्रिंस काव्य चौहान रामचंद्र भानु प्रताप आदि मौजूद रहे।

### एक राष्ट्र एक चुनाव जरूरी: सोमेंद्र तोमर

**कुंदरकी।** क्षेत्र के ग्राम कमालपुर फतेहाबाद मे न्यू सैनिक इण्टर कालेज मे भाजपा की ओर से एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य वक्ता सोमेंद्र तोमर ऊर्जा राज्यमंत्री उतर प्रदेश सरकार ने विस्तार से वताया उन्होने वताया की वर्तमान समय मे एक राष्ट्र एक चुनाव देश के लिए



जरूरी है लोकसभा ओर बिधानसभा चुनाव अलग अलग होने से धन ओर समय खर्च होता है तथा जनता को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है इसलिए एक राष्ट्र एक चुनाव जरुरी है। संगोष्ठी मे कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह, जिलाध्यक्ष सुरेश सैनी, पूर्व प्रत्याशी लोकसभा संभल परमेश्वर लाल सैनी, जिला मंत्री चकित चौधरी,ब्लॉक प्रमुख पति गुलाम जिलानी,ब्लॉक प्रमुख मुंडापाडे नवदीप यादव,जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा नसीम खान, मडंल अध्यक्ष कुंद. रकी सजय कश्यप, मडंल अध्यक्ष रतनपुर बबलू जाटव, मडंल अध्यक्ष मुंडापाडे महेंद्र सिंह सैनी, मडंल अध्यक्ष दलपतपुर रोहित चंद्रा,मडंल महामंत्री ठाकुर अरविन्द कुमार पुंडीर, जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा नफीसुल हसन फौजी, जिला उपाध्यक्ष रामकिशोर लौधी, पूर्व जिला पंचायत पति शरद चौहान,मसूंर आलम,पकज शर्मा,नुरूल हसन आदि उपस्थित रहे।

# सहसपुर के वृद्ध की पानी में डूबने से मौत

## कांठ पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम को भेजा

**कांठ( शाह टाइम्स )** सहसपुर के व्यक्ति का राजीपुर खादर के पास नदी में शब मिलने से हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची कांठ पुलिस ने शब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया। बताया गया कि स्योहारा पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। सूत्रों के हवाले से मिली जानक. ारी के मुताबिक जनपद बिजनौर के थाना स्योहारा क्षेत्र के कस्बा सहसपुर निवासी नईम पुत्र फारूक उम्र 55 वर्ष अपने साथी दानिश पुत्र फिरोज उद्दीन आदि के साथ मछली पकड़ने के लिए राजीपुर खादर गांव के पास नदी में गया था। बताया गया कि वहां पर उक्त लोगों ने नशे का भी सेवन किया और अचानक वह पुल के पास गहरे पानी में चला गया बाकी साथी लौटकर वापस आ गए परिजनों के पूछने पर उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया तो वृद्ध की तलाश की गई सुबह उसका शब पानी में उतराता मिला सूचना मिलते ही कांठ पुलिस मौके पर पहुंची और शब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भिजवाया। स्योहारा पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।



# टिमिट में बीबीए फाइनल ईयर फेयरवेल पार्टी का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट में बीबीए फाइनल ईयर के विद्यार्थियों के लिए एक भव्य और यादगार फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छात्रों के कॉलेज जीवन की अंतिम यादों को संजोने का एक अनूठा अवसर बनकर सामने आया। फेयरवेल समारोह में छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, डांस, सिंगिंग, और गेम्स के माध्यम से समां बांधा। पूरे कार्यक्रम में उत्साह, भावनाएं और विदाई की मिठास देखने को मिली।

फेयरवेल समारोह में छात्रों को उनके व्यक्तित्व और बहुमुखी प्रतिभा के आधार पर विभिन्न टाइटल्स से नवाजा गया। अंचित चौधरी को मिस्टर फेयरवेल, गौरव कुमार को मिस्टर परफेक्ट, पारस शर्मा को मिस्टर वर्सेटाइल, अर्सलान को मिस्टर हैंडसम, और दिव्यांशु को मिस्टर ऑलराउंडर चुना गया। वहीं, अनन्या जैन को मिस फेयरवेल, हीरा कुमारी को मिस परफेक्ट, रिया चौहान को मिस वर्सेटाइल, गौरी अरोड़ा को मिस ब्यूटीफुल, और सृष्टि को मिस ऑलराउंडर के खिताब से सम्मानित किया गया।इस खास अवसर पर टिमिट के डीन प्रोफेसर विपिन जैन जी ने मंच से छात्रों को संबोधित करते हुए अत्यंत प्रेरणादायक और हृदयस्पर्शी शब्द कहे। उन्होंने कहा कि यह फेयरवेल एक समापन नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है। ''अब आप सभी एक नए जीवन के पथ पर कदम रख रहे हैं, जहां आपके ज्ञान, अनुभव, और मूल्यों की असली परीक्षा होगी। मेहनत, ईमानदारी और अनुशासन ही जीवन में सफलता की कुंजी है। टिमिट में आपने जो कुछ सीखा है, वह केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि आपको जीवन के हर मोड़ पर मार्गदर्शन करेगा।'' प्रो. विपिन जैन ने यह भी कहा कि छात्रों की सफलता ही किसी शिक्षक की सबसे बड़ी उपलब्धि होती है। उन्होंने सभी शिक्षकों, आयोजन समिति और स्टाफ सदस्यों को इस सुंदर आयोजन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया और विशेष रूप से यह उल्लेख किया कि विद्यार्थियों के चेहरे पर मुस्कान और आंखों में सपनों की चमक ही इस समारोह की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। उन्होंने



अंत में छात्रों को यह संदेश दिया कि ''अपने माता-पिता, शिक्षकों और समाज का हमेशा सम्मान करें, और अपने कर्मों से देश और संस्थान का नाम रोशन करें।'' उनका भाषण न केवल छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत बना, बल्कि उपस्थित सभी लोगों के दिलों को छू गया। यह फेयरवेल पार्टी निस्संदेह छात्रों के लिए एक अविस्मरणीय स्मृति बन गई, जो उनके जीवन की यात्रा में एक प्रेरक मोड़ की तरह रहेगी।

# मॉक ड्रिल का डीएसएम इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजन, युद्ध के दौरान बचाव के रास्ते बताए

**कांठ ( शाह टाइम्स )** पाकिस्तान के साथ चल रही भारत की नाराजगी के मद्देनजर युद्ध की आशंका को लेकर आज एसडीएम संतदास पवार के निर्देशन में डीएसएम इंटर कॉलेज के मैदान में मॉक डिल का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारियों ने युद्ध के दौरान सतर्कता बरतने और अपने आप को सुरक्षित रखने के उपाय सुझाए। अग्निशमन अधिकारी ने आग लगने और सूचना मिलने पर तुरंत जाकर आग बुझाने का प्रदर्शन करके दिखाया। इसके बाद मकान के ऊपर घायल अवस्था में पड़े लोगों को बचाने का भी सजीव प्रदर्शन किया। इस पूरे कार्य को सुरक्षित अंजाम देने के लिए, घायल व्यक्ति को छत से उतार कर लाना और एंबुलेंस से उसे अस्पताल तक पहुंचाने जैसे प्रदर्शन मौके पर किए गए। कार्यक्रम में आए नगर के कई स्कूलों के बच्चों ने इस प्रदर्शन को पूरी लगन के साथ देखा गन्ना समिति के अध्यक्ष कुंबर सुरेंद्र सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल आलम अंसारी, तहस. ीलदार अंजली सिंह, एसडीएम संत दास पवार, डीएसएम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कुमार देव अवस्थी ने अपने संबोधन में अग्निशमन विभाग के कार्यों की सराहना करते हुए बच्चों को खुद को सुरक्षित करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में छात्र- छात्राएं और स्थानीय नागरिकों का सहयोग रहा।



# आईएफटीएम में 'कैरियर परामर्श' पर कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट (एसबीएम) के छात्र विकास सेल (एसडीसी) की ओर से विद्यार्थियों को सफल कॅरियर के चुनाव करने की दिशा में मार्गदर्शन करने के उद्देश्य से ''कॅरियर परामर्श'' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की मुख्य वक्ता व छात्र विकास सेल की समन्वयिका डॉ. स्वाति राय ने छात्र-छात्राओं को सही कॅरियर का चुनाव करने हेतु अंग्रेजी भाषा में दक्षता के महत्व बताते हुए उद्यमिता व नवाचार के महत्व पर भी विस्तारपूर्वक जानकारी उपलब्ध कराई। मुख्य वक्ता डॉ. राय ने इच्छुक उद्यमियों के लिए उपलब्ध विभिन्न सरकारी योजनाओं और फंडिंग के विकल्पों पर भी प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने कुछ प्रेरक गतिविधियाँ भी आयोजित कीं, जो कि विद्यार्थियों को उचित कॅरियर का चुनाव करने व उनके सफल भविष्य के लिए उनका मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। इस मौके पर प्रबंधन विभाग के डॉ. राकेश कुमार यादव, होटल प्रबंधन विभाग की डॉ. मेघा भाटिया, वाणिज्य विभाग के डॉ. आशीष कुमार सक्सेना और डॉ. हिमांशु गुप्ता समेत स्कूल के कई अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एसबीएम के फैकल्टी मैम्बर्स डॉ. अर्चना, श्री अक्षय शर्मा एवं सुश्री मोनिका चौहान का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में छात्र विकास सेल की सुश्री ज्योति सिंह ने सभी उपस्थितों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यशाला के दौरान एसबीएम के विभिन्न विभागों के द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत 130 से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू0 डि0 ) महोदय, मुरादाबाद।**

उत्तराधिकार विविध वाद सं० 43/2025

**तारीख पेशी:** 16.05.2025

नाजिम हसन पुत्र स्व० श्री अहमद सईद निवासी मौहल्ला अंसारीयान उमरी कला तहसील कांठ जनपद मुरादाबाद।

**बनाम**

**जनता आम आदि**

**बनाम:-जनता आम**

हरगाह मुसम्मी **नाजिम हसन** ने वास्ते हुसूल सार्टीफिकेट बकिफालत हाय वास्ते **श्रीमति नबीला खातून** पत्नि श्री उसमान एवं उनके पति स्व० श्री उसमान पुत्र स्व० श्री मुतावफ्फी ने अपने बमुजिब एक्ट 7 सन् 1878 ई० बकैद अंकन रू० 1,16,627/- हरगाह मुसम्मी **मौहम्मद खुर्शीद हसन** ने दरख्वास्त हुसूल सार्टीफिकेट गुजरानी है जिसकी सुनवाई हेतु दिनाँक 16.05.2025 इस न्यायालय में नियत है अत: किसी व्यक्ति को भी उक्त प्रार्थना पत्र के विरूद्ध कोई आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो श्री सिविल जज (जू०डि०) मुरादाबाद के न्यायालय में उपरोक्त तारीख को उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें, यदि उक्त तारीख को कोई आपत्ति प्रस्तुत नही की तो फिर किसी व्यक्ति को आपत्ति प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त नही होगा और उक्त उत्तराधिकार प्रमाण पत्र दरख्वास्त पर उचित आदेश पारित किया जावेगा।

आज दिनाँक 08.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित जारी हुआ।

**मुन्सरिम**
**न्यायालय सिविल जज**
**( जू0 डि0 ) मुरादाबाद।**

## संबंध विच्छेद/बेदखली सूचना

हमने अपने पुत्र मुरसलीन व पुत्रवधू श्रीमती आसिया को गलत संगत /गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर अपने संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/ लेनदेन व मुकदमे बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **भूरे शाह पुत्र फारूक व श्रीमती शाहजहां पत्नी भूरे शाह निवासीगण ग्राम जैतपुर पट्टी थाना कुंदरकी तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद। मोबाइल नंबर-8865 97239**

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ''फर्म मैसर्स आर एच कन्स्ट्रक्शन'' ग्राम गणेशपुर देवी पो० देवीपुरा, जिला मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) नामक फर्म में दिनांक 01-08-2024 को पार्टनर श्री मौहम्मद उस्मान पुत्र श्री रियासत हुसैन निवासी ग्राम गणेशपुर देवी पो० देवी पुरा, जिला मुरादाबाद ने उपरोक्त फर्म से त्याग पत्र देकर अपनी साझीदारी समाप्त कर ली है। उक्त फर्म में अब वर्तमान में दो पार्टनर (1) श्री अब्दुल रहमान पुत्र श्री रियासत हुसैन निवासी ग्राम गणेशपुर देवी पो० देवीपुरा, जिला मुरादाबाद (2) श्री रियासत हुसैन पुत्र श्री बसरुद्दीन निवासी ग्राम गणेशपुर देवी पो० देवीपुरा, जिला मुरादाबाद हैं।

## बेदखली सूचना

मेरी पुत्री का आधार कार्ड में नाम अलीजा इनाम पुत्री नजम अहमद दर्ज है जोकि गलत है सहीं नाम अबीहा फातिमा पुत्री नजम अहमद है जोकि सही है। भविष्य में मेरी पुत्री को अबीहा फातिमा के नाम से जाना व पहचाना जाएं। **नजम अहमद पुत्र इनामुल हक निवासी मौहल्ला आबिदपुरा उमरी कलां तहसील कांठ, जिला मुरादाबाद।**

**उ0प्र0आवास एवं विकास परिषद,**
कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक, (मुरादाबाद/चंदौसी/अमरोहा/बिजनौर)
आफिस कॉम्पलैक्स (भूतल), सैक्टर-5 मझौला योजना
सं0-4, भाग-2, मुरादाबाद।
E-mail : emombd@upavp.com

IS 15700 : 2018

पत्र सं.-923/स0प्र0-मुरा0/ — **सर्वसाधारण को सूचना** — दिनांक: 07.05.2025

परिषद की बुद्धि विहार योजना, मुरादाबाद में स्थित अल्प आय वर्ग भवन संख्या 2/1043 प्रदेशन पत्रांक 164 दिनांक 11.02.1992 द्वारा श्री केशव सरन वर्मा पुत्र श्री राम सहाय के पक्ष में आवंटित किया गया। आवंटी ने इस कार्यालय से किराया-किस्त क्रय किरायेदारी का अनुबन्ध निष्पादित कराकर दिनांक 01.01.1996 को भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया गया। आवंटी के मुख्तारेआम श्री गोपाल अग्रवाल पुत्र श्री मंगल चन्द्र द्वारा भवन का विक्रय विलेख इस कार्यालय से दिनांक 29.03.2004 को निष्पादित कराकर सब रजिस्ट्रार कार्यालय, मुरादाबाद में दिनांक 29.03.2004 को पंजीकृत कराने के उपरान्त उक्त भवन श्री रामसिंह सैनी पुत्र स्व० श्री घासीराम सैनी के पक्ष में दिनांक 11.03.2005 को रजिस्ट्री करते हुए विक्रय कर दिया गया है। तदोपरान्त श्री रामसिंह सैनी पुत्र स्व0 श्री घासीराम सैनी (उपहारकर्ता) द्वारा उक्त भवन अपने पुत्रों श्री मुकेश सैनी एवं श्री अमन सैनी पुत्रगण श्री रामसिंह सैनी (उपहारगृहीता) के पक्ष में दिनांक 23.04.2005 को रजिस्ट्री करते हुए उपहार में दे दिया गया है। अब श्री मुकेश सैनी एवं श्री अमन सैनी पुत्रगण श्री रामसिंह सैनी (उपहारग्रहीता) ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक शून्य द्वारा अल्प आय वर्ग भवन संख्या 2/1043, बुद्धि विहार योजना, मुरादाबाद को उपहार उपरान्त अपने पक्ष में नामान्तरण हेतु अनुरोध किया है। यदि इस नामान्तरण में किसी को कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, ऑफिस कॉम्प्लेक्स (भूतल), सेक्टर-5, मझोला योजना संख्या 4. भाग-2 मुरादाबाद में प्राप्त करा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई क्लेम / आपत्ति मान्य न होगी तथा नियमानुसार नामान्तरण संबंधी कार्यवाही की जायेगी।-**आज्ञा से सम्पत्ति प्रबन्धक**

## कार्यालय ग्राम पंचायत चक कचनाल विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 — दिनांक: 02.05.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत चक कचनाल विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 17.05.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 17.05.2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | कार्य की ल. मी. में | अनुमानित लागत | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नाजिम के घर से वर्मी कम्पोस्ट तक नाली व सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | ईंट, सीमेंट, रोड़ा आदि | 57 मी0 | 122175.43 | 200 | 2% | 11 माह |
| 2 | जितेन्द्र के घर से रिजवान के घर तक नाली व सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 35 मी0 | 138059.85 | 200 | 2% | 11 माह |
| 3 | अय्यूब के घर से इब्ले हसन के घर तक नाली व सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 62 मी0 | 196851.80 | 200 | 2% | 11 माह |
| 4 | ग्राम पंचायत में सरकारी उचित दर की दुकान एवं जन सुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य। | ,, | 1 | 707956.00 | 100 | 2% | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:-**1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत चक कचनाल**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

# टीएमयू के विधि संकाय में दो दिनी नेशनल कॉन्फ्रेंस का शुभारम्भ आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के विधि संकाय की ओर से भारत में दहेज निषेध कानूनों के सामाजिक प्रभाव: विकसित भारत /2047 की ओर एक कदम पर दो दिनी नेशनल कॉन्फ्रेंस का कल (आज) शंखनाद होगा।

कॉन्फ्रेंस में उत्तर प्रदेश विधान परिषद में बरेली-मुरादाबाद परिक्षेत्र के सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त बतौर मुख्य अतिथि, जबकि महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड यूनिवर्सिटी, बरेली में फैकल्टी ऑफ लीगल स्टडीज के डीन प्रो. अमित सिंह बतौर मुख्य वक्ता शिर. कत करेंगे। कॉन्फ्रेंस में दिल्ली, मुंबई, लखनऊ, पटना, कोलकाता, भोपाल, हैदराबाद आदि के प्रख्यात अधिवक्ता, शिक्षक, शोधार्थी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवम् विधि के छात्र भाग लेंगे। सम्मेलन के विभिन्न तकनीकी सत्रों में शोधार्थी अपने शोधपत्रों के माध्यम से दहेज निषेध कानूनों की व्यावहारिकता, न्यायिक व्याख्या और सामाजिक प्रभाव पर विस्तार से चर्चा करेंगे। टीएमयू विधि संकाय के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह कॉन्फ्रेंस केवल कानूनी शिक्षा पर मंथन ही नहीं करेगी, बल्कि यह समाज में दहेज प्रथा सरीखी सामा. जिक बुराइयों के प्रति कानूनी जागरूकता फैलाने और इसके निराकरण के लिए प्रभावी विधिक उपायों को लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी। यह कॉन्फ्रेंस भारतीय संविधान के अनुच्छेद 15(3) के तहत महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा और दहेज प्रथा के उन्मूलन हेतु किए गए विधिक प्रयासों की समीक्षा करेगी।

नेशनल कॉन्फ्रेंस की अंतिम तैयारियों में प्राचार्य प्रो. सुशील कुमार, विभागाध्यक्ष डॉ. अमित वर्मा, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. सुषीम शुक्ला, डॉ. माधव शर्मा, डॉ. नम्रता जैन के संग-संग विधि संकाय के छात्र-छात्राएं जुटे हैं।



## ‘ऑपरेशन सिंदूर’ भारत का पाकिस्तान को करारा जवाब: कपिल सिरोही

**कांठ( शाह टाइम्स )।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष एवं ब्लॉक छजलैट के अध्यक्ष डॉ कपिल सिरोही ने आज कहा कि



भारतीय सेना का ऑपरेशन सिंदूर उन आतंकियों को करारा जवाब है, जिन्होंने हमारी मां-बहनों का सुहाग उजाड़ा। अब इन दरिंदों से बदला लिया गया अभी तो यह ट्रेलर है पिक्चर अभी बाकी है। सेना के शौर्य को सलाम है पाकिस्तानी जालिमों के जुर्म को जमींदोज करना भारत ही नहीं, पूरी मानवता की सुरक्षा का धर्मयुद्ध है। डॉ कपिल सिरोही ने कहा कि पाकिस्तान अब आतंकवाद का राष्ट्रीय उत्पादक बन गया है। वहां आतंकवाद एक फैक्टरी की तरह चल रहा है, जिसे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नष्ट करने का बीड़ा उठाया है। भारतीय सेना का ऑपरेशन सिंदूर उसी संकल्प का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## बिजली के तार टूट कर जमीन पर गिरे, ग्रामीण परेशान

**मूढ़ापांडे।** मूंढापांडे क्षेत्र के गांव रामपुर भीला में इन दिनों बिजली सप्लाई ठप होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, ग्राम प्रधान नौशाद अली, ग्रामीण जाबेद अली, जुल्फेकार का कहना है



कि बरसों पुरानी बिजली लाइन के तार बार बार टूटने से यह समस्या आ रही है, ग्रामीणों ने गुरुवार को दलपतपुर बिजली सब स्टेशन पर जाकर अफसरों को समस्या बताई, ग्रामीणों का कहना है कि गांव में बिजली दिखावा साबित हो रही है, लाइन फाल्ट होने से विद्युत से संबंधित काम बुरी तरह से प्रभावित हो रहे है, गांव की बिजली लाइन बरसों पुरानी होने से तार टूटने की घटनाएं आए दिन हो रही है, जिससे हादसों की आशंका भी बनी रहती है।

## राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक की टीम ने किया दौरा

**बिलारी।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर अमरपुर काशी पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की तरफ से राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक की टीम द्वारा दौरा किया गया। टीम द्वारा उपकेंद्र पर दी जा रही सुविधाओं की गुणवत्ता जिसमें संचारी, गैर संचारी रोगों, गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को टीकाकरण, नवजात बच्चों की देखभाल, उपकेंद्र पर होने वाली खून की जांच, दवाओं की उपलब्धियों के साथ साथ अन्य रोगियों को रेफर करने की सुविधा , प्राथमिक उपचार देने की सुविधा, परिवार कल्याण फैमिली प्लानिंग एवम् उपकेंद्र पर साफ सफाई के साथ साथ उपकेंद्र पर अपशिष्ट के प्रबंधन की भी जांच की गई। आयुष्मान भारत के अंतर्गत दी जाने वाली आयुष्मान कार्ड एवं लाभार्थी का भी विवरण लिया गया। इस मौके पर दिल्ली से आए एनक्यूएएस टीम में डॉ गुरप्रीत सिंह एवं डॉ प्रियंका थॉमस , डॉ आरिफ सीएचसी अधीक्षक डॉ हरीश चंद्र बीपीएम चंचल आजाद, बीसीपीएम मनीष चौधरी का फूल देकर स्वागत किया गया। सी एच ओ दीपक शर्मा अनिल कुमार, राहुल , संजीव, मनीषा सोनाली, विजय , एएनएम कुसुम यादव एवं आशा आंगनवाड़ी सरोज,किरण, बेबी, अलका यादव पुष्प, इंद्रावती आदि उपस्थित रहे। विनोद कुमार मिश्रा प्रधानाचार्य एवं छात्राओं का भारी सहयोग रहा।

## मारपीट करने में सात के खिलाफ केस दर्ज

**भोजपुर।** गुरुवार को पुलिस ने गांव रूस्तमपुर तीगरी निवासी मौहम्मद अहमद पुत्र मौहम्मद नबी की तहरीर पर गांव के मुजफ्फर हुसैन पुत्र जाफर हुसैन और उसके छह पुत्रों मौहम्मद आसिम, मौहम्मद राशिद, मौहम्मद नाजिम, नाजिर, मौहम्मद सलीम और मौहम्मद समीर के खिलाफ पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुसकर मारपीट करने, बीच-बचाव करने आई पत्नी के साथ छेड़छाड़ करने और एक लाख की रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना एक अप्रैल की बताई जा रही है। विवाद कारण खेत की मेढ़ काटना बताया जा रहा है।

## भारत विकास परिषद ने चलाया सदस्यता अभियान

**कांठ( शाह टाइम्स )**भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा ने आज प्रांतीय आह्वान पर नगर में सदस्य अभियान प्रारंभ कियास एक दर्जन से ज्यादा



लोगों ने भारत विकास परिषद की सदस्यता ग्रहण की और और संस्कार,समर्पण, सहयोग के साथ समाज की सेवा करने का संकल्प लिया स भारत विकास परिषद की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के सदस्यों ने नगर में सदस्यता अभियान चलाया। इस दौरान महेश चंद्र गुप्ता, गौरव बिश्नोई, प्रमोद बिश्नोई, एडवोकेट दीपक बिश्नोई, मुकेश माहेश्वरी ,सचिन चौहान उर्फ बंटी, सुदेश बिश्नोई,पंकज भदौरिया, अशोक कुमार विश्नोई भगवान सिंह, सुरेश चौहान, शैलेश गुप्ता आदि ने परिषद की सदस्यता ग्रहण की और समाज सेवा का संकल्प लिया।

## जनता इंटर कॉलेज की अवैध नियुक्ति के आरोपों की जांच

**ठाकुरद्वारा।** जनता इंटर कॉलेज गोपी वाला कालेवाला के साधारण सभा के आजीवन सदस्य जसवंत सिंह ने विद्यालय में कार्यरत लिपिक तरुण कुमार की नियुक्ति, पदोन्नति को नियम विरुद्ध बताते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराई थी इसी क्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक मुरादाबाद ने जांच हेतु पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज मुंढा पांडे के प्रधानाचार्य बलबीर सिंह को जांच अधिकारी नामित किया था गुरुवार को वह अपने सहायक को साथ लेकर चारों शिकायती बिंदुओं की जांच करने विद्यालय पहुंचे । लेकिन विद्यालय के लिपिक जांच की भनक लगने पर विद्यालय से गायब हो गए ।और शिकायतकर्ता की शिकायत से संबंधित साक्ष्य शिकायतकर्ता से विद्यालय के गेट पर लेकर लिखित में प्राप्त कर लिए और निष्पक्ष जांच करने का आश्वासन दिया । लेकिन विद्यालय के लिपिक तथा प्रधानाचार्य से शिकायती बिंदुओं के बारे में कोई जांच पड़ताल नहीं हो सकी । शिकायतकर्ता ने बताया कि 21 नवंबर 2008 को तरुण कुमार की नियुक्ति चपरासी पद पर हुई थी उस समय उसके पिता सुरेंद्र सिंह प्रबंध समिति में अध्यक्ष थे अध्यक्ष पद के विषय में जिला विद्यालय निरीक्षक मुरादाबाद के द्वारा हस्ताक्षरित अभिलेख संलग्न है। यदि पिता प्रबंध समिति का सदस्य है तो



बेटे की नियुक्ति इंटरमीडिएट एक्ट 1921 के प्रावधानों के नियम विरुद्ध है हाई कोर्ट का आदेश संलग्न है वर्ष 2008 से वर्ष 2011 तक प्रबंध समिति की सूची इसकी साक्ष्य है ।कार्यालय से निकलवा कर जांच की जाए । शिकायत संख्या 2 में नियुक्ति के 1 वर्ष 5 माह वाद ही अगले नए ग्रेड पे का लाभ ले लिया गया है । जो नियम विरुध्द है इसकी जांच लिपिक की सेवा पंजिका से की जाए। बिंदु संख्या 3 में 15 नवंबर 2011 को 2 वर्ष 5 माह के सेवा काल की अवधि के भीतर लिपिक पद पर पदोन्नति प्राप्त कर ली, जबकि पदोन्नति के लिए 5 वर्ष का सेवा अनुभव आवश्यक है, इसके 5 वर्ष के अनुभव प्रमाण पत्रों की .जांच की जाए । 2 वर्ष 5 महा का अनुभव इस विद्यालय का है। तो 2 वर्ष 7 माह का अनुभव प्रमाण पत्र किस विद्यालय से प्राप्त किया जांच की जाए।शिकायत संख्या चार विद्यालय में कार्यरत लिपिक तरूण कुमार विद्यालय की साधारण सभा के वर्ष 2006 से आजीवन तथा साधारण सभा की सूची में क्रम संख्या 236 पर अंकित है जबकि प्रशासन योजना के पेज संख्या चार तथा क्रम संख्या 7 पर स्पष्ट निर्देश है कि इस या किसी अन्यथा मान्यता प्राप्त संस्था का कोई व्यक्ति कर्मचारी एवं साधारण सभा का या प्रबंध समिति का सदस्य या पदाधिकारी नहीं होगा इसलिए नियुक्ति अवैध है प्रशासन योजना संलग्न है तथा आजीवन तथा साधारण सभा की सदस्यता सूची 2006 संलग्न है इस दौरान मेघराज सिंह, मनोज कुमार ,हरकेश सिंह ,युवराज सिंह तथा सेवानिवृत्त वरिष्ठ अध्यापक श्रीराम शर्मा आदि मौजूद रहे।

# घर में चल रहा अवैध स्लाटर हाउस पकड़ा

## भोजपुर थाना पुलिस ने छह कुंतल भैंस का मांस किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** थाना पुलिस ने गांव पीपलसाना में बंद पड़े घर में छापेमारी कर भारी मात्रा में भैंसवंशीय पशुओं का मांस बरामद किया है। पशुओं का कटान कर रहे पांच मांस कारोबारी पुलिस को चकमा देकर भाग गए। पुलिस ने मौके से मांस काटने में प्रयुक्त उपकरण एवं इलेक्ट्रॉनिक कांटा बरामद कर सील कर दिया। गुरुवार को सुबह करीब नौ बजे पीपलसाना हल्का इंचार्ज विनोद कुमार गोस्वामी ने हमराही पुलिस कर्मियों परमजीत सिंह,गौरव और आशुतोष पोसवाल को साथ लेकर ईदगाह के निकट पुराना बुध बाजार निवासी वसीम कुरैशी पुत्र सगीर के बंद पड़े घर में छापेमारी की। बंद घर में 5 व्यक्ति भैंसवंशीय पशुओं का कटान करते दिखे। पुलिस को घर के निकट आते देखकर पांचों आरोपी छत पर चढ़कर फरार हो गए। भागते हुए आरोपियों की पहचान बीट सिपाही परमजीत सिंह ने वसीम पुत्र हनीफ, जसीम पुत्र शरीफ,तोसिम पुत्र सगीर,वसीम पुत्र सगीर और अजीम मंत्री पुत्र शरीफ के रूप में की। पुलिस ने मौके से चार भैंसवंशीय पशुओं के सिर-पैर, 6 कुंतल मांस, 2कुल्हाड़ी, 5 छुरी, 2 सुम्मी, 4 खालें,एक जिंदा भैंस और इलेक्ट्रॉनिक कांटा कब्जे में कर पशु चिकित्सक हरप्रीत सिंह को मौके पर बुलाकर बरामद मांस की जांच कराई। पशु चिकित्सक ने मांस के भैंस वंशीय पशुओं का होने की पुष्टि कर मांस के दो सैंपल लेकर डिब्बे में बंद कर सील कर ने के बाद बरामद मांस को ढेला नदी के किनारे जेसीबी मशीन से गड्ढा कर दबा दिया। पुलिस की कार्रवाई से मांस माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

## नील गाय के अवशेष मिले पर प्रशासन में मचा हड़कंप

**ठाकुरद्वारा।** शरीफनगर-दारापुर मदारपुर के जंगल में नील गाय के अवशेष मिलने पर पुलिस ने वन विभाग की टीम के साथ मिलकर मौके पर पंहुचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया। इसके साथ ही पुलिस ने एक अज्ञात के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण की धारा में मुकदमा दर्ज जांच शुरू कर दी है। बुधवार की दोपहर करीब 1.30 बजे कोतवाली पुलिस को सूचना मिली थी कि क्षेत्र के ग्राम दारापुर मदारपुर के जंगल में शमीम पुत्र अज्ञात निवासी शरीफनगर के खेत में एक नील गाय का कटा हुआ शव पड़ा है। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस वन विभाग की टीम के सयुक्त रूप से मौके पर पँहुची और उपमुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी को मृत नील गाय की जांच के लिए बुलाया गया। इसके बाद नील गाय के अवशेषों को खेत में ही गहरा गड्ढा खोदकर दबा दिया गया। इस मामले में पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

उधर चर्चा है कि ग्राम शरीफनगर के कुछ शिकारियों ने इस नील गाय का शिकार किया था और अवशेषों को छोड़कर भाग गए थे। अब देखना है कि इन अज्ञात शिकारियों के खिलाफ कोई कार्यवाही होती है। या नहीं।

## आठ घंटे में दो बार दफन हुए नील गाय के अवशेष आठ घंटे बाद हुई अज्ञात खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** आठ घंटे बाद वन विभाग टीम व पुलिस ने नील गाय के अवशेषो को आठ घंटे में दो बार दफन करने का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। बतादें कि पुलिस ने शरीफनगर दारामपुर मदारपुर निवासी शमीम अहमद के खेत मे नील गाय (महे) के अवशेष मिलने हड़कंप मच गया। पुलिस ने आनन फानन में पहुंचकर शमीम अहमद के मतस्य तालाब के निकट नील गाय के अवशेष को जेसीबी बुलवाकर दफन करा कर मामला रफा दफा करने में कोतवाली पुलिस जुट गई। मामला मीडिया तक पहुंचने पर कोतवाली पुलिस हरकत में आयी।

देर रात घटना के करीब आठ घंटे बाद बीट प्रभारी कंचन की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली । इसके बाद फिर देर रात वन विभाग और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कब्जे में लिये अवशेष दफन कराए। नील गाय के दो बार अवशेष दफन होने और आठ घंटे बाद अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होना चर्चा का विषय बना है। जबकि पुलिस ने घटना में पूछताछ के लिए मौके पर पर दो मछली पालन कर्ताओं सहित तीन लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया था।

## ट्रैफिक पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान पम्पलेट वितरित कर किया जागरूक

**ठाकुरद्वारा।** नगर में तिकोनिया बस स्टेड के निकट ट्रैफिक पुलिस ने चार पहिया वाहनों के खिलाफ चौकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान पम्पलेट वितरित कर यातायात के नियमों से जागरूक किया। नगर में तिकोनिया बस स्टेड के निकट ट्रैफिक पुलिस ने यातायात नियमों को लेकर अभियान चलाकर पम्पलेट वितरित कर यातायात के नियमों से जागरूक किया। ट्रैफिक पुलिस के ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस उपनिरीक्षक कपिल कुमार, ने ट्रैफिक नियमों को लेकर सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान में ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा के नियमों से अवगत कराते हुए बाइक चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें व हेलमेट अवश्य लगाएं। कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। साथ ही छात्रों से यातायात नियमों का पालन करने अपील की। इस दौरान उन्होंने बिना कांस्टेबल छोटेलाल, होमगार्ड ,महेंद्र, मनोज कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में 50 लाख से अधिक निर्माण परियोजनाओं की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 50 लाख से अधिक निर्माण परियोजनाओं की प्रगति के संबंध में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कार्यदायीं संस्थाओं के अधिकारियों को निर्माण परियोजनाओं में लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दे अधिकारी।



बैठक में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ठाकुरद्वारा में प्रशासनिक भवन व बालिका छात्रावास निर्माण संबंधी, राजकीय महाविद्यालय कांठ के निर्माण संबंधी, ग्रामीण स्टेडियम रतनपुर कलां के निर्माण संबंधी, राजकीय पॉलीटेक्निक ठाकुरद्वारा के निर्माण संबंधी, मूढ़ापाण्डे के आईटीआई निर्माण संबंधी, थाना बिलारी में प्रशासनिक भवन निर्माण संबंधी, अटल आवासीय विद्यालय पिपली के निर्माण प्रगति संबंधी, गन्ना विकास संस्थान प्रशिक्षण केन्द्र संबंधित आदि निर्माण कार्यो की प्रगति के संबंध में परियोजनावार विस्तृत चर्चा की गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने कार्यदायीं संस्थाओं के संबंधित अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों को समयान्तर्गत व गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने बाढ़ से प्रभावित होने वाली सड़कों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी, सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियन्ता एवं आरईडी के संबंधित अधिकारी को प्रभावित होने वाली सड़कों का ससमय सर्वे एवं चिन्हित कर उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियन्ता को सड़कों की मरम्मत एवं चौड़ीकरण पर भी ध्यान देने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित यादव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी मो0 परवेज सहित सिंचाई, नगर निगम, खेल, कृषि विभाग के संबंधित अधिकारीगण एवं कार्यदायीं संस्थाओं के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

## सीडीओ की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री के प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मुख्यमंत्री के प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री के प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की बिन्दुवार समीक्षा की गयी। बैठक में संयुक्त आयुक्त उद्योग श्री योगेश कुमार द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया गया कि सी0एम0 युवा स्कीम में कुल 859 आवेदन पत्र विभिन्न बैंकों को प्रेषित किये गये हैं जिसके सापेक्ष कुल 156 आवेदन पत्र स्वीकृत हुए हैं एवं 117 में वितरण की कार्यवाही हुई है जो अन्य जनपदों के सापेक्ष प्रगति अत्यन्त धीमी है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी बैंकों के आर0एम0 एवं बैठक में उपस्थित बैंकों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिये गये कि वह योजना में स्वीकृत/वितरण की प्रगति में सुधार लाते हुए अधिक से अधिक लक्ष्यपूर्ति सुनिश्चित करायें साथ ही यह भी निर्देश दिये गये कि योजना की स्वीकृति एवं वितरण की समीक्षा सोमवार को फिर से की जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बैंक कम-से-कम 4-5 आवेदन पत्रों में स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही सोमवार तक अवश्य कर लें तथा सप्ताह में कम-से-कम सभी बैंकों से 40 आवेदनों पर स्वीकृति एवं 25 आवेदनों में वितरण की कार्यवाही किये जाने की भी अपेक्षा की गयी। कारखाना विभाग के प्रति. निधि द्वारा अवगत कराया गया कि कारखाना अधि0 1948 के अन्तर्गत पंजीयन की स्थिति मार्च 2025 तक कुल पंजीकृत कारखाने 1260 हैं। वर्ष 2024-25 में कारखानों में पंजीकरण का वार्षिक लक्ष्य 177 है बैठक में सुनील कुमार सेवायोजन अधिकारी, श्री संजीव कुमार जैन प्राधानाचार्य आईटीआई, अमर कौशल उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, श्री सुमित कुमार कौशल विकास मिशन, श्री अजय पाल सिंह आई0टी0आई0 मुरादाबाद, श्री सुरेश कुमार सहायक श्रम अधिकारी, श्री पंकज सरन, एल0डी0एम0 सहित जनपद के समस्त बैंकों के क्षेत्रीय प्रबन्धकों के प्रति. निधिगण उपस्थित रहे।



## अनियंत्रित होकर पलटी ई-रिक्शा चालक घायल हायर सेंटर रैफर

**ठाकुरद्वारा।** नगर के सुरजननगर स्योहारा मुख्य मार्ग पर स्थित चलचित्र ढाल के पास ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुँची 108 ने घायल चालक को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहाँ से चिकित्सकों ने घायल की हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया है। इससे चालक नजाकत गम्भीर रूप से घायल हो गया।

राहगीरों की सूचना पर पहुँची 108 ने घायल चालक को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहाँ से चिकित्सकों ने घायल नजाकत पुत्र लियाकत की हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया है।


### कार्यालय नगर पंचायत उझारी (अमरोहा)

दिनांक: 8.5.2025

**अल्पकालीन कुटेशन सूचना**

एतद्द्वारा समस्त इच्छुक सप्लार्यस/फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत उझारी (अमरोहा) के अधोलिखित कार्य कराना चाहती हैं संबंधित समस्त इच्छुक सप्लायर्स/फर्मो उक्त कार्य करने हेतु सीलबंद कुटेशन नगर पंचायत उझारी में दिनंक 15.5.2025 समय 01.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। जो उसी दिनां को महोदय के समक्ष खोले जायेंगे। किसी भी कुटेशन को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत उझारी को होगा। अधिक जानकारी के लिये नगर पंचायत उझारी में सम्पर्क कर सकते हैं। कार्य 07 दिवस के भीतर पूर्ण करना होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | समय अवधि |
|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत उझारी में सफाई कार्य में प्रयक्त आयशर ट्रैक्टर की रिपेयर/सर्विस का कार्य। | एक सप्ताह |
| 2 | नगर पंचायत उझारी में 62.5 के.वी.ए. साईलेंट जनरेटर की सर्विस/मरम्मत का कार्य। | एक सप्ताह |
| 3 | नगर पंचायत उझारी में सफाई कार्य में प्रयुक्त ट्राली की रिपेयर/सर्विस का कार्य। | एक सप्ताह |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत उझारी
जनपद अमरोहा

अध्यक्ष
नगर पंचायत उझारी
जनपद अमरोहा



### कार्यालय ग्राम पंचायत दारापुर
### विकास खंड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो/पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग/2024-25 दिनांक: 08.05.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत दारापुर में पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 16.05.2025 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत लाख | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चन्द्रपाल सिंह के घर से यशपाल सिंह के घर तक नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, मोटा रेता, रोड़ी, ईंट, बजरी आदि। | 328990/- | 6580/- | 250/- | 3 माह |
| 2 | ग्राम दारापुर में धर्मशाला में सीसी टाईल्स एवं नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, मोटा रेता, रोड़ी, ईंट, बजरी आदि। | 338012/- | 6760/- | 250/- | 3 माह |
| 3 | मैन रोड से टीकम सिंह के घर तक ग्राम दारापुर में सीसी टाईल्स एवं नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, मोटा रेता, रोड़ी, ईंट, बजरी सीसी टाईल्स आदि। | 146372/- | 2927/- | 250/- | 3 माह |
| 4 | महीपाल सिंह की दुकान से गुलशन सिंह के घर तक सीसी टाईल्स एवं नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, मोटा रेता, रोड़ी, ईंट, बजरी सीसी टाईल्स आदि। | 285030/- | 5700/- | 250/- | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-दारापुर**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**


## एक नजर

### ऑनलाइन सेवाओं के अन्तर्गत जागरुकता एवं प्रक्षिशण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**मुरादाबाद।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग के मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र नजीबाबाद, बिजनौर द्वारा जनपद मुरादाबाद को वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्राप्त लक्ष्यों के सापेक्ष सामान्य एवं अनुसूचित जाति वर्ग के प्रशिक्षार्थियों को 15 दिवसीय कौशल सुधार प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षण दिया जाना है जिसमें 25 सामान्य वर्ग एवं 75 अनुसूचित जाति वर्ग के प्रशिक्षार्थियों का चयन उपरान्त मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र, नजीबाबाद (बिजनौर) द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। इच्छुक प्रशिक्षार्थी उल्लेखित ट्रेड में कटिंग टेलरिंग/सिलाई/जरी कढाई एवं जूट बैग निर्माण के प्रशिक्षण हेतु पुरुष/महिला अभ्यर्थियों के पंजीकरण की प्रकिया ऑनलाइन कर दी गयी है। इसे बोर्ड के वेबसाइट पर upk vib.gov.in की ऑनलाइन सेवाओं के अन्तर्गत ''जागरुकता एवं प्रक्षिशण कार्यक्रम सॉफ्टवेयर'' के नाम से अपलोड किया गया है।

ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 05.06.2025 है। प्राप्त आवेदन पत्रों का चयन निर्धारित चयन समिति के द्वारा किया जाएगा। आवेदक ग्रामीण क्षेत्र/नगर पंचायत (वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार जिनकी जनसंख्या 25000 से अधिक न हो) ही उक्त प्रशिक्षण हेतु पात्र होगें। आवेदक की आयु 18 वर्ष से 45 वर्ष के मध्य हो तथा साक्षर हो। चयन के समय प्रशिक्षण हेतु दिव्यांग, बी0पी0एल0 परिवार के सदस्यों एवं महिलाओं को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी। सामान्य वर्ग के प्रशिक्षार्थियों के चयन में शासन द्वारा निर्धारित आरक्षण प्रक्रिया लागू होगी।

### मुरादाबाद चन्दौसी रोड पर स्पाइस फ्यूजन रेस्टोरेंट का हुआ शुभारंभ

**चन्दौसी।** गुरुवार को मुरादाबाद चन्दौसी रोड पर कान्हा बिहार रिसोर्ट हाउस के बराबर में उद्योगपति कौशल नंदन ने व्यापारिक क्षेत्र में नया आयाम जोड़ दिया है। जहां विद्यालय से लेकर साबुन फैक्ट्री व अन्य उद्योगों में खासी पकड़ रखने वाले उनके सुपुत्र द्वारा धर्मशाला कैम्पस में एक बड़े व भव्य रेस्टोरेंट का शुभारंभ किया है। रेस्टोरेंट के उद्घाटन में




शहर एवं आसपास के उद्योगपति एवं गणमान्य लोगों ने भाग लिया। चन्दौसी में स्पाइस फ्यूजन रेस्टोरेंट बेहतरीन साबित होगा। उद्घाटन के दौरान कौशल नंदन, शशिनंदन, निष्काम नंदन, रवि पत्थर वाले, अनूप मंगलम, फहीमउद्दीन, डा0 साफिया अंजुम, फरजान, मोहित डुडेजा, के. जी. गुप्ता, एसओ कुढ़फतेहगढ़ राधेश्याम शर्मा आदि मौजूद रहे।

### शिवसेना ने किया शौर्य तिरंगा कार्यक्रम

**बिलारी।** भारतीय वायु सेवा द्वारा पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को खत्म करने को लेकर भारतीय सेना बा्ल का उत्साह बढ़ाने के लिए शिव सेवा ने एक शौर्य तिरंगा कार्यक्रम किया। सभी महाराणा प्रताप चौक पर एकत्र हुए। जहां उन्होंने प्रतिमा के नीचे तिरंगा फहराया। गुरुवार को शिव सैनिक बिलारी के महाराणा प्रताप चौक पर एकत्र हुए। जहां उन्होंने सैनिकों का उत्साह बढ़ाते हुए



कारगिल युद्ध आदि की लड़ाई को याद करते हुए भारतीय वीर जवानों को नमन किया। शिव सेवा के जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि भारत की सेना पर शिव सैनिकों को पूर्ण विश्वास है। वह प्रधानमंत्री से मांग करते हैं कि पाकिस्तान में आतंकवाद को जड़ से मिटा देना चाहिए। जरूरत पड़ी तो शिवसैनिक सरकार और भारतीय सेवा के साथ बॉर्डर पर उतरने को तैयार होंगे। हम सभी भारतीय सेवा के साथ खड़े हुए हैं। कार्यक्रम में जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा, जिला उप प्रमुख राजीव सक्सेना, महेश सिंह, दिनेश संदीप सक्सेना, राजेश ठाकुर, अमित गुप्ता,कुश सक्सेना, राजीव ठाकुर,मयूर गुप्ता आदि शिव सैनिक शामिल रहें।


### पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0
अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, सम्भल

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना: 04/EDC(S) 2025-26 दिनांक: 08.05.2025**

**कार्य का नाम:** विद्युत वितरण मण्डल सम्भल की अधीन इकाईयों चन्दौसी, सम्भल एवं बबराला के कार्य क्षेत्रों में आंधी तूफान में क्षतिग्रस्त होने वाले विद्युत पोलों एवं उनकी लाईनों को रिपेयर करना एवं अन्य कार्य (रनिंग टेण्डर)

**ई-निविदा प्रपत्र शुल्क: रू. 1180** | **धरोहर राशि: रू. 10.00 हजार**

**ई-निविदा की अन्तिम तिथि: 26 मई 2025, 12.00 बजे**

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in/पर उपलब्ध हैं अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगीं

पत्रांक: 5150 वि0वि0म0सं0 / आ0-2 / विज्ञापन दिनांक: 08.05.2025



### कार्यालय ग्राम पंचायत फैजुल्लागंज
### विकास खंड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो/पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग/2024-25 दिनांक: 08.05.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत फैजुल्लागंज में पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 16.05.2025 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत लाख | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायत भवन शौचालय से भारत सिंह के बाग तक नाला निर्माण कार्य। | सीमेंट, मोटा रेता, रोड़ी, ईंट, बजरी सरिया आदि। | 1.16 लाख | 2320 | 250/- | 3 माह |
| 2 | ऋषिपाल के घर से विक्रम सिंह के खेत तक नाला निर्माण कार्य। | सीमेंट, मोटा रेता, रोड़ी, ईंट, बजरी सरिया आदि। | 1.36 लाख | 2720 | 250/- | 3 माह |
| 3 | आंगनबाड़ी केन्द्र का सौन्दर्यकरण। | पेन्टिंग एवं मरम्मत कार्य। | 1.50 लाख | 3000 | 250/- | 3 माह |
| 4 | पंचायत घर/पंचायत लर्निंग सेंटर से सीलिंग सौन्दर्यकरण कार्य। | सीलिंग कार्य सामग्री। | 3.20 लाख | 6400 | 250/- | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-फैजुल्लागंज**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**



# 'ऑपरेशन सिंदूर' के सम्मान में राष्ट्रगान बजा

**● महेन्द्र सिंह धोनी सबसे ज्यादा शिकार करने वाले विकेटकीपर, ब्रेविस ने 1 ओवर में 30 रन बनाए**

**कोलकाता, वार्ता।** आईपीएल के 57वें मैच में बुधवार को चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को हरा दिया। मुकाबला शुरू होने से पहले भारतीय सेना के आपरेशन सिंदूर के सम्मान में राष्ट्रगान बजा।

नूर अहमद ने 1 ओवर में 2 विकेट लिए। वहीं डेवाल्ड ब्रेविस ने वैभव अरोड़ा के ओवर में 30 रन बना दिए। चेन्नई के कप्तान एमएस धोनी ने बतौर विकेटकीपर आईपीएल में 200 शिकार पूरे कर लिए। उन्होंने कोलकाता के खिलाफ 1 कैच लिया और 1 स्टंपिंग की। धोनी आईपीएल में 200 शिकार करने वाले पहले विकेटकीपर बने। उनके नाम सबसे ज्यादा 153 कैच और 47 स्टंपिंग रही। कोलकाता के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने आईपीएल में अपने 5 हजार रन पूरे कर लिए। रहाणे ने चेन्नई के खिलाफ 48 रन बनाए। इसी के साथ उनके 5 हजार रन पूरे हो गए। उनके अब 197 मैच में 5017 रन हो गए। वे आईपीएल में 5 हजार रन बनाने वाले 9वें ही खिलाड़ी बने।

रवींद्र जडेजा ने कोलकाता के खिलाफ 1 विकेट लिया। इसी के साथ उनके आईपीएल में सीएसके के लिए 141 विकेट हो गए। वे चेन्नई के टॉप विकेट टेकर बन गए। उन्होंने ड्वेन ब्रावो का रिकार्ड तोड़ा, जिनके नाम 140 विकेट हैं। भारतीय सेना के आपरेशन सिंदूर के सम्मान में मैच से पहले राष्ट्रगान बजा। आईपीएल में मैच से पहले आमतौर पर नेशनल एंथम नहीं बजाया जाता, लेकिन आर्मी के सम्मान में बुधवार को ऐसा किया गया। 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में जब आतंकी हमला हुआ था, तब खिलाड़ियों ने मैच के दौरान काली पट्टी बांधकर विरोध प्रकट किया था। चेन्नई के स्पिनर नूर अहमद ने पारी के 8वें ओवर में 2 विकेट निकाले। उन्होंने पहली गेंद पर सुनील नरेन को विकेटकीपर एमएस धोनी के हाथों स्टंपिंग कराया। फिर चौथी गेंद पर अंगख्रष रघुवंशी को धोनी के ही हाथों काट बिहाइंड भी करा दिया। नूर ने मैच में 4 विकेट लिए। सीएसके के मिडिल आर्डर बैटर डेवाल्ड ब्रेविस ने दूसरी पारी के 11वें ओवर में 30 रन बटोर लिए। उन्होंने वैभव अरोड़ा के खिलाफ ओवर में 3 छक्के और 3 चौके लगाए। आखिरी गेंद पर चौका लगाकर उन्होंने 22 गेंद पर ही अपनी फिफ्टी भी पूरी कर ली। यह ब्रेविस के आईपीएल करियर की पहली ही हाफ सेंचुरी रही।

# रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु प्लेऑफ में अपनी मजबूत पकड़ बनाने उतरेगी




**● लखनऊ पिछली तीन हार को भुलाकर प्लेऑफ के लिए जीत के क्रम में लौटना चाहेगी, लखनऊ 11 मैचों में 5 जीत के साथ तालिका में सातवें स्थान पर है**

**लखनऊ, वार्ता।** लगातार चार जीत और विराट कोहली की शानदार फॉर्म से उत्साहित रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) आईपीएल 2025 के 59वें मैच में शुक्रवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ प्लेऑफ में अपनी पकड़ मजबूत बनाने मैदान में उतरेगी। कल भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एकाना स्टेडियम में होने वाले इस मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स पिछली तीन हार को भुलाकर प्लेऑफ के लिए जीत के क्रम में लौटना चाहेगी। लखनऊ 11 मैचों में पांच मैचों में जीत के साथ तालिका में दस अंक के साथ सातवें पायदान पर है। टूर्नामेंट में आरस. िबी की बल्लेबाजी शानदार रही है और उसके धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली ने लगातार चार अर्द्धशतक लगाकर बेहतर फार्म में दिख रहे हैं। जैकब बेथेल, टिम डेविड और विस्फोटक रोमारियो शेफर्ड जैसे खिलाड़ियों के दमदार समर्थन के साथ, मेहमान टीम के पास एक गहरी और बेहतरीन बल्लेबाजी क्रम है। ऐसा माना जा रहा है कि आरसीबी की जीत की संभावना लखनऊ से थोड़ी अधिक है और वे लगातार पांचवीं जीत हासिल करके अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचना चाहेंगे। अगर उन्हें इस मुकाबले में जीत हासिल होती है तो उनके प्लेऑफ की उम्मीदें मजबूत होगी। लखनऊ सुपर जायंट्स की हाल के हफ्तों में अभियान की गति कम हुई है। मध्य सत्र में शानदार प्रदर्शन के बाद मेजबान टीम लगातार तीन हार का सामना कर चुकी है। उनका गेंदबाजी आक्रमण विपक्षी बल्लेबाजों को रोकने में विफल रहा है उनके गें. दबाजों ने अधिक रन दिये है तथा स्टार बल्लेबाजी क्रम में निरंतरता की कमी है। लखनऊ टीम की अगुआई कर रहे ;षभ पंत बल्ले से संघर्ष कर रहे हैं इसके अलावा निकोलस पूरन, डेविड मिलर तथा आयुष बदोनी जैसे खिलाड़ी अच्छी शुरुआत को मैच विजयी योगदान में बदलने में विफल रहे हैं। गेंदबाजी के मोर्चे पर आवेश खान और मयंक यादव महंगे रहे हैं, जबकि दिग्वेश लसह राठी ने कभी-कभार विकेट लेने के बावजूद उनकी एकरूपता कमी देखी गई है। वहीं आरसीबी की गेंदबाजी इकाई अधिक संतुलित दिखाई देती है। जॉश हेजलवुड की जगह लेने वाले लुंगी एनगिडी ने अपने पिछले मैच में तीन विकेट लेकर प्रभावित किया। अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और स्पिनर क्रुणाल पांड्या बीच के ओवरों में रनों पर रोक लगाने और विकेट लेने में कामयाब रहे हैं। इस सीजन में पहली पारी का औसत स्कोर 175 रहा है और यहां की पिच ने बल्ले और गेंद के बीच संतुलित मुकाबला पेश किया है। पहले गेंदबाजी करने वाली टीमों को अधिक सफलता मिली है, उन्होंने इस स्थल पर खेले गए पांच मैचों में से चार में जीत हासिल की है।

# मैंने अभी भविष्य पर कोई निर्णय नहीं लिया: धोनी

**■ आईपीएल से संन्यास की अटकलें लगाई जा रही थीं जुलाई में 44 साल के हो जाएगें**

**मुंबई, वार्ता।** एमएस धोनी ने बुधवार को सीएसके और केकेआर मैच के बाद कोलकाता में साफ कर दिया कि उनका अभी आईपीएल से संन्यास लेना तय नहीं है और समय के साथ इस बारे में फैसला करेंगे। इस सीजन के खत्म होने के बाद उनकी संन्यास की अटकलें लगाई जा रही थीं। धोनी ने मैच के बाद कहा, यही वह प्यार और स्नेह है जो मुझे हमेशा मिलता रहा है। यह मत भूलिए कि मैं 43 साल का हूं। मैं लंबे समय तक खेला हूं। उनमें से बहुतों को नहीं पता कि मेरा आखिरी मैच कब होगा (मुस्कुराते हुए) इसलिए वे आकर मुझे खेलते हुए देखना चाहते हैं।

उन्होंने आगे कहा, मैं साल में केवल दो महीने ही खेलता हूं। जब यह आईपीएल खत्म होगा, तो मुझे फिर से छह से आठ महीने में कड़ी मेहनत करनी होगी, ताकि मैं देख सकूं कि मेरा शरीर इस तरह का दबाव झेलने के लिए फिट है या नहीं। तो अभी मेरे लिए कुछ तय करने जैसा नहीं है, लेकिन जहां भी मैं गया हूं, वहां मुझे प्यार और अपनापन मिला है। सीएसके ने केकेआर को 2 विकेट से हराया इस मैच में सीएसके ने केकेआर को 2 विकेट से हराया। केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 179 रन बनाए थे। चेन्नई ने 2 गेंद शेष रहते ही 8 विकेट के नुकसान पर 183 रन बना लिए। धोनी ने इस मैच में नाबाद 17 रन बनाकर चेन्नई को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

धोनी की फिटनेस को लेकर फ्लेमिंग ने दिया था बयान चेन्नई सुपर किंग्स के हेड कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने धोनी की फिटनेस को लेकर लगातार 2 हार के बाद अपडेट दिया था। उन्होंने बताया कि धोनी के घुटने पहले जैसे नहीं रहे और इसी वजह से वे 10 ओवर तक लगातार भाग कर बल्लेबाजी नहीं कर सकते हैं। इसी कारण मुकाबले के अनुसार उनकी बैटिंग पोजिशन का फैसला किया जाता है। धोनी आईपीएल में 200 शिकार करने वाले पहले विकेटकीपर चेन्नई के कप्तान एमएस धोनी ने बतौर विकेटकीपर आईपीएल में 200 शिकार पूरे कर लिए। उन्होंने कोलकाता के खिलाफ 1 कैच लिया और 1 स्टंपिंग की। धोनी आईपीएल में 200 शिकार करने वाले पहले विकेटकीपर बने। उनके नाम सबसे ज्यादा 153 कैच और 47 स्टंपिंग रही। 2026 को ध्यान में रख कर युवाओं को दे रहे हैं मौका सीएसके प्लेआफ से बाहर हो चुका है। धोनी ने कहा कि अभी युवाओं को परखने का अच्छा समय है। सीएसके इस सीजन के अपने आखिरी कुछ मैचों का उपयोग आईपीएल 2026 के लिए तैयारी करने के लिए कर रहा है। धोनी ने कहा कि ये वे खिलाड़ी हैं जो अभी हमारे साथ हैं। इसलिए हमारे पास उन्हें परखने का मौका है। आप उन्हें नेट्स में देख सकते हैं। आप उन्हें अभ्यास मैच में देख सकते हैं लेकिन असली मैच जैसा कुछ नहीं है। हम टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं। हमारे पास तीन गेम बचे हुए थे, ऐसे में हम उन्हें मौका देकर परखना चाहते हैं।



# एम्मा राडुकानू व कैमरन नोरी इटालियन ओपन में दूसरे दौर में

**■ पुरुष वर्ग में नोरी ने क्रिस्टोफर को सीधे सेटों में 6-3, 6-2 से हराया**

**रोम, वार्ता।** ब्रिटेन की एम्मा राडुकानू और पुरुष वर्ग में हमवतन कैमरन नोरी ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर इटालियन ओपन के दूसरे दौर में जगह बना ली है। वहीं केटी बौल्टर को हार का सामना करना पड़ा। तीन साल के बाद पहली बार टूर्नामेंट में भाग लेने वाली राडुकानू ने बुधवार को खेले गये मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की माया जॉइंट के खिलाफ 7-5 6-7 (1-7) 6-3 से जीत दर्ज की। इस बीच ब्रिटेन की 28 वर्षीय केटी बौल्टर रूस की अनास्तासिया पावलुचेनकोवा से 3-6, 3-6 से हार गई। वहीं पुरुष वर्ग में नोरी ने क्रिस्टोफर ओं' कॉनेल को सीधे सेटों में 6-3 6-2 हराकर दूसरा दौर में अपना स्थान पक्का किया। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने 76 मिनट के मैच में ओं' कोनेल के खिलाफ सिर्फ पांच गेम गंवाए।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### रावलपिंडी में होने वाला पीसीएल मैच रद्द

**रावलपिंडी, वार्ता।** भारत के ड्रोन अटैक के बाद रावलपिंडी में गुरुवार को कराची किंग्स और पेशवार जलमी के बीच होने वाला मैच कैंसिल कर दिया गया है। न्यूज एजेंसी आईएएनएस ने एक पूर्व क्रिकेटर के हवाले से लिखा कि विदेशी खिलाड़ी गहरे सदमे में हैं। कई खिलाड़ी अब जल्द से जल्द देश छोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। एजेंसी ने लिखा कि पाक क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों ने पीसीएल के बचे हुए मैच कराची, दोहा और दुबई में शिफ्ट करने की सलाह दी है। पीसीबी सरकार से सलाह-मशविरा करने के बाद कोई फैसला लेगा। आपरेशन सिंदूर के तहत जवाबी कार्रवाई में भारत का एक ड्रोन रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में गिरा, इससे स्टेडियम के क्षतिग्रस्त हो गया है, हालांकि पाक सरकार ने इसे आसमानी बिजली बताया है। रात 8:30 बजे से होना था कराची-पेशेवार मैच कराची किंग्स और पेशवार जलमी के बीच का मुकाबला रात 8:30 बजे खेला जाना था। कराची की टीम पाइंट्स टेबल के दूसरे स्थान पर है। जबकि पेशेवर की टीम 5वें स्थान पर है।

### खेलो इंडिया यूथ गेम्स से जुड़ना गर्व की बात: पंकज

**मुंबई, वार्ता।** बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता पंकज त्रिपाठी का कहना है कि यह उनके लिए बड़े गर्व की बात है कि वह अपने राज्य बिहार में हो रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स से जुड़े हैं। मशहूर अभिनेता और बिहार का गर्व, पंकज त्रिपाठी, अब खेलो इंडिया यूथ गेम्स से जुड़ गए हैं। यह बिहार में आयोजित होने वाला अब तक का सबसे बड़ा खेल आयोजन है, जिसमें देशभर से खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। हाल ही में हुये उद्घाटन समारोह को उसकी भव्यता के लिए सराहा गया है और पंकज त्रिपाठी को बिहार का प्रेरणास्त्रोत चेहरा बनाकर आमंत्रित किया गया है। बिहार में हो रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स को जबरदस्त समर्थन मिल रहा है और यह राज्य का अब तक का सबसे बड़ा खेल महोत्सव बन गया है। देश के कोने-कोने से युवा खिलाड़ी यहां आकर अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं।

# ट्रैक साइक्लिग में झारखंड व राजस्थान ने जीते स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली, वार्ता।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 की ट्रैक साइक्लिग स्पर्धाओं गुरुवार को झारखंड की लड़कियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। वहीं लड़कों के वर्ग में राजस्थान चैंपियन बना। बिहार की लड़कियों ने भी कड़ी टक्कर दी और तीसरा स्थान हासिल किया। लड़कियों की श्रेणी में झारखंड ने दो स्वर्ण और एक कांस्य मेडल के साथ कुल 16 अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। इस जीत में सबसे अहम योगदान टीम स्प्रिंट स्पर्धा में आए एक स्वर्ण पदक का रहा, जिससे टीम को सीधे 10 अंक प्राप्त हुए। राजस्थान ने तीन स्वर्ण पदक हासिल कर 15 अंक के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं बिहार ने दो रजत और एक कांस्य के जरिए 10 अंक जुटाकर तीसरी पायदान पर जगह बनाई। तीसरा स्थान प्राप्त करने में अहम योगदान टीम स्प्रिंट में आए एक रजत पदक का रहा।

## चोटिल नितीश राणा की जगह लुआन-ड्रे प्रिटोरियस हुए आरआर में शामिल

**जयपुर, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के लुआन-ड्रे प्रीटोरियस को चोटिल नितीश राणा की जगह राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2025 के अपने दल में शामिल किया है। विकेटकीपर बल्लेबाज प्रिटोरियस को 30 लाख रुपये के बेस प्राइस पर टीम में जगह दी गई। 19 वर्षीय प्रिटोरियस ने अभी तक अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में पर्दापण नहीं किया है, लेकिन उन्होंने इस वर्ष के एसए-20 लीग के दौरान 12 मैचों में 166-80 की स्ट्राइक रेट के साथ सर्वाधिक 397 रन बनाए थे। पिछले वर्ष प्रिटोरियस अंडर-19 विश्वकप में द. अफ्रीका की ओर से सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज थे।

# टेस्ट में फ्लाप रोहित के लिए विश्व कप आखिरी लक्ष्य

**न्यूजीलैंड-ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद रेड बॉल से लिया संन्यास, उतार-चढाव भरा रहा करियर**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत को 2 आईसीसी ट्राफी जिता चुके रोहित शर्मा ने बुधवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। उन्होंने शाम 7.30 बजे अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर रिटायरमेंट की जानकारी दी।

रोहित वनडे और टी-20 में तो बतौर प्लेयर और कप्तान बेहतरीन रहे, लेकिन रेड बाल में उस कामयाबी को दोहरा नहीं सके। 11 साल के टेस्ट करियर में रोहित ने 67 टेस्ट खेले और 12 शतक लगाकर 4301 रन बनाए। उनकी कप्तानी में टीम ने 50प्रतिशत टेस्ट जीते, लेकिन होमग्राउंड पर न्यूजीलैंड के खिलाफ इतिहास में पहली हार झेलनी पड़ गई। आस्ट्रेलिया से भी 10 साल बाद सीरीज में हार मिली, जिस कारण टीम वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप के फाइनल में नहीं पहुंच सकी। 2007 में भारत के लिए वनडे और टी-20 डेब्यू करने




वाले रोहित शर्मा को टेस्ट डेब्यू के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। 2010 में आखिरकार उन्हें साउथ अफ्रीका के खिलाफ नागपुर टेस्ट में मौका मिला, लेकिन मैच से ठीक पहले उन्हें एंकल इंजरी हो गई। जिस कारण उनका इंतजार और भी ज्यादा बढ़ गया। इंटरनेशनल डेब्यू के 6 साल बाद 2013 में आखिरकार रोहित को फिर टेस्ट स्क्वाड में जगह मिली। इस बार मौका क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर के करियर की आखिरी सीरीज में मिला। वेस्टइंडीज के खिलाफ 6 नवंबर 2013 को रोहित ने डेब्यू किया। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में उन्हें नंबर-6 पर बैटिंग करने का मौका मिला। रोहित ने अपने पहले ही टेस्ट में भारत को मुश्किल स्थिति से निकाला।

## लाल गेंद से 'हिटमैन' का सफर शानदार रहा: BCCI

**मुंबई, वार्ता।** क्रिकेट में मध्यक्रम से लेकर भारत के सबसे बेहतरीन टेस्ट ओपनर तक रोहित शर्मा का लाल गेंद का सफर शानदार रहा। उन्होंने क्रिकेट के हर प्रारूप में टीम का नेतृत्व कर अपनी क्षमता का लौहा मनवाया।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को रोहित शर्मा को 'शानदार और प्रेरणादायक' टेस्ट करियर के लिए हार्दिक बधाई दी। जबकि वह अंतर्राष्ट्रीय खेल में सबसे लंबे और सबसे छोटे प्रारूपों से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन वह एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारतीय क्रिकेट की सेवा करना जारी रखेंगे। रोहित टेस्ट और टी-20 क्रिकेट से संन्यास ले चुके है। रोहित ने न केवल 4,301 टेस्ट रन, बल्कि एक ऐसी विरासत तय की जिसने देर से सफल होने के बावजूद और बड़ी सफलता का मतलब फिर से परिभाषित किया। रोहित ने 2013 में पर्दापण करने के बाद टेस्ट टीम में कई साल बिताए। वह इस धारणा से जूझते हुए कि वह केवल सफेद गेंद के विशेषज्ञ हैं। यह 2019 में निर्णायक रूप से बदल गया, जब उन्हें शीर्ष क्रम में पदोन्नत किया गया। इसके बाद जो हुआ वह एक शानदार दौर था जिसमें घरेलू मैदान पर शतक, इंग्लैंड में मास्टरक्लास और ऑस्ट्रेलिया में दमदार प्रदर्शन शामिल थे। रोहित ने 67 टेस्ट मैचों में 40-57 की औसत से 4,301 रन बनाए, इसमें 12 शतक और करियर की 212 रनों की सर्वश्रेष्ठ पारी शामिल हैं। रोहित ने भारतीय टेस्ट टीम के 35वें कप्तान के रूप में 24 मैचों में भारत का नेतृत्व किया।

# वरुण पर 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया



**■ बीसीसीआई ने जुर्माने के साथ एक डिमेरिट पाइंट भी दिया, ब्रेविस को आउट करने के बाद जाने का इशारा किया था**

**मुंबई, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पर बीसीसीआई ने आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और एक डिमेरिट पाइंट दिया है।

हालांकि, आईपीएल की ओर से जारी किए गए बयान में नहीं बताया गया है कि किस घटना के लिए उन पर करवाई की गई है। बयान में कहा गया है कि वरुण अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 के दोषी हैं। अनुच्छेद 2.5 में बल्लेबाज को उकसाना और इशारा करना शामिल अनुच्छेद 2.5 में किसी खिलाड़ी की ओर से आउट होने पर बल्लेबाज की ओर की गई टिप्पणी, क्रिया या इशारा शामिल है। जिससे आउट होने वाले बल्लेबाज की आक्रामक प्रतिक्रिया भड़कने की संभावना हो। डेवाल्ड ब्रेविस को आउट करने के बाद वरुण ने उन्हें मैदान सो बाहर जाने का इशारा किया था।

माना जा रहा है कि वरुण पर इसी लिए जुर्माना लगा है। वरुण ने डेवाल्ड ब्रे. विस का विकेट लिया दरअसल, केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 179 रन बनाए थे। 180 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी सीएसके की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 60 रन पर ही उसके 5 विकेट गिर गए थे। लेकिन, ब्रेविस ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए मैच का रुख बदल दिया। उन्होंने वैभव अरोड़ा के एक ओवर में 30 रन बनाए। ब्रेविस ने 25 गेंदों पर 52 रन बनाए और उनके विकेट ने केकेआर को खेल में वापस ला दिया। उनका विकेट वरुण ने लिया।

# पाक अटैक के बीच दिल्ली-पंजाब IPL मैच रद्द

**धर्मशाला मैदान में पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगे, दर्शकों को बाहर निकाला गया**

**धर्मशाला, वार्ता।** पाकिस्तान के अटैक के बीच धर्मशाला के एचपीसीए मैदान पर पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के मैच को रोक दिया गया है। मैदान की सभी फ्लडलाइट्स बंद हैं और सभी फैंस को बाहर निकाला दिया गया है। मैदान से बाहर निकलते हुए फैंस ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए।

खेल रोके जाने तक पंजाब ने 10.1 ओवर में एक विकेट पर 122 रन बना लिए थे। प्रभसिमरन सिंह और श्रेयस अय्यर नाबाद लौटे। प्रियांश आर्या 70 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें टी नटराजन ने माधव तिवारी के हाथों कैच कराया। पाकिस्तान के अटैक के बीच धर्मशाला मैदान पर चल रहे आईपीएल मैच को रोक दिया गया है। मैदान की सभी फ्लड लाइट्स बंद कर दी गई हैं और फैंस को बाहर निकाला जा रहा है। 11वें ओवर में पंजाब ने पहला विकेट गंवाया। यहां प्रियांश आर्या 70 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें टी नटराजन ने माधव तिवारी के हाथों कैच कराया। पारी के 10वें ओवर में प्रियांश आर्या ने कुलदीप यादव की बाल पर लगातार दो छक्के लगाए। इसी ओवर में प्रभसिमरन सिंह ने भी चौका लगाया।

उन्होंने फिफ्टी पूरी की है। 9वें ओवर में प्रभसिमरन सिंह ने माधव तिवारी के ओवर में लगातार दो चौके लगाए। उन्होंने तीसरी और चौथी बाल को बाउंड्री के पार पहुंचाया। इसी के साथ पंजाब का स्कोर 100 पार पहुंच गया। टीम के ओपनर्स क्रीज पर थे। 7वें ओवर में प्रियांश आर्या ने फिफ्टी पूरी कर ली है।

उन्होंने 25 बाल पर फिफ्टी पूरी की। टॉस जीतकर बैटिंग कर रही पंजाब की टीम ने मजबूत शुरुआत की। टीम ने शुरुआत 6 ओवर में बिना नुकसान के 69 रन बना लिए हैं। टीम के ओपनर्स नाबाद रहे। पंजाब ने चौथे ओवर में 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया। दुष्मंथा चमीरा के ओवर की आखिरी बाल पर प्रियांश आर्या ने चौका लगाते हुए स्कोर 50 पार पहुंचाया।

इसी के साथ दोनों ओपनर्स ने फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली है। मैच का पहला ओवर डाल रहे मिचेल स्टार्क ने 11 रन खर्च किए हैं। प्रियांश आर्या ने उनके ओवर की पहली दो बाल पर लगातार दो चौके लगाए। पंजाब ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी है। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टास जीतकर बैटिंग चुनी।

टीम ने प्लेइंग-11 में बदलाव नहीं किया। दिल्ली कैपिटल्स ने करुण नायर और विपराज निगम को बाहर किया। समीर रिजवी और माधव तिवारी को मौका मिला।

## शमीम पाशा ने रखीं ऊर्जा मंत्री के सामने समस्या

### कहा: लंबे समय से लोग हैं परेशान जल्द हो समाधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** ब्लॉक के लालवारे के ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान




ग्रामीण सहकारिता समिति के मौजूदा चेयरमैन हाजी मुहम्मद शमीम पाशा ने ऊर्जा राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर के समक्ष ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए एक लिखित शिकायत रखी जिसने 11 हजार की एसटी लाइन हटवाने और 100 केवी की जगज 250 केवी का ट्रांसफार्मर रखवाने की मांग की उन्होंने कहा लंबे समय से हाई टेंशन लाइन आबादी के ऊपर से गुजर रही है। लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

आए दिन हादसे होते रहते हैं। लंबे समय से लोग इसे हटवाने की मांग कर रहे हैं। साथी गांव में लगा 100 केवी की जगह 250 केवी ट्रांसफार्मर लगवाए जाने की भी मांग उठाई जिससे लोगों को समस्या का समाधान न करना पड़े छोटा ट्रांसफार्मर राखी होने की वजह से अक्सर विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाती है। लेकिन शिकायत पर ऊर्जा राज्य मंत्री ने जल्द ही शिकायत का संज्ञान लेकर समस्या का निदान का आस्वाशन दिया।

## एसएम कॉलेज में आयोग से आए प्राचार्य को नहीं टिकने दिया जाता: प्रराचार्य दानवीर यादव

### छात्र-छात्राओं के हितों का मुद्दा उठाने पर हुए षडयंत्र का शिकार

**चन्दौसी।** अनियमितताओं के चलते पहले निलंबन फिर बगैर बीसी



कोर्ट के आदेश के सेवाएं समाप्त कर दी गईं। एस. एम. डिग्री कॉलेज चन्दौसी में एक साथ तीन प्रोफेसरों को सेवामुक्त कर दिया जिसमें एक महिला संविदाकर्मी है जो लंबे समय से बीएड विभाग में कार्यरत है। वहीं गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद ने विश्व विश्वविद्यालय की प्रथम नियमावली, अधिनियम 1973 से कुलपति को प्रदत्त शक्तियों एवं विश्वविद्यालय की प्रथम पीठ नियमावली के सेक्शन 49 में वर्णित प्रावधान सेवा समाप्त करने का 18 अप्रैल 2025 को जारी आदेश विधि सम्मत न होने के कारण शून्य घोषित किय गया। इसी आदेश के तहत प्राचर्य कॉलेज पहुंचे और प्राचार्य का कार्यभार संभाला ही था परंतु उसी समय निल. ंबन आदेश मैनेजमेंट ने जारी कर दिया। वहीं प्राचार्य कार्यालय में कोई गड़बड़ न हो तुरंत पुलिस बला ली गयी, अगले दिन कॉलेज के प्राचार्य कार्यालय को सील कर दिया गया। गुरुवार को प्राचार्य डा0 दानवीर यादव ने बहजोई रोड स्थित अपने कैम्प कार्यालय पर प्रेसवाता में पक्ष रखते हुए कहा कि एस.एम. कॉलेज एक ऐसा कॉलेज है जिसमें आयोग से आये किसी प्राचार्य को नहीं टिकने दिया जाता। पूर्व में भी चार प्राचार्यों के साथ इस तरह की घटना हो चुकी है। पूर्व में भी कई प्राचार्य कॉलेज छोड़कर चले गये। प्राचार्य ने कहा कि कॉलेज की प्रशास. निक जिम्मेदारी उनकी है। इसमें प्रबंधक कमेटी का दखल नहीं चलेगा। मैं एक एकल प्राचार्य हूं जो दो वर्षों का समय पूरा कर पाया। लोग चाहते हैं कि पूर्व प्राचार्यों की तरह छोड़कर चला जाऊं परंतु मैं ऐसा नहीं करने वाला। मुझे मैनेजमेंट की शह पर षडयंत्र का शिकार बनाया जा रहा है और मुझ पर यौन शोषण जैसे जघन्य आरोप लगाये गये। मैंने हमेश कॉलेज को सर्वोपरि रखा जिसके तहत छात्र-छात्राओं के लिए हॉस्टल खोलना, बिजली का सारा बिल कॉलेज से जमा कराया जाना, प्रबंधक द्वारा कॉलेज का नक्शा देना, दुकानों का किराया समिति के खाते में जाना, लॉ कॉलेज एवं इंटर कॉलेज की भूमि को समिति के नाम कर उसे खुर्द-बुर्द करने के संबंध में जानकारी ली गई परंतु प्रबंधक कमेटी को उनकी यह बात अच्छी नहीं लगी। प्राचार्य ने कहा कि जिस महिला सहायक प्रोफेसर से विवाद बताया जा रहा है, उससे संबंध काफी अच्छे रहे और कॉलेज के हित में कार्य किये परंतु कुछ समय बाद प्रबंध कमेटी को कॉलेज की प्रगति अच्छी नहीं लगी और पूर्व प्राचार्यों की तरह मैं भी षडयंत्र का शिकार हो गया परंतु कॉलेज के हितों सदैव ध्यान रखेंगे। प्रदेश में अंग्रेजों के शासन के जमाने का कॉलेज धीरे-धीरे समाप्त हो जाए, वह ऐसा नहीं होने देंगे। प्राचार्य ने कहा कि प्रबंध कमेटी अपना दायित्व निभाए और वह अपना दायित्व निभायेंगे जिससे छात्रों के भविष्य निर्माण हेतु कार्य किया जा सके।

## एक सप्ताह में दो मामलों में सजाएं, अपराधियों में हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** महिला अपराधों के सरकार सजग है, महिला सशक्ती करण के चलते उत्तरप्रदेश सरकार भी कटिबद्ध है। समाज में महिलाओं के प्रति हो रहे संगीन अपराधों में इसके चलते कमी आयी है। न्यायालय का रुख सख्त है, साक्ष्य मिलने पर अपराधियों को कठोर सजाएं की जा रही हैं जिससे अपराध करने वालों को पता चले। महिलाओं व बालिकाओं के प्रति अपराध करने वालों को कानून किस तरह से शिकंजा कसकर उनकी गर्दन तक न्याय देवी का हाथ पहुंचकर न्याया दिलाता है। यदि संभल जनपद न्यायालय स्थित चन्दौसी की बात करें तो पिछले सात दिनों में लैंगिक अपराध, यौन शोषण, अपहरण व पॉक्सो एक्ट के मामले में दूसरे जनपद से स्थानांतरित होकर आये अपर जनपद न्यायाधीश द्वारा दो अभियोगों से सजाएं कर महिलाओं के प्रति अपराध करने वाले को विद्वान न्यायाधीश अवधेश सिंह अभियोग संख्या 141/2019 अंतर्गत धारा 363,366, 376, 3(2), एससी एसटी एक्ट थाना धनारी जिला संभल में अभियुक्त तेजपाल पुत्र रामनिवास को बीस वर्ष का करावास व 58 हजार रु0 के अर्थदंड से दंडित किया गया। साथ ही सहअभियुक्त किशनलाल पुत्र रामनिवास को 05 वर्ष का कठोर कारावास दिया गया। एक ही सप्ताह में दो मामले में सजा होने से अपराधियों में हड़कंप मच गया है। विद्वान न्यायाधीश के अनुसार, अभियोग की पत्रावली से पता चल जाता है कि सच्चाई क्या है।

## ऐतिहासिक बावड़ी की सुरक्षा व प्रगति कार्य को सुचारु करने की मांग उठाई

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय सनातन महासंघ के अध्यक्ष कौशल किशोर वंदेमातरम् द्वारा जिलाधिकारी संभल डा0 राजेन्द्र पैंसिया को ज्ञापन देकर चन्दौसी के लक्ष्मगणंज मौहल्ला स्थित ऐतिहासिक धरोहर बावड़ी की सुरक्षा व प्रगति कार्य सुचारु रुप करने की मांग की गई। कौशल किशोर ने कहा कि उक्त बावड़ी पर लगभग 15 दिन तक प्रगति कार्य चला था जिससे बावड़ी का प्रथम तल व द्वितीय तल सकुशल सामने आ गया है लेकिन उसके बाद से ही प्रगति कार्य को किसी कारणवश रोक दिया गया है। जल्द ही वर्षा काल का आरंभ होने वाला है, बावड़ी की सुरक्षा के लिये तिरपाल आदि से ढका गया था, वह अब जगह-जगह से फट चुका है। वर्षा का पानी भरने से बावड़ी की इमारत क्षतिग्रस्त होने की आशंका है।

## श्रीनारायण सेवा समिति ने पूर्व संध्या पर मनाई महाराणा प्रताप की जयंती

**चन्दौसी।** श्रीनारायण सेवा समिति चंदौसी के तत्वावधान में पूर्व संध्या पर राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप की जयंती गुरुवार को भोलेनाथ भवन में आयोजित किया गया जिसमे वक्ताओं ने अपने-अपने विचार प्रकट किये तथा पाकिस्तान पर भारत की जीत का जश्न मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए संरक्षक के.जी. गुप्ता ने कहा कि महाराणा प्रताप का जन्म 09 मई 1540 को राजस्थान के कुंभलगढ़ में हुआ था। बृजगा. ेपाल गुप्ता ने कहा कि महाराणा प्रताप बचपन में भीलों के साथ युद्ध कला सीखते थे और बचपन से ही वीर एवं बलशाली थे। अध्यक्ष सुभाष वार्ष्णेय ने कहा कि महाराणा प्रताप उदयसिंह व जयवंत कुंवर के पुत्र तथा राणा सांगा के पौत्र थे। हरीश कठेरिया एड. ने कहा कि राणा प्रताप के काल में दिल्ली में मुगल शासक अकबर का शासन था जो समस्त भारत को अपने अधीन



करना चाहता था। डॉ. जयशंकर दुबे ने कहा कि लगातार 30 वर्षों के प्रयास के बावजूद महाराणा प्रताप ने अकबर की अधीनता स्वीकार नहीं की। मुख्य वक्ता डॉ. टी.एस. पाल ने कहा कि आज का परिदृश्य विजय और गौरव गाथा से भरा हुआ है, आज भी महाराणा प्रताप जैसे वीर उपस्थित हैं।

कृष्णगोपाल मंगलम् ने कहा कि अधिक दबाव बढ़ने पर महाराणा प्रताप जंगलों में चले गए और घास की रोटियां खाकर जीवन निर्वाह किया। सचिन शर्मा एड. ने कहा कि भारत वीरों का देश है और हमारे सैनिक प्राणपण से सेवा करते हैं। विपिन गुप्ता ने कहा कि हमें गर्व है कि राणा प्रताप ने जिस प्रकार देश की रक्षा की उसी प्रकार आज भी हमारे वीर सैनिक रक्षा करते हैं।

कार्यक्रम में भारत द्वारा पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक पर आतंकी अढ्ढों को ध्वस्त करने पर प्रसन्नता व्यक्ति की गई।

## कोतवाली परिसर में वर्ष 1907 में बनी बैरक व क्वाटर धराशायी

**चन्दौसी।** कोतवाली चन्दौसी अंग्रेजों के जमाने की है। उसी समय कोतवाली पसिर में पुलिसकर्मियों को रहने के लिए बैरक बनायी गयी थीं। खंडहर में मिली ईंटों से पता चलता है कि ईंटों पर वर्ष 1907 अंकित है। इसका अर्थ यह है कि कोतवाली क्वाटरों का निर्माण 118 वर्ष पूर्व हुआ था लेकिन लंबे समय के बाद पुलिसकर्मियों की बैरक जर्जर हो गयी थी। संभवत: कभी भी धराशायी हो सकती थी। कई बार बंदरों ने ईंटों को भी गिरा दिया था। इंस्पेक्टर चन्दौसी मोहित कुमार द्वारा स्टाफ की मौजूदगी में जर्जर बैरकों एवं क्वाटरों का मलवा साफ कराया लेकिन जर्जर क्वाटरों की ईंट बिल्कुल साफ निकलीं जिन पर 1907 अंकित है। इंस्पेक्टर मोहित कुमार के अनुसार, क्वाटर बिल्कुल जर्जर हो गये हैं, गिरने की आशंका थी, इसलिए सुरक्षा की दृष्टि से मलवा हटा दिया गया है।



## संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश एवं बर्तन एसोसिएशन की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश एवं बर्तन एसोसिएशन के साथ जीएसटी विभाग द्वारा एडिशनल कमिश्नर ग्रेड 1आरके द्विवेदी जी एवं ग्रेड 2 आरए सेठ द्वारा एक मीटिंग जीएसटी कार्यालय पर आरके द्विवेदी के कार्यालय पर आहूत की गई जिसमें जी माननीय आरके द्विवेदी ने बताया की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार इस मीटिंग का उद्देश्य व्यापारियों के बीच मैं भय और भ्रम की स्थिति को खत्म करना है और एक विश्वास की स्थिति को पैदा करना है। ईमानदार करदाता का किसी भी तरह का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा जो लोग समाधान योजना में आते हैं उनको भी इमानदारी से अपना टैक्स जमा करना चाहिए उनके द्वारा दिए गए टैक्स से ही सरकार उनके ही वेलफेयर की स्कीम चलाती है ग्रेड 2 आर ए सेठ जी ने कहा कि जो व्यापारी सही रजिस्टर्ड व्यापारी से वास्तव में माल का लेनदेन करेगा उसको किसी किस्म की भविष्य में कोई परेशानी नहीं आएगी जो बोगस फर्म या समाधान कर के नाम पर या फरजी तरीके से लेनदेन करेंगे।

उनका चेक करके उनसे टैक्स वसूला जाएगा। अध्यक्ष संयुक्त व्यापार मंडल अरविंद अग्रवाल जॉनी ने इस मीटिंग को सकारात्मक पहल बताया और कहा कि इससे व्यापारी को काम करने में सुविधा होगी महामंत्री विपिन गुप्ता ने कहा पिछले लगभग 18 महीने से व्यापार की स्थिति ठीक नहीं चल रही है ऑन लाइन बिजनेस ने और कंपटीशन की वजह से भी फर्क आया है नेताजी सुनील अग्रवाल ने डिनर सेट और माल को लाने और ले जाने में आ रही असुविधा को दूर करने के लिए व्यापारियों को जागरूक करने के लिए पत्रक द्वारा सूचित करने के लिए कहा इस मीटिंग में मुख्य रूप से नलिन अग्रवाल अमरीश अग्रवाल राकेश सिंहल रवि अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।



## एक नजर

### उत्तराखंड की रोडवेज बस ने बाइक सवार दंपति को मारी टक्कर, पत्नी की मौत पति घायल

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे स्थित टोल प्लाजा नियायतपुर इकरोटिया के पास जुबली ढाबे के पास उत्तराखंड काठगोदाम की रोड़वेज बस ने दूसरे वाहन को ओवरटेक करते समय बाइक में टक्कर मार दी हादसे में पत्नी पूजा की मौत हो गई जबकि पति नरेन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया,मझोला थाना क्षेत्र के शाहपुर तिगरी निवासी नरेन्द्र अपनी पत्नी पूजा के साथ बुधवार दोपहर




बाद लगभग साढ़े तीन बजे रामपुर से घर लौट रहा था टोल प्लाजा नियायतपुर इकरोटिया समीप जुबली ढाबे के पास उत्तराखंड की रोडबेज बस ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाईक सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए, सूचना पर पहुंची दलपतपुर चौकी पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवा दिया जहाँ डाक्टरों ने पूजा को मृत घोषित कर दिया, एसएचओ राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए मुरादाबाद भेज दिया है, दलपतपुर चौकी प्रभारी ने बताया कि सड़क दुघर्टना बुधवार की दोपहर बाद की है, रोड़वेज बस और बस स्टाफ को मौके से पकड़ लिया है और मृतक के परिवार की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

### भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में की गई एयर स्ट्राइक पर की खुशी जाहिर

**चन्दौसी।** भारतीय मानव कल्याण समिति के सदस्यों ने भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में की गई एयर स्ट्राइक पर खुशी जाहिर की। समिति प्रबन्धक डॉ टी.एस. पाल ने कहा कि मोदी सरकार की सूझबूझ एवं सेना के पराक्रम से मात्र 15 दिन में आतंकियों को उनके आशियानों सहित ध्वस्त करके दुनिया को बता दिया है कि अब ये नया भारत है, जो दुश्मन को घर में घुसकर मारने की क्षमता रखता है।

अब समय इस आतंकवाद को जड़ से खत्म करने का है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय जवानों द्वारा पाकिस्तान में एयर स्ट्राइक करने पर




सरकार और सेना का आभार व्यक्त किया। वीना वार्ष्णेय ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को बहनों के सुहाग उजाड़ने वाले आतंकियों से सिंदूर का बदला लेकर देश का युवा, महिला एवं बुजुर्ग सभी अपने आप को गौरवन्वित महसूस कर रहें हैं। भारत की ओर आंख उठाने वाले हर व्यक्ति एवं देश का यही अंजाम होगा। इस दौरान तिरंगा फहराकर एवं महिलाओं ने मांग में सिंदूर भरकर खुशी मनाई। इस दौरान सुशील भोलेनाथ, आकाश शर्मा, ओम प्रकाश गुप्ता, मुनीश बाबू, विपिन बाला. जी, दुर्गेश पाल, बबिता गुप्ता, प्रभा गुप्ता, चारुल वार्ष्णेय, डॉ जयशंकर दुबे, रंजना वार्ष्णेय, महेश पाल, डोली, कुमकुम वार्ष्णेय, महिमा वार्ष्णेय, ज्ञान देवी, राधिका, दिविशा आदि मौजूद रहे।

### भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का किया मनोहारी वर्णन

**चन्दौसी।** नगर के सुभाष रोड स्थित श्रीरघुनाथ मंदिर में 08 मई 2025 को रमेश अधीर कृत नवीनतम भागवत ग्रंथ 'श्रीमद्भागवत महापुराण काव्य कथामृत' के आधार पर संगीतमयी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस की कथा में कथावाचक शिवशंकर भारद्वाज ने नंदोत्सव की विस्तृत चर्चा करते हुए



भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का ऐसा मनोरम वर्णन किया कि श्रोता अपनी सुध-बुध भूलकर झूमते, नाचते, आनंद मनाते दिखाई दिये। आज की कथा का मुख्य आकर्षण गिरिराज का पूजन एवं छप्पन भोग रहा। इस अवसर पर में लवकुश अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, डॉ हरिप्रकाश, अग्रवाल, स्वाति, सुमित गोयल, शोभित अग्रवाल, जय शंकर दुबे, विपिन कुमार गुप्ता, पुलकित अग्रवाल, अविनाश जौहरी, ओमप्रकाश गोगी, अनिल अग्रवाल, डॉ प्रेमकांता अग्रवाल, नमिता अग्रवाल, उमा अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## 'एक राष्ट्र एक चुनाव' को लेकर देहात विधानसभा में प्रबुद्ध समागम का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर महानगर के देहात विधान सभा के रामगंगा विहार मंडल के आर एस डी एकेडमी में एक राष्ट्र एक चुनाव पर प्रबुद्ध समागम का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में राज्यमंत्री डा. सोमेंद्र तोमर रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि सोमेंद्र तोमर ने दीप प्रज्वलित किया।

तदोपरांत वंदे मातरम का गायन किया गया। प्रबुद्ध समागम का अपने वक्तत्व से शुभारंभ करते हुए राज्य मंत्री डा.सोमेंद्र तोमर ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव के अंतर्गत आजादी के बाद देश में 1952 से लेकर 1967 तक एक साथ चुनाव हुए थे सभी सरकारें 5 साल तक चली थी लेकिन कांग्रेस ने सन 1971 में इस परंपरा को ध्वस्त कर दिया। वही सब अब हम सब को मिलकर लागू करना है सभी राज्यों के चुनाव एक साथ करने का नियम बना सकते हैं इसके लिए हमें जनता के बीच आम सहमति लेनी है बार-बार चुनाव होने से विकासात्मक गतिविधियां ठप हो जाती है। एक राष्ट्र एक चुनाव की प्रक्रिया लागू होने के बाद परिवारवाद की राजनीति पर रोक लग जाएगी। एक ही परिवार में एक ही व्यक्ति लोकसभा या विधानसभा का चुनाव लड़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव देश के विकास के लिए जरूरी है। बार-बार चुनाव से विकास प्रक्रिया बाधित होती है व अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है।सरकारी संसाधनों का अत्यधिक व्यय होता है। शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा बार-बार बीएलओ के रूप में कार्य करने से स्कूलों में शैक्षिक कार्य प्रभावित होता है। देश मोदी जी कहते हैं कि जनता एक राय बना ले तो एक राष्ट्र एक चुनाव पारित किया जा सकता है डा. के के मिश्रा ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है यहां आए दिन कोई ना कोई चुनाव होते रहते हैं लोकसभा विधानसभा स्थानीय किया जाना बहुत जरूरी है। एक राष्ट्र-एक चुनाव लागू करना देश को विकास की गति देने के लिए अच्छा कदम है जिसमें हम सभी को सहयोग करना चाहिए एक राष्ट्र, एक चुनाव वर्तमान समय की सबसे बड़ी



सीमा पर सुरक्षा करने वाले सैनिकों को बार-बार चुनाव कराने के लिए सीमा को छोड़कर आना पड़ता है। औसतन हर साल कई चुनाव होते हैं यदि एक साथ चुनाव कराए जाएं तो इससे समय और धन दोनों की बचत होगी। उन्होंने कहा कि सभी से एक राष्ट्र-एक चुनाव पर जनमत बनाएं बार-बार चुनाव होने से सरकारी तंत्रों की व्यस्तता से विकास के कार्य प्रभावित होता है एक राष्ट्र एक चुनाव सांविधानिक प्रक्रिया थी, कांग्रेस ने इसे खत्म किया। निकाय के चुनाव बार-बार और अलग-अलग होते हैं जिससे प्रशासनिक मशीनरी पर बेवजह प्रभाव पड़ता और विकास कार्य बार बार प्रभावित होते हैं 1952 - 1967 में चार बार एक साथ चुनाव कराए गए जो की सफल भी हुए एक राष्ट्र, एक चुनाव केवल एक राजनी. तिक विचार नहीं, बल्कि यह भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली को सशक्त करने और शासन व्यवस्था को स्थिरता देने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है इसे लागू आवश्यकता है। एक के बाद एक चुनाव होने से आचार संहिता लग जाती हैं जिससे सबसे अधिक विकास कार्य प्रभावित होते हैं। बार-बार होने वाले चुनावों से न केवल आर्थिक संसाधनों की भारी बर्बादी होती है, बल्कि बार-बार लागू होने वाली आचार संहिता के विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न होती है। मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता डॉक्टर सोमेंद्र तोमर डा केके मिश्रा, महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला, कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह, क्षेत्रीय मीडिया सह प्रभारी निमित जायसवाल, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, नाथूराम कश्यप कमल गुलाटी कार्यक्रम सह संयोजक अजय वर्मा, राजू कालरा, डॉ विशेष गुप्ता, गिरीश वर्मा धर्मेंद्र मिश्रा, संजय शर्मा, साध्वी गीता प्रधान, दिनेश शीर्षवाल, सुरेंद्र बिश्नोई, महेंद्र सिंह बब्बू, विपिन प्रजापति, विशाल त्यागी, सर्वेश पटेल, अनुज शर्मा, मयंक कश्यप, चंद्र प्रजापति, मनमोहन सैनी, चकित चौधरी, सोमपाल वीरपाल शशीकिरण, मोनिका गौतम नीतू सागर विशाल डॉ हर्षवर्धन शर्मा, अमित शर्मा महावीर सिंह अभिनव सिंह टीटू सैनी विनय राजौरिया रोशन सैनी वीर पाल सैनी मनीष गुज्जर नूरहसन किशन सैनी विजय पाल सैनी विमलेंद्र कुमार पंकज शर्मा विनीता मल्होत्रा मीना सक्सेना शीतल बाल्मिकी मंजू सक्सैना मंजू शर्मा सोनल अग्रवाल सरिता कुमारी बबीता हरेंद्र शर्मा सागर सक्सैना योगेश गुप्ता मयंक कश्यप लवी मल्होत्रा अनुज शर्मा पिंकू गुप्ता नन्हे चौधरी प्रदीप सक्सेना विशाल शुक्ला योगेन्द्र रस्तौगी अर्चित गुप्ता तुषार विश्वास आशीष सक्सैना प्रदीप पाठक हरिओम सैनी ओ पी चौधरी नौशाद गौरव पांडे सौरभ सक्सैना सुमित कुमार बंटी सैनी अखलेश शर्मा नीरज कुमार आदि सैकड़ो की संख्या में महानगर मंडल मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण एवं पार्षदगण शामिल रहे।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर की गोष्ठी

**चन्दौसी।** जनकल्याण सेवा समिति चंदौसी द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की खुशी में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित किए व भारत का झंडा लहराया तथा पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे तथा भारत माता जयघोष किया गया। अध्यक्ष कल्पना वार्ष्णेय ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में आतंकवादियों के कैंपों पर हमला कर लगभग 100 आतंकवादियों को मार डाला। सचिव भावना गुप्ता ने बताया कि आपरेशन सिंदूर अभी पूर्ण नहीं हुआ।

भारत इस बार आतंकवादियों से पूर्ण ठिकाने नष्ट कर के ही चौन लेगा तथा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को भी वापस लेकर रहेगा।

कोषाध्यक्ष आशा गोस्वामी ने बताया कि भारत की इस समय की मोदी सरकार पाकिस्तान से बदला लेने के लिए दृढ़ संकल्पित है। गोष्ठी में कल्पना वार्ष्णेय, आशा गोस्वामी, भावना गुप्ता, रेखा रस्तोगी, निर्मल रानी, अंशु वार्ष्णेय, मीनू फैंसी, रीता गौड़, आभा रानी, कांता अदलखा, दिनेशचंद्र गुप्ता, मोहन नक्षत्र आदि मौजूद रहे।



# धारदार-संकल्पबद्ध प्रतिक्रिया

बौखलाहट कहें या पूर्व में ही की गई बड़ा तैयारी आपरेशन सिंदूर के अगले दिन बुधवार-गुरुवार की रात पाकिस्तान ने भारत के 15 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश की, जिसे भारत ने रूस से मिल एसएस-400 डिफेंस सिस्टम के जरिये नाकाम कर दिया, इतना ही नहीं, जवाबी कार्रवाई में भारत ने पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम ही तबाह कर दिया। बताते चलें कि भारतीय सेना ने पहले ही सीमाओं पर रूस से मिले एसएस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम को तैनात कर रखा है, जैसे ही पाकिस्तान ने मिसाइलों से हमला किया, इस सिस्टम को एक्टिव कर दिया गया। ज्ञात रहे कि भारत ने बुधवार को भोर से पहले पाकिस्तान और पाकिस्तान -अधिकृत-कश्मीर में नौ जगहों पर सटीक सैन्य हमलों को अंजाम दिया। भारत ने कहा था कि ये हमले आतंकवादियों के प्रशिक्षण में इस्तेमाल होने वाले शिविरों को नष्ट करने तथा पहलगाम में आतंकी हमले के बाद सीमा पार से ऐसे और हमलों को हरोकने के साथ-साथ भयावरोध पैदा करने के लिए हैं। बीते 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों ने धर्म के आधार पर निशाने चुनकर 26 लोगों की हत्या की थी। इस बार भारत की प्रतिक्रिया ज्यादा धारदार और ज्यादा संकल्पबद्ध रही है। मुरीदके और बहावलपुर पंजाब में हैं, जो पाकिस्तान के शासक अभिजात वर्ग की हृदयस्थली है। यह वर्ग आतंकवाद पर दोहरा खेल खेलता रहा है। पाकिस्तान ने परमाणु भयादोहन की छतरी तले, दशकों से, आतंकवाद का इस्तेमाल भारत के खिलाफ जंग के सस्ते हथियार के रूप में किया है। भारत इसका उपयुक्त जवाब तलाशने की कोशिश करता रहा है। पहले बालाकोट, और अब ऑपरेशन सिंदूर से, यह बात साफ है कि भारत अपने खिलाफ किसी आतंकवादी हमले की स्थिति में आर्थिक और कूटनीतिक उपायों के अलावा, खुली सैन्य प्रतिक्रिया का रास्ता भी अपना सकता है। भारत ने इस बात को भी रेखांकित किया है कि बुधवार को कोई नागरिक, आर्थिक या सैन्य निशाने नहीं थे। पाकिस्तान ने न सिर्फ भारत को निशाना बनाने वाले आतंकवादी पाले हैं, बल्कि पश्चिम के लिए सबसे वांछित आतंकवादी ओसामा बिन लादेन को भी पनाह दी, जबकि उस समय वह आतंकवाद के खिलाफ युद्ध का सहयोगी होने का दावा कर रहा था। पाकिस्तान अलग तरह से व्यवहार करे, इसके लिए उसके चरित्र में तब्दीली लानी होगी। भारत ने अन्य देशों से संपर्क किया है और वैश्विक शक्तियों को पाकिस्तान को जिम्मेदारी के साथ काम करने के लिए मजबूर करने की खातिर अपने पर्याप्त प्रभाव का इस्तेमाल करना चाहिए। जवाबी हमलों के अलावा, पहलगाम मामले में जांच पुरजोर तरीके से जारी रहनी चाहिए और उसे उसके तार्किक अंजाम तक पहुंचाना चाहिए। भारत को पाकिस्तान के टकराव बढ़ाने वाले कदमों पर भी नजर रखनी चाहिए और उसका सैन्य व कूटनीतिक तरीके से जवाब देने के लिए तैयार रहना चाहिए।

## यह लड़ाई हिंदू-मुस्लिम नहीं



भारत सरकार की ओर से आपरेशन सिंदूर पर की गई प्रेस ब्रीफिंग पाकिस्तान और दुनिया के लिए मजबूत संदेश है, प्रेस ब्रीफिंग में विदेश सचिव विक्रांत मिसरी, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की मौजूदगी ने साबित कर दिया कि यह लड़ाई हिंदू-मुस्लिम नहीं, बल्कि आतंक के खिलाफ भारत की एकता है, हम युद्ध नहीं चाहते, लेकिन अगर पाकिस्तान उकसाएगा तो भारत तैयार है, रात के ही बजे के बाद ही स्ट्राइक की गई, ताकि नागरिकों को नुकसान न हो, टारगेट सिर्फ आतंकी अड्डे थे, न कि पाक सेना या सरकारी संस्थान, भारत ने 26 बेकसूर नागरिकों की मौत का बदला लेने के लिए सटीक कार्रवाई की, यह अहम है कि फ्रांस, रूस और इजरायल ने भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन किया है, जबकि चीन ने भी संयम और बातचीत की सलाह दी है।

**शशि थरूर**
**कांग्रेस सांसद**

# क्या किसी की भूख की तस्वीर लेना जरूरी है

## सोशल मीडिया युग में करुणा की कैद



**प्रियंका सौरभ**

सोशल मीडिया के युग में भलाई और करुणा अब मौन संवेदनाएं नहीं रहीं, वे कैमरे के फ्रेम में क़ैद होती जा रही हैं। आज अधिकांश मदद 'लाइक्स' और 'फॉलोवर्स' के लिए की जाती है, न कि सच्ची इंसानियत से। सहायता अब एक 'कंटेंट' बन चुकी है और ज़रूरतमंद की गरिमा अक्सर इस प्रदर्शन की भेंट चढ़ जाती है। यह लेख हमें आत्मपरीक्षण की ओर ले जाता हैकृक्या हम वाकई मदद कर रहे हैं या बस सोशल मीडिया पर नेकी की तस्वीर गढ़ रहे हैं?

आज का युग 'डिजिटल करुणा' का युग बन चुका है, जहाँ इंसानियत, परोपकार, और सहानुभूति जैसे मूल्य अब मौन संवेदनाओं की बजाय कैमरे की फ्लैश में दर्ज होते हैं। पहले जहां नेकी कर दरिया में डाल की परंपरा जीवित थी, अब वह बदलकर 'नेकी कर, सोशल मीडिया पर डाल' हो चुकी है। इस लेख के माध्यम से हम इसी प्रवृत्ति की साहित्यिक और सामाजिक समीक्षा करेंगे।

भलाई की भावना मनुष्य की सबसे पवित्र प्रवृत्तियों में से एक है। यह वह स्वाभाविक मानवीय गुण है जो हमें संवेदना, दया, और परस्पर सहयोग की ओर प्रेरित करता है। किन्तु आज के समय में यह गुण मंच पर आ चुका है एक ऐसा मंच जहां तालियां हैं, टिप्पणियां हैं, और सबसे ज़रूरी, एक कैमरा है जो हर क्षण को 'दृश्य' बनाता है।

एक समय था जब कोई वृद्ध भूखा दिखता, तो राह चलते लोग बिना कुछ कहे, बिना देखे, उसे कुछ खाने को दे जाते थे। आज वही द्रश्य होता है, लेकिन कैमरा पहले निकाला जाता है। भूखे की थाली से ज्यादा अहमियत उस एंगल की होती है, जिसमें वह थाली दिखाई दे। सेवा अब सीधी नहीं रही, वह एक स्क्रिप्टेड ऐक्ट में बदल गई है। आधुनिक मानव की आत्मा अब लाइक्स, शेयर, कमेंट्स की भूखी हो चली है। किसी की मदद करने के बाद हमें तसल्ली तब मिलती है, जब कोई कहे, ह्वाह, आप तो बड़े नेकदिल हैं। पहले मदद करने के बाद मन को जो संतोष मिलता था, अब वह 'फॉलोवर्स बढ़ने' के संतोष से बदला जा चुका है। यह न केवल इंसानियत की आत्मा को खरोंचता है, बल्कि मदद पाने वाले की गरिमा को भी आहत करता है। वह व्यक्ति जिसे मदद मिली है, उसकी ज़रूरतें तो पूरी होती हैं, लेकिन उसकी निजता, उसकी आत्मसम्मान की परतें एक-एक कर सोशल मीडिया के सामने उतार दी जाती हैं। सोचिए, अगर कोई कैमरा न हो, कोई



**भूखे की थाली से ज्यादा अहमियत उस एंगल की होती है, जिसमें वह थाली दिखाई दे सेवा अब सीधी नहीं रही, वह एक स्क्रिप्टेड ऐक्ट में बदल गई है, आधुनिक मानव की आत्मा अब लाइक्स, शेयर, कमेंट्स की भूखी हो चली है, किसी की मदद करने के बाद हमे तसल्ली तब मिलती है, जब कोई कहे, वाह आप तो बड़े नेकदिल हैं**

दर्शक न हो, कोई ताली बजाने वाला न हो क्या तब भी आप वही मदद करेंगे? यह प्रश्न हमारे भीतर झांकने की ज़रूरत को इंगित करता है। करुणा यदि सच्ची है, तो वह गुमनाम रहेगी। यदि उसमें प्रदर्शन है, तो वह करुणा नहीं डिजिटल ब्रांडिंग है। आज कई बार लगता है कि सहायता करना एक स्क्रिप्टेड इवेंट बन चुका है। वीडियो में सबसे पहले मदद मिलने वाले व्यक्ति की दयनीय स्थिति को दिखाया जाता है, फिर सहायता प्रदान की जाती है, और अंत में किसी नायक की तरह मददकर्ता का चेहरा। यह सब इतनी सफाई से किया जाता है कि वीडियो फिल्म जैसी लगती हैकृसंगीत के साथ, टाइटल के साथ, और अंत में एक गूढ़-सा संदेश।

इस सारी प्रवृत्ति में सबसे अधिक पीड़ित होती है नैतिकता। किसी की ज़रूरत को दिखावा बना देना उस व्यक्ति के अस्तित्व पर हमला है। एक भूखे की भूख अगर कैमरे में रिकॉर्ड न हो तो क्या उसका दुख कम है? क्या दया केवल तभी योग्य है जब वह पब्लिक डोमेन में हो? यह नई नैतिकता सिर्फ दूसरों के सामने दिखने के लिए जीती है। अब 'कृपा' भी एक मुद्रा बन गई है जिसे दिखाना पड़ता है, गिनाना पड़ता है। स्वार्थरहित सेवा का स्थान स्वार्थयुक्त प्रदर्शन ने ले लिया है। यह सब सुनकर अब साहित्यकार की लेखनी व्यंग्य से भर जाती है। कल्पना कीजिए एक दृश्य एक व्यक्ति सड़क किनारे बेहोश पड़ा है। एक 'सोशल वॉरियर' आता है, और उसके साथ उसका कैमरामैन। सबसे पहले कुछ तस्वीरें, फिर एक वीडियो 'हमने इनको उठाया, पानी पिलाया, एंबुलेंस बुलाई' और फिर कैप्शन: 'हम सब मिलकर बदलाव ला सकते हैं'। कमेंट्स आते हैं 'वाह भाई साहब, आप तो फरिश्ता हैं।' किसी को यह नहीं सूझता कि क्या वह व्यक्ति कैमरे में आना चाहता था? क्या उसे अपने जीवन की सबसे कमजोर अवस्था में पब्लिकली दिखाया जाना चाहिए था। आज नेकी भी एक पूंजी बन गई है। इसका बाजार भाव बन गया है। जो जितनी ज्यादा भलाई करता है (या कहें, दिखाता है) उसका सामाजिक रेटिंग उतना ही ऊंचा हो जाता है। कई बार यह भलाई राजनीतिक होती है, कभी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत होती है, और कभी व्यक्तिगत ब्रांड निर्माण के लिए। ऐसे में वास्तविक करुणा कहां छिप जाती है? क्या वह अब केवल कविता में जीवित रह गई है? क्या वह अब सिर्फ कबीर और तुलसी के दोहों में ही सांस लेती है। सोचने का समय आ गया है। मदद करने वाला बड़ा है या मदद पाने वाला यदि कोई भूखा है, तो क्या उसकी भूख की तस्वीर लेना जरूरी है। क्या उसकी सहमति जरूरी नहीं। यदि हम उसे मदद देते समय उसकी पीड़ा को श्कंटेंटश बना दें, तो क्या हम वास्तव में सहायता कर रहे हैं या उसका उपभोग कर रहे हैं। आज जब भलाई की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तैरती हैं, तो कहीं-न-कहीं वे समाज को एक नई दिशा दे रही हैं एक ऐसी दिशा जहां सेवा भी दिखावे का अंग बन चुकी है। यह आवश्यक है कि हम पुनः आत्मपरीक्षण करें। भलाई मौन होती है, और उसका असर चुपचाप दिलों में उतरता है। यदि हमें सच में इस समाज को बेहतर बनाना है, तो जरूरत है कि हम बिना कैमरे, बिना मंच, और बिना स्वार्थ के किसी की मदद करें। नेकी कोई तस्वीर नहीं, वह तो संवेदना की वह रेखा है जो दिल से दिल तक जाती है बिना कोई सबूत मांगे।

# ऑपरेशन सिंदूरः बदलता कश्मीर और एक नई राजनीतिक सोच की जरूरत



**विरेश तरार**

**2014 में जब नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में स्वीकार किया गया, तो यह केवल उनकी हिंदुत्ववादी छवि का परिणाम नहीं था, गुजरात मॉडल और उनके विकासशील नेतृत्व ने भी बड़ी भूमिका निभाई**

हाल के दिनों में कश्मीर घाटी में जो घटनाएं घटीं, विशेषकर पहलगाम आतंकी हमले के बाद जिस प्रकार वहां की जनता ने आतंकवाद के खिलाफ खुलकर मोर्चा लिया, वह कश्मीर को लेकर एक नए युग की शुरुआत का संकेत देता है। इस संदर्भ में 'ऑपरेशन सिंदूर' को एक निर्णायक मोड़ माना जा सकता है जिसने न केवल घाटी के भीतर बदलाव की बयार बहाई है, बल्कि पूरे देश के मानस में कश्मीर को लेकर बना वर्षों पुराना 'हिंदू बनाम मुस्लिम' का परसेप्शन भी डगमगाया है। पहलगाम हमले के बाद जिस प्रकार आम कश्मीरी सड़कों पर निकल कर आतंकवाद के खिलाफ खड़ा हुआ, उसने दशकों से पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के एजेंडे को करारा जवाब दिया है। यह संदेश स्पष्ट है अब कश्मीर के लोग आतंकवाद नहीं चाहते। उन्हें समझ आ गया है कि आतंकी गतिविधियां न केवल उनके आर्थिक स्रोतों को समाप्त करती हैं, बल्कि उनके बच्चों के भविष्य को भी अंधकारमय बनाती हैं। टूरिज्म जो कश्मीर की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, आतंकवाद के रहते विकसित हो ही नहीं सकता। यही समझ आज घाटी के लोगों को भारत की मुख्यधारा में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रही है।

इस बदलते कश्मीर के पीछे निस्संदेह केंद्र सरकार की नीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाए गए अभियानों की बहुत बडी भूमिका है। लेकिन यहां हमें एक जरूरी विमर्श की ओर भी बढ़ना चाहिए




भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को लेकर देश में जो राजनीतिक धारणा बनी है, क्या अब उसे पुनर्परिभाषित करने का समय नहीं आ गया है।

बीते दशकों में भाजपा को अक्सर कट्टर हिंदुत्व और मुस्लिम विरोध की राजनीति से जोड़ कर देखा गया। मगर 2014 में जब नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में स्वीकार किया गया, तो यह केवल उनकी हिंदुत्ववादी छवि का परिणाम नहीं था। गुजरात मॉडल और उनके विकासशील नेतृत्व ने भी बड़ी भूमिका निभाई। उनकी सरकार में नितिन गडकरी जैसे मंत्रियों के माध्यम से देश के इंफ्रास्ट्रक्चर खासकर सड़कों और परिवहन में हुए अभूतपूर्व सुधारों ने आम जनता को यह भरोसा दिलाया कि मोदी सरकार विकास की संवाहक है। रेलवे, हवाई यातायात, डिजिटल कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों में भी भारत की तस्वीर बदली है। आज देश में ऐसा केवल 10-15 प्रतिशत तबका है जो कट्टर हिंदुत्व के आधार पर भाजपा का समर्थन करता है। लेकिन मोदी सरकार को बार-बार जनादेश इसलिए मिला क्योंकि जनता के बड़े वर्ग ने उन्हें विकास और कानून-व्यवस्था के प्रतीक के रूप में स्वीकार किया। इस पृष्ठभूमि में आज यह आवश्यक हो गया है कि भाजपा और उससे जुड़े संगठनों को यह विचार करना चाहिए कि क्या धर्म और राजनीति को अलग किया जाना चाहिए। क्या पार्टी को केवल विकास और समावेशी राष्ट्रवाद के मार्ग पर चलना चाहिए। आर एस एस जैसी संस्था को भी अपने कट्टरपंथी छवि को त्यागकर एक समावेशी, भारतीय मानवतावादी विचारधारा के साथ आगे आना चाहिए। भाजपा को चाहिए कि वह कॉरपोरेट केंद्रित विकास से हटकर गांव, कृषि और आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता दे। आज का भारत बदलाव की दहलीज पर खड़ा है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक एक ही आवाज उठ रही है आतंकवाद नहीं, विकास चाहिए। और यह तभी संभव है जब राजनीति धर्म से अलग होकर मानवता की नींव पर खड़ी हो। निश्चित रूप से, यही वह सोच है जो भारतीय जनता पार्टी को सत्ता में आने वाले दशकों तक मजबूती से टिकाए रख सकती है कृ न कि कट्टर विचारधाराएं, जो अब जनभावनाओं से मेल नहीं खातीं।

# पहले सर्जिकल फिर एयर स्ट्राइक, अब ऑपरेशन सिंदूर

## भारत के तीन प्रहारों से दहल उठा पाकिस्तान



**हमले के 15 दिन बाद ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से अपनी सैन्य ताकत दिखा दी, ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम हमले की पीड़ित उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पति की हत्या उनकी आंखों के सामने ही आतंकवादियों ने की थी**



**अशोक भाटिया**

पाकिस्तान को लगा भारत बुधवार को सिविल डिफेंस की मॉक ड्रिल करेगा। पाकिस्तानी हुकूमत और फौज, दोनों निश्चिंत होकर सोये रहे। लेकिन भारत की सेना ने आधी रात को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू कर उसके सबसे डरावने सपने को हकीकत बना दिया। भारत का यह ऑपरेशन रणनीतिक चतुरता की मिसाल है। भारत ने बुधवार को देश के 244 जिलों में मॉक ड्रिल की योजना बनाई थी। खबर ने पाकिस्तान को यह यकीन दिला दिया कि भारत कोई बड़ा सैन्य ऑपरेशन नहीं करेगा। इसी भ्रम का फायदा उठाते हुए भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया।

पहलगाम अटैक के 15 दिन बाद भारत ने 6 मई की रात 1.44 बजे पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक की। इसे नाम दिया गया 'ऑपरेशन सिंदूर' भारतीय सेनाओं ने इस ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तान में चार और पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकियों के पांच ठिकानों पर रॉकेट बरसाए। इन टारगेट में बहावलपुर, मुरिदके, बरनाला, तेहराकलां, मुजफ्फराबाद, कोटली और सियालकोट शामिल थे। इन जगहों पर लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों अड्डे संचालित थे। इसके अलावा आतंकी मौलाना मसूद अजहर का मदरसे को भी इस हमले में नेस्तनाबूद किया गया है।

गौरतलब है कि पाकिस्तान से आए आतंकवादियों ने 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में 27 लोगों की हत्याकर दी थी। इसमें 26 भारतीय व एक नेपाली नागरिक था। आतंकियों के इस कायराना हमले का करारा जवाब देने के लिए भारत ने सैन्य कार्रवाई से पहले कूटनीतिक हमले किए। हमले के 15 दिन बाद ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से अपनी सैन्य ताकत दिखा दी। ऑपरेशन सिंदूर पहलागाम हमले में मारी गई उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पति की हत्या उनकी आंखों के सामने ही आतंकवादियों ने की थी। इस स्ट्राइक में भारतीय सेना ने 24 मिसाइलों से आतंकी अड्डों पर हमला किया। जिसकी पीएम नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल लगातार मॉनीटरिंग कर रहे थे।

भारत के एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान से जो वीडियो आ रहे हैं, उसमें खुद पाकिस्तान के लोग चीख-चीख बता रहे हैं कि आतंकी अजहर मसूद के ठिकाने पर मिसाइल से हमले किए गए हैं। इसमें पाकिस्तान की आवाम खुद बता रही है कि भारतीय सेना ने कैसे हमला किया है। इसके अलावा वीडियों में देख सकते हैं कि आतंकी ठिकाने से आग की लौ भी उठती दिख रही है। ये आतंकियों के ठिकाने को मिट्टी में मिलाने का सबसे बड़ा सबूत है। अहमद शरीफ चौधरी ने रात ही कहा कि भारत के हवाई हमलों में अब तक 8 नागरिक मारे गए हैं जबकि 35 घायल हुए हैं।

जैसा कि बताया जा रहा है भारत सेना के एयर स्ट्राइक में करीब 100 आतंकी मारे गए हैं। अस्पतालों में घायल आतंकवादियों की लाइन लगी है। हर तरफ एंबुलेंस दौर रहे हैं। ये भारत नहीं बल्कि तमाम इंटरनेशनल मीडिया संस्थान कह रहे हैं। ये संस्थाएं पाकिस्तान के हालात की तस्वीरें ला रही हैं। इससे पता चलता है कि भारत ने पहलगाम का बदला कैसा लिया। इन हमलों को राफेल, सुखोई जैसे फाइटर जेट्स या फिर बेहद आधुनिक ड्रोन से अंजाम दिया गया।

ऑपरेशन सिंदूर की जरूरत पर भारत ने दुनिया को जवाब दे दिया। भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पाकिस्तान अपने नियंत्रण वाले क्षेत्र में आतंकियों पर एक्शन के लिए कोई कदम नहीं उठाता। खुफिया जानकारी के मुताबिक, भारत के खिलाफ आगे भी हमले हो सकते हैं। इसलिए ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के इंफ्रास्ट्रक्चर को समाप्त करने और भारत में भेजे जाने वाले आतंकियों को अक्षम बनाने के लिए है। उन्होंने यह भी कहा कि 25 अप्रैल को टीआरएफ के संदर्भ को हटाने के लिए पाकिस्तान के दबाव को भी ध्यान देना चाहिए। पाकिस्तान दुनिया भर में आतंकवादियों के शरणस्थल के रूप में पहचान बना चूका है। साजिद मीर का मामला अंतराष्ट्रीय प्रेशर बनाने के बाद वो जीवित पाया गया, इसका सबूत है। भारत ने इसी तरह का हमला फरवरी 2019 में उस समय किया था, जब जम्मू कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के एक काफिले को निशाना बनाया गया था। इस हमले का बदला लेने के लिए भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के बालाकोट में हमला कर आतंक के ठिकानों को तबाह कर दिया था। इस ऑपरेशन को नाम दिया गया था, 'ऑपरेशन बंदर'। बुधवार तड़के हुई कार्रवाई को पाकिस्तान ने युद्ध की कार्रवाई बताया है। उसका कहना है कि उसके पास जवाबी कार्रवाई का हक है। आइए देखते हैं कि 'ऑपरेशन बंदर' और 'ऑपरेशन सिंदूर' में क्या अंतर है। साल 1971 के युद्ध के बाद पहली बार है कि भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान में घुसकर कार्रवाई को अंजाम दिया था। इससे पहले 2016 में हुए उड़ी हमला और 2019 के पुलवामा हमले के बाद भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में घुसकर कार्रवाई की थी। इन हमलों को सर्जिकल स्ट्राइक बताया था। भारत ने इस आत्मरक्षा के अधिकार के तहत की गई कार्रवाई बताया था। इसमें भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान में कोई निशाना नहीं बनाया था। भारतीय सेनाओं ने पहली बार पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में हमला किया। इससे पहले सेनाओं ने पंजाब में किसी ठिकानों को निशाना नहीं बनाया था। यह भारत की तीनों सेनाओं का एक संगठित प्रयास था। बालाकोट कैंप का चुनाव इसलिए किया गया था कि वह एक पहाड़ी की चोटी पर स्थित था। उसके आसपास कोई नागरिक नहीं था। यानी हमले से नागरिकों को कोई नुकसान नहीं होगा।

# अनार के साथ न खाएं ये चीजें सेहत को हो सकता है खतरा

अनार एक ऐसा फल है जो टेस्टी होने के साथ-साथ सेहत के लिए भी बहुत अधिक फायदेमंद माना जाता है। अनार को आप स्नैक्स के साथ-साथ सलाद या स्मूदी आदि में शामिल कर सकते हैं। यह फल विटामिन्स, एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइबर से भरपूर है। इसके सेवन से ना केवल इम्यूनिटी को बढ़ाने में मदद मिलती है, बल्कि यह पाचन सुधारने और आपकी स्किन को ग्लो पाने में मदद मिलती है। इस बात में कोई दोराय नहीं है कि अनार का सेवन सेहत के लिए बहुत अधिक लाभदायक माना जाता है। लेकिन अगर आप इसे किस अन्य फूड के साथ खाते हैं, यह भी बहुत अधिक मायने रखता है। दरअसल, कुछ फूड कॉम्बिनेशन सेहत के लिए अच्छे नहीं माने जाते हैं। अनार के साथा कुछ फूड्स का सेवन पाचन समस्याओं का कारण बन सकता है या फिर इससे आपके शरीर को अनार के पोषक तत्वों को अच्छे से अवशोषित करने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### डेयरी प्रोडक्ट्स...

अनार के साथ डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे दूध, दही व पनीर, आदि को साथ में खाने से बचना चाहिए। दरअसल, अनार को डेयरी प्रोडक्ट्स के साथ खाने से पाचन में समस्या हो सकती है। अनार की अम्लता और दूध के प्रोटीन के मिलने से पाचन में समस्या हो सकती है, जिससे गैस, सूजन और अपच हो सकता है। यह खासकर उन लोगों के लिए ज्यादा समस्या बन सकता है जो दूध के प्रति सेंसेटिव होते हैं। इससे आपको एसिडिटी, गैस, और पेट में ऐंठन हो सकती है।

### सिट्रल फल...

अनार के साथ सिट्रस फल जैसे संतरा व नींबू, आदि का सेवन करना भी अच्छा नहीं माना जाता है। इन सिट्रस फल अनार के साथ मिलाने पर ज्यादा अम्लीय हो सकते हैं। दोनों का अम्लता स्तर अधिक होता है, जो पेट की लाइनिंग को परेशान कर सकता है और अपच या एसिड रिफ्लक्स की समस्या पैदा कर सकता है। इन दोनों को साथ में लेने से एसिड उत्पादन बढ़ सकता है, जिससे हार्टबर्न और पेट की समस्या हो सकती है।

### अनानास...

अगर आप फ्रूट चाट बना रहे हैं तो अनानास और अनार को एक साथ ना खाएं। अनानास और अनार दोनों में अम्लीय गुण होते हैं, और इन्हें मिलाने से पेट में जलन हो सकती है। यह फूड कॉम्बिनेशन एसिड उत्पादन और पाचन संबंधी परेशानियों का कारण बन सकता है।



# भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराने का पाक का दावा निकला कोरा शिगूफा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ अपने देश में पांच भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराने के दावे के समर्थन में किसी भी किस्म का सबूत देने में नाकाम रहे और यह कहकर कन्नी कटाने की कोशिश करते नजर आए कि सब कुछ भारतीय सोशल मीडिया पर है।

सीएनएन द्वारा एक साक्षात्कार के दौरान यह पूछे जाने पर कि पांच भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराए जाने का सबूत कहां है, आसिफ ने कहा, यह सब सोशल मीडिया पर है, भारतीय सोशल मीडिया पर, हमारे सोशल मीडिया पर नहीं। इन लड़ाकू विमानों का मलबा भारतीय क्षेत्र में गिरा और यह सब भारतीय सोशल मीडिया पर है। सीएनएन द्वारा बहुत ही स्पष्ट रूप से सबूतों के विवरण के बारे में पूछे जाने पर और यह पूछे जाने पर कि क्या पाकिस्तान ने जिस राफेल जेट को मार गिराने का दावा किया है, उसमें किसी चीनी उपकरण का इस्तेमाल किया गया था, रक्षा मंत्री ने कहा भारतीय विमानों को पाकिस्तानी जेट विमानों के साथ लड़ाई के दौरान मार गिराया गया था। भारत ने पाकिस्तान के ऐसे सभी दावों को खारिज कर दिया है जो ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तानी दुष्प्रचार का हिस्सा हैं। भारत ने बुधवार को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी शिविरों को ध्वस्त करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत की थी।

आसिफ ने यह भी चेतावनी दी कि अगर तनाव और बढ़ता है, तो वास्तविक खतरा परमाणु युद्ध का है। पाकिस्तान ने भारत की ओर से सीमा पार किए गए हमलों को युद्ध की एक स्पष्ट कार्रवाई करार दिया है। उसने कहा कि छह पाकिस्तानी ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिसमें दो दर्जन हथियारों से हमला किया गया जिसके कारण 31 नागरिकों की मौत हो गई और 57 अन्य घायल हो गए।

## शहबाज ने तुर्की के राष्ट्रपति को भाई कहा

### चीन-तुर्की के अलावा कोई भी देश पाकिस्तान के साथ नहीं

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन को भाई कहा है और भारत के खिलाफ साथ देने के लिए शुक्रिया कहा है। उन्होंने कहा कि यह पाकिस्तान के लिए कठिन समय है। पीएम शहबाज ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि मैंने राष्ट्रपति एर्दोगन से पाक सेना के एक्शन की जानकारी दी है और कहा है कि पाकिस्तान हर कीमत पर अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करेगा। पीएम शहबाज ने साउथ एशिया में तनाव कम करने और क्षेत्रीय शांति को बढ़ावा देने के लिए तुर्की की कोशिशों की भी सराहना की। तुर्की ने भारत के एयरस्ट्राइक के बाद पाकिस्तान का समर्थन किया था और इसे संप्रभुता का उल्लंघन माना था। पूर्व ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने भारत का सपोर्ट करते हुए लिखा कि किसी भी देश को दूसरे देश की जमीन से अपना यहां हो रहे हमले स्वीकार नहीं करने चाहिए। भारत का आतंकी ठिकानों पर हमला सही है। आतंकवादियों को किसी भी तरह की छूट नहीं दे सकते। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने एक्स पर पोस्ट कर बताया है कि वो भारत और पाकिस्तान के बीच स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। रुबियो ने कहा है कि शांतिपूर्ण समाधान समाधान के लिए भारत और पाकिस्तान के साथ बातचीत जारी रहेगी। राष्ट्रपति ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में कहा-यह बहुत भयानक है। मैं दोनों के साथ मिलकर काम करता हूं, मैं दोनों को बहुत अच्छी तरह से जानता हूं, और मैं उन्हें इसे सुलझाते हुए देखना चाहता हूं। मैं उन्हें रुकते हुए देखना चाहता हूं। उन्होंने जैसे को तैसा वाली नीति अपनाई है।

## संरा महासभा ने भारत व पाक युद्ध पर जताई चिंता

**न्यूयार्क।** संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष फिलेमोन यांग ने भारत एवं पाकिस्तान के बीच पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में सैन्य कार्रवाई ऑपरेशन सिन्दूर के बाद दोनों देशों में बढ़ती शत्रुता को लेकर चिता व्यक्त की है और दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील की है। यांग ने यहां अपने एक वक्तव्य में कहा, मैं दोनों पक्षों से अधिकतम संयम बरतने और तत्काल तनाव कम करने का आह्वान करता हूं।

मैं सभी आतंकवादी हमलों और नागरिकों तथा नागरिक बुनियादी ढांचे के विरुद्ध हमलों की निदा करता हूं। उन्होंने कहा कि मेरा दृढ़ विश्वास है कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुरूप बात. चीत तथा कूटनीतिक समाधान ही मतभेदों को सुलझाने, स्थाई शांति और स्थिरता प्राप्त करने का एकमात्र तरीका है। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के पर्यटक स्थल पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में करीब 26 लोग मारे गए थे। इस घटना के तुरंत बाद केन्द्र सरकार ने कूटनीतिक कदम उठाते हुए, अटारी बाघा सीमा चौकी बंद करने, व्यापार एवं हर प्रकार के लेन देन को बंद करने, वीसा रद्द करने और सिंधु जल संधि पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। इसके बाद छह एवं सात मई के दरमियानी रात में भारतीय सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों के कई ठिकानों को निशाना बनाकर उन्हें तबाह कर दिया है।

## यूरोपीय सुरक्षा के लिए रूस सबसे बड़ा खतराः जर्मनी

**मॉस्को।** जर्मनी के नए चांसलर फेडरिक मर्ज़ ने कहा है कि यूरोपीय सुरक्षा के लिए रूस सबसे बड़ा खतरा बना हुआ है। मर्ज़ ने पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह टिप्पणी की जिसका प्रसारण वेल्ट टेलीविज़न चैनल द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि यूरोप की निवारक प्रणाली और रक्षा क्षमता को तुरंत मजबूत किया जाना चाहिए। फरवरी 2024 में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमे. रिकी पत्रकार टकर कार्लसन के साथ एक साक्षात्कार में विस्तार से बताया कि रूस, नाटो देशों पर हमला नही करने जा रहा है, इसका कोई मतलब नही है। रूसी नेता ने कहा कि पश्चिमी राजनेता नियमित रूप से एक काल्पनिक रूसी खतरे से अपने लोगों को डराते हैं।

## पाक, ईरान से 2200 से अधिक परिवार लौटे

**काबुल।** अफगानिस्तान के कुल 2276 परिवार रविवार से मंगलवार तक तीन दिनों में पड़ोसी देश ईरान और पाकिस्तान से स्वदेश लौटे जिनमें 12,565 सदस्य हैं। वापसी की समस्याओं के समाधान के लिए अफगानिस्तान के उच्चायोग ने बुधवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि शरणार्थी पूर्वी नंगरहार प्रांत में तोरखम सीमा पार से, दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक सीमा पार से, पश्चिमी हेरात प्रांत में इस्लाम कला सीमा पार से और पश्चिमी निमरोज प्रांत में अबरीशाम सीमा पार से घर लौटे हैं। उच्चायोग लौटने वालों के लिए उनके संबंधित प्रांतों में अस्थाई आश्रय, पोषण, पानी, चिकित्सा देखभाल और परिवहन सेवाएं प्रदान करता है। यूएनएचसीआर के अनुसार अप्रैल में 250,000 से अधिक अफगान शरणार्थी पाकिस्तान और ईरान से अपने वतन लौटे हैं। लगभग 70 लाख अफ़गान शरणार्थी जिनमें से अधिकांश अनिर्दिष्ट प्रवासी हैं, वर्तमान में ईरान और पाकिस्तान में रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के अधिकारियों ने अनिर्दिष्ट विदेशी नागरिकों से अपने अवैध प्रवास को समाप्त करने और अपने घरों को लौटने के लिए कहा है। उच्चायोग ने कहा कि अफ़गानिस्तान की अंतं. रम सरकार बार-बार अफ़गान शरणार्थियों से विदेश में रहना बंद करने और अपने युद्धग्रस्त मातृभूमि के पुनर्निर्माण में योगदान देने के लिए घर लौटने का आह्वान कर रही है।



## अमेरिका से सीधी परमाणु वार्ता नहीं होगीः ईरान

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका के साथ सीधी परमाणु वार्ता और दोनों देशों के राष्ट्रपतियों के बीच एक आसन्न बैठक पर तेहरान द्वारा प्रस्ताव के बारे में अटकलों को खारिज कर दिया है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाघई ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने एक हालिया मीडिया रिपोर्ट और वाशिगटन के साथ सीधी परमाणु वार्ता और ईरानी और अमेरिकी राष्ट्रपतियों के बीच एक आसन्न बैठक पर तेहरान द्वारा प्रस्ताव के बारे में अटकलों को खारिज कर दिया। बाघई ने इजरायली समाचार वेबसाइट वाईनेट की एक हालिया रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ईरान के प्रेस टीवी पर यह टिप्पणी की जिसमें दावा किया गया था कि ईरानी विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने अमे. रिकी मध्य पूर्व दूत स्टीव विटकॉफ से संपर्क किया था, जिसमें दोनों पक्षों के बीच अंतर को पाटने के लिए ओमानी मध्यस्थता प्रयासों से निराशा के कारण अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के साथ सीधी परमाणु वार्ता का अनुरोध किया गया था। उन्होंने मीडिया की उन अटकलों को भी खारिज कर दिया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अगले सप्ताह सऊदी अरब की अपनी आगामी यात्रा के दौरान अपने ईरानी समकक्ष मसूद पेजेशकियन से मिल सकते हैं। प्रवक्ता ने मीडिया रिपोर्ट और अफवाहों को मनगढ़ंत और निराधार बताते हुए कहा कि ईरान की कूटनीतिक गतिविधियों जिसमें अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष वार्ता भी शामिल है के बारे में सभी अपडेट (ईरानी) विदेश मंत्रालय द्वारा पारदर्शी, पेशेवर और समयबद्ध तरीके से बताए जाते हैं। अराघची और विटकॉफ के नेतृत्व में ईरान और अमे. रिका के प्रतिनिधिमंडलों ने अब तक अप्रत्यक्ष वार्ता के तीन दौर आयोजित किए हैं। पहला और तीसरा दौर 12 अप्रैल और 26 अप्रैल को ओमान की



राजधानी मस्कट में और दूसरा 19 अप्रैल को रोम में आयोजित किया गया था। चौथा दौर जो मूल रूप से 3 मई को रोम में होने वाला था, मध्यस्थ ओमान द्वारा तार्किक कारणों के कारण स्थगित कर दिया गया था। ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद से संबद्ध नूर न्यूज़ ने मंगलवार को बताया कि ईरान और अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष वार्ता का चौथा दौर रविवार को मस्कट में आयोजित किया जाएगा। हालांकि बाघई ने बुधवार को पहले कहा कि ईरान-अमेरिका वार्ता के चौथे दौर की निश्चित तिथि और स्थान अभी तक निर्धारित नही किया गया है।

## भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौता होगा गेम चेंजर

**नई दिल्ली।** भारत व यूनाइटेड किंगडम के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते को भारत की अर्थव्यवस्था, खासकर परिधान और वस्त्र क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक और बड़ा बदलाव लाने वाला कदम है। इस समझौते के अंतर्गत भारत के 99 प्रतिशत निर्यात पर टैरिफ हटा दिए गए हैं, जिससे भारतीय उत्पादों के लिए यूके जैसे प्रीमियम बाजार में बड़े स्तर पर नए अवसर खुलेंगे। यह समझौता परिधान, वस्त्र, समुद्री उत्पाद, चमड़ा, जूते, खिलौने आदि जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों को खास फायदा देगा। खास तौर पर परिधान और वस्त्र उद्योग के लिए यह समझौता बड़ी व्यापारिक बाधाओं को हटाता है, बाजार की पहुंच बढ़ाता है। यह भारत को एक ग्लोबल हब बनाने की दिशा में मजबूत कदम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारतीय हस्तकला और नवाचार को वैश्विक मंच पर बढ़ावा देने के दृष्टिकोण के अनुसार है। डा. ए. सक्थिवेल, चेयरमैन, अपैरल मेड-अप्स एंड होम फर्निशिंग सेक्टर स्किल काउंसिल ने इस समझौते का स्वागत किया और प्रधानमंत्री मोदी व केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को इस ऐतिहा. सिक समझौते के लिए बधाई दी। यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है जो भारत के वस्त्र निर्यात को नई रफ्तार देगी और इस क्षेत्र में रोजगार व विकास को जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा।

## लंका की सत्तारूढ़ पार्टी ने स्थानीय निकाय चुनावों में जीत हासिल की

**कोलंबो।** लंका के सत्तारूढ़ नेशनल पीपुल्स पावर ने 2025 के स्थानीय निकाय चुनावों में 43.26 प्रतिशत वोट के साथ जीत और 3,927 परिषद सीटें हासिल की हैं। चुनाव आयोग के बुधवार को जारी अंतिम परिणामों के अनुसार, मंगलवार को देशभर में हुए चुनावों में एनपीपी ने द्वीप के 339 स्थानीय सरकारी निकायों में से 266 में अपना दबदबा कायम किया। मुख्य विपक्षी दल समागी जन बालावेगया (एसजेबी) 21.69 प्रतिशत वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रहा, उसने 1,767 सीटें जीती और 13 स्थानीय सरकारी निकायों में आगे चल रहा है। इस बीच, प्रमुख तमिल पार्टी इलंकाई तमिल अरासु काची (आईटीएके) ने 377 सीटें जीती और 37 स्थानीय सरकारी निकायों पर नियंत्रण किया। लंका मुस्लिम कांग्रेस (एसएलएमसी) ने 116 सीटें हासिल की और पांच स्थानीय सरकारी निकायों में आगे रही। चुनाव आयोग के अनुसार, चुनावों के लिए 17,156,338 पंजीकृत मतदाताओं में सक लगभग 60 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया था।

## साइबर सुरक्षाः 3 अरब यूरो का निवेश करेगा स्पेन

**मैड्रिड।** स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज़ ने कहा कि देश के सुरक्षा और रक्षा क्षेत्र के औद्योगिक और तकनीकी आधुनिकीकरण के लिए एक नई योजना के तहत, साइबर सुरक्षा विकसित करने पर लगभग तीन अरब यूरो खर्च करेगा। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने संसद में बताया कि देश की सुरक्षा और रक्षा के लिए एक औद्योगिक व तकनीकी योजना के तहत तीन अरब यूरो साइबर सुरक्षा पर खर्च किए जाएंगे। यह राशि कृत्रिम बुद्धिमत्ता और क्वांटम कंप्यूटिंग पर आधारित साइबर सुरक्षा प्रणालियों को विकसित करने में लगेगी, इसमें स्पेन की अच्छी विशेषज्ञता है। सांचेज़ ने बताया कि स्पेन हर साल बुनियादी ढांचे पर हजार से अधिक साइबर हमलों का सामना करता है।

## इज़रायली हमले में 82 की मौत

### अल-रिमल पड़ोस में एक रेस्तरां व बाजार को बनाया निशाना

**गाजा।** गाजा पट्टी में इजरायली हमलों में बुधवार को कम से कम 82 फलस्तीनी मारे गए एवं कई अन्य घायल हो गए। गाजा में नागरिक सुरक्षा ने यह जानकारी दी है। नागरिक सुरक्षा के प्रवक्ता महमूद बसल के अनुसार गाजा शहर के पश्चिम में अल-रिमल पड़ोस में एक रेस्तरां और घनी आबादी वाले बाजार को निशाना बनाकर किए गए एक इजरायली हवाई हमले में कम से कम 39 लोग मारे गए और 86 अन्य घायल हो गए है। अल-शिफा अस्पताल में इलाज करा रहे 27 वर्षीय इब्राहिम साद ने कहा कि मैंने पहले सीटी सुनी, फिर विस्फोट-मैंने चारों ओर शव पड़े देखे जिनमें दो बच्चे शामिल थे जो कॉफी बेच रहे थे और एक अन्य मकई बेच रहा था। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी अबू सालेह अब्दो ने कहा कि हमला बिना किसी चेतावनी के हुआ। इससे पहले दिन में गाजा शहर के पूर्व में तुफ़ाह पड़ोस में अल-करामा स्कूल पर एक इज़रायली हमले में 19 लोग मारे गए जिनमें से कई विस्थापित नागरिक थे जो शरण की तलाश में थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कूल पर कथित तौर पर दो बार हमला किया गया। प्रवक्ता ने कहा कि अतिरिक्त इज़रायली हवाई हमलों ने एन्क्लेव के विभिन्न हिस्सों में कम से कम 24 और लोगों की जान ले ली। हमास द्वारा संचालित गाजा सरकार के मीडिया कार्यालय ने बुधवार को कहा कि इज़रायली सेना ने 24 घंटे के भीतर नागरिक सुविधाओं पर चार नरसंहार किए। उन्होंने दावा किया कि हमलों का उद्देश्य अधिक से अधिक नागरिक हताहत करना है। इज़रायली सेना ने इन कथित हमलों पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। इस बीच तटीय एन्क्लेव में कई मोर्चों पर आगे बढ़ रहे फलस्तीनी उग्रवादियों और इज़रायली बलों के बीच लड़ाई जारी रही। हमास की सशस्त्र शाखा अल-क़स्साम ब्रिगेड ने अलग-अलग बयानों में कहा कि उसके लड़ाकों ने खान यूनिस और राफ़ा के दक्षिणी शहरों में इज़रायली बलों को निशाना बनाया, जिससे सैनिक हताहत हुए हालांकि कोई विशिष्ट संख्या नहीं बताई गई। इजरायली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई।


## मीडिया के क्षेत्र में चीन के साथ सहयोग मजबूती की ओरः पुतिन

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि मीडिया क्षेत्र में देश का चीन के साथ सहयोग बढ़ रहा है और यह दोनों देशों के बीच व्यापक साझेदारी और रणनीतिक सहयोग का एक महत्वपूर्ण घटक है।

पुतिन ने बुधवार को द बीकन ऑफ द वर्ल्ड और न्यू हिस्टोरिक फ्रंटियर्स फोरम के प्रतिभागियों को अपने शुभकामना संदेश में कहा, मीडिया क्षेत्र में रूसी-चीनी सहयोग बहुत कुशलतापूर्वक और सफलतापूर्वक विकसित हो रहा है। यह मॉस्को और बीजिंग के बीच व्यापक साझेदारी और रणनीतिक सहयोग का दृश्यमान घटक के रूप में कार्य करता है।

## 19वीं सदी के जहाज का मलबा मिला

**कैनबरा।** शोधकर्ताओं ने दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के तट के पास 1857 में डूबे 19वीं सदी के डच व्यापारिक जहाज़ कोनिग विलेम डी ट्वीडे का मलबा खोज लिया है। ऑस्ट्रेलियन नेशनल मैरीटाइम म्यूज़ियम की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक 800 टन का यह डच जहाज़ ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड रश दौर में चीनी प्रवासियों को लाने में शामिल था। यह जहाज 400 से ज्यादा चीन के खनिकों को विक्टोरिया के गोल्डफील्ड पहुंचाने के बाद दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के रोबे कस्बे के पास गीचेन बे में डूब गया था। विज्ञप्ति के अनुसार, 25 क्रू सदस्यों में से सोलह डूब गए और लॉन्ग बीच, रोब के टीलों में दब गए। खोजी टीम ने मरीन मैग्नेटोमीटर और अंडरवाटर मेटल डिटेक्टर की मदद से जहाज़ के विडलास, लकड़ी के तख्ते और हुल के हिस्सों की पहचान की जो अब समुद्र तल के नीचे दबे हैं। मलबे की जगह ऐतिहासिक रिकॉर्ड से मेल खाती है और आसपास किसी अन्य बड़े जहाज़ के डूबने के प्रमाण नही हैं। चुंबकीय आंकड़े जहाज की 42.7 मीटर लंबाई से मेल खाते हैं। मार्च 2023 में, 19वीं सदी की चीनी मिट्टी के बर्तन के टुकड़े मिलने से एक डूबे जहाज की पहचान की पुष्टि हुई है। ऑस्ट्रेलियन नेशनल मैरीटाइम म्यूज़ियम के नेतृत्व में यह खोज अप्रैल 2022 में शुरू हुई थी, जिसमें कई संस्थानों और नीदरलैंड की सरकार ने सहयोग किया। म्यूज़ियम के जेम्स हंटर ने कहा, अब हमें लगभग पूरा यकीन है कि यही वह जहाज है, लेकिन अगर उस पर नाम की घंटी मिल जाए तो यह पूरी तरह स्पष्ट हो जाएगा।



800 टन का यह डच जहाज़ ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड रश दौर में चीनी प्रवासियों को लाने में शामिल था। यह जहाज 400 से ज्यादा चीन के खनिकों को विक्टोरिया के गोल्डफील्ड पहुंचाने के बाद दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के रोबे कस्बे के पास डूब गया था।